आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 27°C |

इनसाइड न्यूज
फर्जी बोर्ड तले खड़ा कॉम्प्लेक्स सहादतगंज में एलडीए की चुप्पी...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 13 सितंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 327 www.janexpresslive.com/epaper



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे-राहुल गांधी जाएंगे... 12

# आज पीएम मोदी जाएंगे मणिपुर

## 8500 करोड़ की देंगे सौगात, दौरे से पहले उपद्रवियों-सुरक्षाबलों में झड़प

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल

पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर दौरे पर जाएंगे। वे यहां 8500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मणिपुर के मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री सबसे पहले मिजोरम से चुराचांदपुर पहुंचेंगे और फिर इंफाल जाएंगे। वहीं पीएम मोदी के दौरे से पहले गुरुवार शाम को कुकी बहुल चुराचंदपुर जिले में दो स्थानों पर उपद्रवियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई।



### 7300 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और 1200 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

मणिपुर के मुख्य सचिव ने कहा कि मणिपुर के समावेशी, सतत और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। जबकि 1200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की 13 सितंबर की मणिपुर यात्रा राज्य में शांति, सामान्य स्थिति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। पीएम मोदी चुराचांदपुर और इम्फाल में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे।

### लंबे समये से हो रही हिंसा, अच्छी बात है अब जा रहे: राहुल गांधी

पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर के दौरे पर जा रहे हैं। राज्य के मुख्य सचिव ने इस बात की पुष्टि कर दी है। ऐसे में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मणिपुर यात्रा पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पीएम मोदी के मणिपुर दौरे का स्वागत करते हुए कहा कि मणिपुर की समस्या काफी समय से चल रही है। अच्छी बात है कि वे अब वहां जा रहे हैं। गुजरात के जूनागढ़ में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मणिपुर में लंबे समय से हिंसा चल रही है। इसमें कोई बड़ी बात नहीं कि पीएम मोदी अब वहां जा रहे है। राहुल गांधी ने वोट चोरी के आरोपों को दोहराते हुए कहा कि अभी देश में सबसे बड़ी समस्या वोट चोरी की है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता ने एक बार फिर अपने वोट चोरी वाले आरोप को दोहराया। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी समस्या वोट चोरी की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र में लोगों का जनादेश चुरा लिया गया। हर जगह लोग कह रहे हैं वोट चोर।

### रमेश ने दौरे को बताया मणिपुर के लोगों का अपमान

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि ये मणिपुर के लोगों का अपमान है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी 29 महीनों से मणिपुर नहीं आए हैं और अब जब आ रहे हैं, तो वह दौरा सिर्फ औपचारिकता लग रहा है। उन्होंने इसे नॉन-विजिट यानी औपचारिक और खोखली यात्रा बताया।

### उपद्रवी और सुरक्षा बलों में झड़प

पीएम मोदी के दौरे से पहले गुरुवार शाम को कुकी बहुल चुराचंदपुर जिले में दो स्थानों पर उपद्रवियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी। उपद्रवियों ने सड़कों पर लगे बैनर और कटआउट फाड़ दिए। वहीं, पियर्सनमुन गांव और फिलियन बाजार में प्रधानमंत्री के दौरे के लिए लगाए गए बैरिकेड्स को भी तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों ने फटे हुए टुकड़ों में आग लगा दी और भागने से पहले सुरक्षाकर्मियों पर पत्थर फेंके। एक जिला अधिकारी ने बताया कि चुराचांदपुर में व्यवस्था और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए अर्धसैनिक बलों द्वारा फ्लैग मार्च और गश्त जारी है।

### मणिपुर में कड़े किए गए सुरक्षा इंतजाम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शनिवार को संभावित मणिपुर दौरे से पहले इंफाल और चुराचांदपुर में सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री के मणिपुर दौरे को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। लेकिन उनके मिजोरम यात्रा के बाद मणिपुर पहुंचने की संभावना है।

### 237 एकड़ में फैले कांगला किले के आस पास जवान तैनात

राज्य में प्रधानमंत्री की यात्रा को लेकर तैयारियां काफी तेजी से चल रही हैं। इंफाल में करीब 237 एकड़ में फैले कांगला किले और चुराचांदपुर के पीस ग्राउंड के आसपास बड़ी संख्या में राज्य और केंद्रीय बलों के जवान तैनात किए गए हैं। वहां पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए एक भव्य मंच का निर्माण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य में कई बैठकें भी आयोजित की जा चुकी हैं। मई 2023 में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद मोदी की यह पहली मणिपुर यात्रा होगी। राज्य में महीनों जारी रही हिंसा में 250 से ज्यादा लोग मारे गए और हजारों बेघर हो गए।

### कांगला किले का चौबीसों घंटे किया जा रहा निरीक्षण

राज्य कर्मचारियों के साथ केंद्रीय सुरक्षा दल कांगला किले का चौबीसों घंटे निरीक्षण कर रहे हैं और राज्य आपदा प्रबंधन बल की नौकाओं को किले के चारों ओर की खाइयों में गश्त के लिए लगाया गया है। 1891 में रियासत के विलय से पहले कांगला किला तत्कालीन मणिपुरी शासकों की सत्ता का प्राचीन केंद्र हुआ करता था। तीन तरफ खाइयों और पूर्वी तरफ इंफाल नदी से घिरा यह किला एक बड़े पोलो मैदान, जंगल, मंदिरों के खंडहर और राज्य पुरातात्विक कार्यालयों से घिरा है।

### जांच में खोजी कुत्तों की ली जा रही मदद

एक केंद्रीय सुरक्षा अधिकारी ने बताया, किसी अवांछित सामग्री का पता लगाने के लिए खोजी कुत्तों और उन्नत उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सुरक्षाकर्मी बारी-बारी से किले के बाहरी इलाके और परिसर में पैदल गश्त कर रहे हैं ताकि किसी भी अवांछित वस्तु या व्यक्ति की जांच की जा सके। किले में पर्यटकों के आने-जाने को प्रतिबंधित कर दिया गया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि अधिकतम अलर्ट जारी कर दिया गया है और उच्च पदस्थ अधिकारियों की निगरानी में निरंतर अभ्यास चल रहा है। स्थिति पर कड़ी नजर रखने के लिए सुरक्षा अधिकारियों की दैनिक बैठकें भी चल रही हैं।

### चुराचांदपुर के पीस ग्राउंड में की गई घेराबंदी

केंद्रीय सुरक्षा अधिकारियों का एक दल पहले ही चुराचांदपुर पहुंच चुका है। पुलिस व अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है और पीस ग्राउंड की ओर जाने वाले मार्ग पर बैरिकेड्स लगा दिए गए हैं। यहां पर प्रधानमंत्री के एक जनसभा को संबोधित करने की उम्मीद है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी संवेदनशील और सीमांत क्षेत्रों में तलाशी अभियान जारी है। सीआरपीएफ ने पहाड़ी और घाटी दोनों जिलों में असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर रोक लगाने के लिए अस्थायी चौकियां स्थापित की हैं।



# सीपी राधाकृष्णन ने ली उपराष्ट्रपति पद की शपथ

## समारोह में धनखड़ भी नजर आए, पीएम मोदी भी रहे मौजूद

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राधाकृष्णन को शपथ दिलाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में 67 वर्षीय राधाकृष्णन को शपथ दिलाई। राजग उम्मीदवार राधाकृष्णन ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराकर उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीत था। 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद 9 सितंबर को नए उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव हुआ था।

### महाराष्ट्र राज्यपाल पद से दिया इस्तीफा

इससे पहले उपराष्ट्रपति चुने जाने के बाद राधाकृष्णन ने महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया था।

### संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया

- 2004 में संसदीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में राधाकृष्णन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया था।
- वह ताइवान जाने वाले पहले संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भी थे।
- 2016 में उन्हें कोच्चि स्थित कॉयर बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया, जहां उन्होंने चार साल तक काम किया। उनके नेतृत्व में भारत से नारियल रेशे के निर्यात रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई थी।

गुरुवार को राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई थी। राष्ट्रपति मुर्मू ने राधाकृष्णन के इस्तीफे के बाद गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। देवव्रत अब दोनों राज्यों के राज्यपाल की जिम्मेदारी संभालेंगे।

# सबसे बड़ी रक्षा डील की तैयारी में भारत सरकार देश को मिल सकते हैं 114 ‘मेक इन इंडिया’ राफेल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



रक्षा मंत्रालय को भारतीय वायुसेना से 114 ‘मेक इन इंडिया’ राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद का प्रस्ताव मिला है। इस सौदे की कीमत दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है। खास बात यह है कि ये विमान फ्रांस की डसॉ एविएशन कंपनी बनाएगी, लेकिन इसमें भारतीय एयरोस्पेस कंपनियों की भी अहम भूमिका होगी। मंत्रालय ने इस प्रस्ताव पर चर्चा शुरू कर दी है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, वायुसेना द्वारा तैयार किया गया ÷स्टेटमेंट ऑफ केस÷ (एसओसी) मंत्रालय को कुछ दिन पहले मिला है। अब इस पर रक्षा मंत्रालय की विभिन्न शाखाएं, जिसमें रक्षा वित्त भी शामिल है, विचार कर रही हैं। अगले चरण में यह प्रस्ताव रक्षा खरीद बोर्ड डीपीबी) और फिर रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) के पास जाएगा।

### सबसे बड़ा रक्षा सौदा

इस प्रस्ताव को अगर मंजूरी मिल जाती है तो यह भारत सरकार का अब तक का सबसे बड़ा रक्षा सौदा होगा। इससे भारतीय रक्षा बलों के पास कुल 176 राफेल विमान हो जाएंगे। फिलहाल भारतीय वायुसेना के पास 36 राफेल हैं और नौसेना ने 26 विमानों का ऑर्डर दिया हुआ है।

### भारतीय वायुसेना की रणनीतिक मजबूती

भारत के सामने चीन और पाकिस्तान से लगातार बढ़ते खतरे को देखते हुए यह सौदा अहम माना जा रहा है। वायुसेना की भविष्य की लड़ाकू विमान संरचना मुख्य रूप से सुखोई-30 एमकेआई, राफेल और स्वदेशी प्रोजेक्ट्स पर आधारित होगी। भारत पहले ही 180 एलसीए मार्क-1ए लड़ाकू विमान ऑर्डर कर चुका है और 2035 के बाद बड़ी संख्या में पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी विमानों को भी शामिल करने की योजना बना रहा है।

### रक्षा उद्योग के लिए बड़ा मौका

अगर यह सौदा सिरे चढ़ता है तो यह भारतीय रक्षा उद्योग के लिए ऐतिहासिक अवसर साबित होगा। इससे न सिर्फ तकनीक का हस्तांतरण होगा, बल्कि भारतीय कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती भी मिलेगी। साथ ही, भारत में एयरोस्पेस सेक्टर में रोजगार और निवेश के नए अवसर पैदा होंगे।

स्वदेशीकरण और एमआरओ सुविधा ‘मेक इन इंडिया’ राफेल विमानों में 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशीकरण शामिल होगा। फ्रांस की डसॉ कंपनी हैदराबाद में राफेल इंजनों (M-88) के लिए मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहाल (एमआरओ) सुविधा स्थापित करने की योजना बना रही है। भारतीय कंपनियां जैसे टाटा भी इस उत्पादन प्रक्रिया में भाग लेंगी।

# नरेंद्रनगर पहुंचे मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र राम गुलाम

- उत्तराखंड प्रवास के पहले दिन हुआ भव्य स्वागत, छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स ने किया स्वागत

जन एक्सप्रेस। देहरादून

मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र राम गुलाम अपने चार दिवसीय उत्तराखंड प्रवास पर शुक्रवार को देहरादून पहुंचे। उनके आगमन पर एयरपोर्ट से लेकर नरेंद्रनगर तक भव्य स्वागत किया गया। रास्ते में स्कूली बच्चों, एनसीसी कैडेट्स और आम लोगों ने हाथ हिलाकर और बैंड की धुनों पर उनका अभिनंदन किया।

### अधिकारियों ने किया स्वागत

डॉ. राम गुलाम दोपहर करीब 3 बजे विशेष विमान से जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे, जहां पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, डीजीपी दीपम सेठ, डीएम सविन बंसल और एसएसपी अजय कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका औपचारिक स्वागत किया। एयरपोर्ट से नरेंद्रनगर तक के सफर के दौरान इंद्रमणि बडोनी चौक पर विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स ने स्कूल और एनसीसी बैंड के साथ जोशीला स्वागत किया। छात्र हाथों में तिरंगा और फूल लिए प्रधानमंत्री का जोश और उत्साह के साथ स्वागत करते नजर आए।




### सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम, कई इलाके घोषित किए गए जीरो ज़ोन

प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए थे। एयरपोर्ट से ढालवाला और ढालवाला से नरेंद्रनगर तक का क्षेत्र जीरो ज़ोन घोषित किया गया था। इस दौरान करीब 30 मिनट तक ट्रैफिक को रोका गया, और केवल विशेष सुरक्षा वाहनों को ही आवाजाही की अनुमति दी गई।

### 15 सितंबर तक उत्तराखंड में रहेंगे प्रधानमंत्री

बताया गया है कि प्रधानमंत्री डॉ. राम गुलाम 15 सितंबर तक उत्तराखंड में प्रवास करेंगे। इस दौरान वह कई धार्मिक, सांस्कृतिक और आधिकारिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

# टीएएसएल ने इंद्रा के साथ मिलकर बनाया 3डी वायु निगरानी रडार, अब हवा में ही ढेर हो जाएंगे दुश्मन



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने नौसेना को स्वदेशी 3डी वायु निगरानी रडार (3डी-एएसआर) सौंप दिया है। इसे नौसेना के युद्धपोत पर लगाया गया है। यानी अब हवा में ही दुश्मन ढेर हो जाएंगे। कंपनी के अनुसार पहली बार लांजा-एन रडार स्पेन के बाहर चालू होगा। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने इंजीनियरिंग क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इंद्रा के साथ मिलकर उन्नत नौसैनिक वायु निगरानी रडार बनाया है। इसे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा। टीएएसएल ने कहा कि 3डी वायु निगरानी रडार निर्माण के साथ वह अगली पीढ़ी के नौसैनिक निगरानी रडार सिस्टम निर्माण और एकीकरण की क्षमता प्रदर्शित करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। उसने इंद्रा के साथ मिलकर नौसेना के एक युद्धपोत पर पहला 3डी-एएसआर-लांजा-एन सफलतापूर्वक स्थापित कर चालू किया। यह उपलब्धि भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसमें सिस्टम एकीकरण और संयोजन में अहम स्थानीयकरण है। रडार को नौसेना के इस युद्धपोत की सभी प्रणालियों के साथ सहजता से एकीकृत किया गया है। कंपनी ने कहा, इसकी स्वीकृति और प्रेरण के लिए कठोर समुद्री परीक्षण किए गए, जिसके दौरान रडार क्रॉस-सेक्शन की एक श्रृंखला में प्रदर्शन का परीक्षण करने के लिए विभिन्न नौसैनिक और हवाई प्लेटफार्मों को तैनात किया गया। इंद्रा की नौसेना व्यवसाय इकाई की प्रमुख एना बुएंडिया ने कहा, यह परियोजना बड़ी संख्या में जहाजों के लिए रडार की आपूर्ति और तैनाती से कहीं आगे तक जाती है। इससे हमें टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ महत्वपूर्ण सहयोग स्थापित करने में भी मदद मिली है, जिसके साथ हमने बेंगलुरु में एक रडार फैक्ट्री स्थापित करने के लिए काम किया है। ब्यूंडिया ने कहा, इससे अब हमें सिस्टम का अधिक कुशलता से उत्पादन करने और ग्राहक को अधिक निकट सेवा देने के लिए स्थानीय समर्थन मिलेगा।

### डिलीवरी में तेजी आने का दावा

औकंपनी का कहना है कि उत्पादन को समर्थन देने के लिए कर्नाटक में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की सुविधा में एक रडार असेंबली, एकीकरण और परीक्षण सुविधा पहले ही स्थापित की जा चुकी है, जिससे डिलीवरी में तेजी आएगी। टीएएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा, इंद्रा के साथ हमारा सहयोग भारत में रडार निर्माण क्षमताओं को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जमीनी स्तर पर तालमेल, तकनीकी विशेषज्ञता और एक मजबूत स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला का लाभ उठाकर हम उन्नत रक्षा तकनीकों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहे।

# सीबीआई ने बरामद की 10 से ज्यादा फर्जी एफडीआर फेक गारंटी जमा करने का केस होगा दर्ज

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ स्थित उत्तर रेलवे तथा पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल कार्यालय व वाराणसी में पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल कार्यालय का औचक निरीक्षण करने के दौरान सीबीआई ने 10 से ज्यादा फर्जी सावधि जमा रसीद (एफडीआर) बरामद की हैं। सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच की टीमों ने बृहस्पतिवार देर रात तक रेलवे के तीनों कार्यालयों को खंगालने के बाद फर्जी एफडीआर समेत तमाम संदिग्ध दस्तावेज अपने कब्जे में लिए हैं, जिनको टेंडर हासिल करने के लिए जमा कराया गया था। सीबीआई को रेलवे के टेंडर हासिल करने के लिए फर्जी एफडीआर जमा करने की शिकायतें मिली थीं, जिसके बाद तीनों कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर जांच की गई थी। सूत्रों के मुताबिक जांच में रेलवे द्वारा जमा कराई जाने वाली बैंक गारंटी के बदले फर्जी एफडीआर लगाने के अलावा फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र भी जमा करने के सुराग मिले हैं। इसी वजह से सीबीआई ने सभी दस्तावेजों को कब्जे में लिया है। अब इन दस्तावेजों का संबंधित बैंकों और विभागों से सत्यापन कराया जाएगा, जिसके बाद फर्जीवाड़ा करने वाली कंपनियों, फर्मों के साथ रेलवे के अफसरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। खासकर वाराणसी में गतिशक्ति प्रोजेक्ट के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्यों का टेंडर हासिल करने के लिए बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा होने के पुख्ता सुराग हाथ लगे हैं।

# 15 सितंबर से शुरू हो सकती है मानसून की वापसी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 15 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से वापसी शुरू कर सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून को केरल से प्रवेश करता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। लेकिन इस बार मानसून ने समय से पहले दस्तक दी थी। देश में अब तक मानसून के मौसम में 778.6 मिलीलीटर की सामान्य बारिश के मुकाबले 836.2 मिलीलीटर बारिश हुई है, जो 7 प्रतिशत अधिक है। मानसून आमतौर पर एक जून तक केरल में दस्तक देता है और आठ जुलाई तक पूरे देश में फैल जाता है।

# उद्यमियों को लोन न देने वाले बैंकों पर होगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। बरेली

देश के विकास में उद्यमिता की अहम भूमिका है। देश के करोड़ों परिवारों का भरण पोषण उद्यमी कर रहे हैं। सरकार उद्यमियों के विकास का प्रयास कर रही है। जो बैंक उद्यमियों को लोन नहीं दे रहे, उनके यहां वन विभाग की एफडी निकालेंगे। ऐसे बैंकों की सूची जिलाधिकारी दें। देश में नवाचार से औद्योगिक विकास और संभावित चुनौतियों पर मंथन के लिए शुक्रवार को बरेली के अर्बन हाट ऑडिटोरियम में अमर उजाला की ओर से एमएसएमई फॉर भारत कॉन्क्लेव में ये हिदायत उत्तर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि बैंक लोन के आवेदन क्यों निरस्त कर रही हैं। जबरन निरस्तीकरण पर कार्रवाई होगी। वन मंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं जिनमें बैंक से लोन या सब्सिडी के मामले हैं, जिलाधिकारी उनकी सूची तैयार करें। ताकि सुनवाई हो सके।

# सनातनधर्मियों ने 500 साल तक अपनी आस्था के लिए संघर्ष किया: सीएम योगी



जन एक्सप्रेस। अयोध्या

मॉरीशस के प्रधानमंत्री को अयोध्या एयरपोर्ट से विदा करने के बाद दोबारा अयोध्या धाम पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जगदगुरु रामानंदाचार्य के रामघाट स्थित हरि गोपाल धाम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुझे एक बार फिर अयोध्या धाम की पावन धरा पर नमन करने का अवसर मिला है। अभी मॉरीशस के प्रधानमंत्री एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम का दर्शन के लिए आए थे। दर्शन के उपरांत वह यहां से प्रस्थान किए हैं उनके द्वारा इस बारे में जानकारी ली जा रही थी कि कितने वर्षों के बाद अयोध्या में राम मंदिर का फिर से निर्माण हो पाया है तब हमने बताया कि 500 वर्ष लग गए हैं। 500 वर्षों तक कोई एक धर्म लगातार सम विषम परिस्थितियों में अपनी आस्था के लिए संघर्ष करें और अंततः प्राप्त करें यह अयोध्या में आज रामलाल के भव्य मंदिर और रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम से अयोध्यावासियों ने और सनातन धर्मियों ने करके दिखाया है। ये लोग बस यही कहते थे कि रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन पूज्य संतों की साधना और संघर्ष का परिणाम अयोध्या में भव्य राम मंदिर के रूप में हम सबको देखने को मिल रहा है। आज उन सभी संतो की आत्मा को शांति का अनुभव हो रहा होगा।

# बांदा जेल के अंदर अवैध वसूली का बड़ा खेल?

- व्यवस्थाओं के नाम पर अवैध वसूली।
- हजार से लेकर लाखों की वसूली।

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




आपको बताते चलें कि मामला जिले में स्थित मंडल जेल का है।जहां मुखूतार अंसारी से लेकर अतीक व पश्चिम के बड़े बड़े अपराधी बंद रहे हैं। और बीते वर्ष पूर्व में जेल सुप्रीटेंडेंट के ऊपर शासन ने कार्यवाही भी है। लेकिन जो अधिकारी जनपद के मंडल कारागार आता है वो भ्रष्ट हो जाता है।अभी ताजा मामला कल जन एक्सप्रेस की टीम जेल में बंद कुछ परिजनों से मिली तो इन्होंने नाम न लिखने की शर्त पर संवाददाता को बताया कि अभी हमारे दो रिश्तेदार एक मामले में जेल भेजे गए हैं। जहां जेल प्रशासन ने उनसे कमान कटाने के नाम पर प्रति व्यक्ति से 3700 रूपये की अवैध मांग की गयी।और दोनों व्यक्तियों से 7400 रूपये वसूले गए। और एक महीने भी नहीं बीते हमने दस हजार रुपए अन्य भेजे जो जेल में व्यवस्थाओं पर खर्च हुए।जेल प्रशासन काम कराने के नाम पर अवैध वसूली करता है।जिसका खमियाजा यहां की गरीब व अनपढ पब्लिक को झेलना पड़ता है।और जन एक्सप्रेस की टीम को सूत्रों के हवाले से पता चला है कि जेल में बंद सजायाफ्ता कैदी रूपये के दम पर काम नहीं करते न ही उनसे काम कराया जाता बल्कि रूपये लेकर उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।जैसा व्यक्ति आया वैसा उसका रेट तय कर उससे वसूली भी उसी तरह की की जाती है।जेल में ऐसे भी लोग बंद हैं जिनका जिला न्यायालय से कोई मुकदमा भी लंबित नहीं है फिर भी उन्हें सेंट्रल या बड़ी जेल नहीं भेजा जाता।

**जल्द ही अगले अंक में पढिए पूरी रिपोर्ट....**

# बांदा पुलिस ने पेश की मानवता की मिशाल

- लखनऊ की रहने वाली
- लगभग पांच माह से घर से भटकी मानसिक रूप से मंद महिला
- परिजनों की पहचान कर किया गया सुपुर्द
- परिजनों ने पुलिस को हृदय से दिया धन्यवाद

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा संवेदनशीलता एवं मानवता की एक अनोखी मिशाल पेश की गई। गौरतलब हो कि दिनांक 08सितम्बर को थाना तिन्दवारी क्षेत्र अंतर्गत सेमरी-भुजौली लिंक रोड के पास एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला बरामद हुई। थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा उक्त महिला को अभिरक्षा में लेकर आवश्यक देखभाल एवं भोजन की व्यवस्था कराई गई तथा उसके परिजनों की खोज हेतु प्रयास प्रारम्भ किए गए। महिला द्वारा बताए गए अस्पष्ट पतों का गहन सत्यापन चौकी प्रभारी कुरसेजा रोशनी सेंगर द्वारा कराया गया।जांचोपरांत यह तथ्य प्रकाश में आया कि महिला रेनू पुत्री हरिशंकर निवासी राजेंद्र नगर थाना नाका हिंडोल जनपद लखनऊ की रहने वाली है। परिजनों से दूरभाष पर सम्पर्क करने पर ज्ञात हुआ कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ है तथा लगभग पांच माह पूर्व घर से लापता हो गई थी। इस संबंध में थाना नाका हिंडोला लखनऊ में गुमशुदगी दर्ज थी। दिनांक 12सितम्बर को महिला के परिजन थाना तिन्दवारी उपस्थित हुए। विधिक एवं औपचारिक कार्यवाही पूर्ण करने उपरांत पुलिस टीम द्वारा महिला को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों द्वारा थाना तिन्दवारी पुलिस टीम के इस संवेदनशील एवं मानवीय प्रयास हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

# शमशान के लिए भटकता गांव

- अतराहट की चिता अब भी खेतों में जलती है।
- श्रीराम प्रजापति बोले यह सुविधा की नहीं,संवेदना की लड़ाई है

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



शुक्रवार को ग्राम पंचायत अतराहट ब्लॉक तिंदवारी तहसील पैलानी में आज़ादी के 75 साल बाद भी श्मशान जैसी बुनियादी सुविधा न होना ग्रामीणों के लिए एक बड़ी पीड़ा बन चुका है।इस गंभीर विषय पर जन जागरूकता लाते हुए।

जनता दल यूनाइटेड दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्रीराम प्रजापति ने जिलाधिकारी को एक मांगपत्र सौंपा।जिसमें गाँव में मुक्तिधाम के तत्काल निर्माण की माँग की गई है।ज्ञापन में कहा गया है कि अतराहट के ग्रामीणों को आज भी अपने स्वजन का अंतिम संस्कार खेतों, रास्तों के किनारे या अन्य अस्थायी स्थलों पर करना पड़ता है। यह न केवल मानवीय गरिमा के विरुद्ध है, बल्कि प्रशासनिक उपेक्षा का प्रतीक भी बन चुका है। श्रीराम प्रजापति का ने कहा है कि यह केवल एक सुविधा की मांग नहीं है। यह संवेदनाओं का सवाल है।

जब किसी अपने का निधन होता है,तो परिवार को शोक के साथ यह भी सोचना पड़ता है कि उसे कहाँ जलाया जाए।यह हमारी संस्कृति और संविधान दोनों का अपमान है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि ग्राम पंचायत अतराहट में मुक्तिधाम हेतु भूमि चयन, बजट स्वीकृति और निर्माण प्रक्रिया को तत्काल प्राथमिकता पर शुरू कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को यह अपमानजनक स्थिति और न झेलनी पड़े।

# जल शक्ति राज्य मंत्री ने सर्किट हाउस में की विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक



- क्षेत्र में लगातार सामने आ रही
- विद्युत आपूर्ति की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए दिऐ स्पष्ट निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने सर्किट हाउस में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विद्युतीकरण से वंचित ग्रामों/मजरों में विद्युतीकरण हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। जहाँ कहीं क्षमता वृद्धि की आवश्यकता है,जर्जर तार को बदलने या पोल टूटा हो तो तत्काल बदले जाएं साथ ही ट्रांसफॉर्मर के उच्चीकरण और रिपेयरिंग पर खास ध्यान देने तथा उस पर तत्काल प्रभाव से कार्य शुरू किया जाए। बिना पूर्व सूचना के बिजली कटौती किसी भी स्थिति में न की जाए,साथ ही, गांवों में स्थायी समाधान हेतु कार्ययोजना बनाई जाए। आमजन को हो रही कठिनाइयों का प्राथमिकता के साथ तुरंत समाधान हो और स्मार्ट मीटर में हो रही गड़बड़ी को दूर किया जाये तथा सभी लंबित समस्याओं का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जल शक्ति मंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए विद्युत आपूर्ति को स्थायी, सुचारु और जवाबदेह बनाया जाए, ताकि आमजन को बिना किसी परेशानी के निर्बाध बिजली मिलती रहे।

## पूर्व सांसद ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने शुक्रवार को शंकर बाजार कर्वी चित्रकूट में पंजाब एंड सिंध बैंक का कस्टमर मीट सेचुरेशन कैंप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आंचलिक प्रबंधक कमल नयन, जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल राजीव अग्रवाल, जिला मंत्री गुलाब गुप्ता, प्रदेश मंत्री व्यापार मंडल ओम केशरवानी, रिशु मिश्रा, आशीष सिंह, किशोर सौरभ आदि मौजूद रहे।

# राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की छात्राओं ने राज्य स्तर पर हासिल किया तीसरा स्थान



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय स्थित राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की छात्राओं ने राज्य स्तरीय राष्ट्रीय भूमिका निर्वाह एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता में तीसरा स्थान पाकर जिले का नाम रोशन किया है। प्रयागराज में संपन्न हुई प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें जिला मुख्यालय स्थित राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में जिले की नोडल अधिकारी राधा सिंह ने बताया कि एक दिवसीय राज्य स्तरीय राष्ट्रीय भूमिका निर्वाह एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता बीते 11 सितंबर को प्रयागराज स्थित राज्य शिक्षा संस्थान में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 18 जिलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें राज्यकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी की छात्राओं ने व्यक्तिगत सुरक्षा (शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक तथा लैंगिक) विषय पर रोल प्ले की प्रस्तुति की।

## जनपद की रैंकिंग में सुधार के लिए सभी विभाग करें प्रयास

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट।** सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें सीडीओ ने विकास कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने पर दुग्ध विकास अधिकारी का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत जिन बिंदुओं पर प्रगति ठीक नहीं है, उसमें सुधार कराएं ताकि जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे। यूपी नेडा को निर्देश दिए की पीएम सूर्यघर योजना प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्रमुख योजनाओं में से एक है।

इसमें लाभार्थियों से वार्ता कर लक्ष्य के अनुरूप सोलर पैनल लगवाएं, जिससे कि लक्ष्य के अनुरूप प्रगति हो सके। उन्होंने वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वह अपने विभागों से संबंधित कर्मचारियों से जूम मीटिंग के माध्यम से वार्ता कर अधिक से अधिक सोलर पैनल लगवाएं। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि सभी सरकारी एवं प्राइवेट शिक्षकों से भी वार्ता कर पीएम सूर्यघर योजना को बढ़ावा दें।

बैठक में दुग्ध विकास अधिकारी के अनुपस्थित पाए जाने पर सीडीओ ने एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी भूपेश द्विवेदी, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा डीएन पांडेय सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भारत रत्न संत विनोबा भावे के जय जगत के नारे को साकार करेगा चित्रकूट लोक नीति विचार मंच

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




भारत रत्न संत विनोबा भावे के 131वें जन्मदिन के अवसर पर चित्रकूट लोक नीति विचार मंच ने चिंतन गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें जय जगत बनाम एक पृथ्वी एक परिवार की परिकल्पना को साकार करने में आने वाली चुनौतियों और समाधान पर चिंतन किया गया। सेवा आश्रम में आयोजित चिंतन गोष्ठी की अध्यक्षता साहित्यकार एवं कवि हनुमान प्रसाद निर्मल ने की। वरिष्ठ समाजसेवी पुरुषोत्तम ने कहा कि संत विनोबा भावे ने 1952 में भूदान यज्ञ के लिए गांव-गांव पदयात्रा कर रहे थे। आजादी के तुरंत बाद ही भारत में भूमि की असमानता को लेकर एक वर्ग संघर्ष पैदा हो गया था। जिसमें भूमि समाज भूमि धारकों की हत्या करने लगा था और यह कलंक स्वतंत्र भारत के लिए सबसे बड़ा धब्बा था। सरकार समाधान करने में असफल रही। जिसके बाद भूमि धारकों के बीच विनोबा ने खड़े होकर प्रार्थना करते हुए निवेदन किया और उनकी प्रार्थना को बड़े-बड़े जमीदारों ने सुना अपनी जमीनें दान की। वहीं से भूदान यज्ञ आंदोलन शुरू हुआ। सामाजिक चिंतक राम मनोहर वर्मा ने कहा कि जय जगत और एक पृथ्वी एक परिवार यह दोनों नारे मानवता की रक्षा के लिए सबसे बड़ा मंत्र है। समाजशास्त्री शिक्षक कवि दिनेश चौहान ने कहा कि भारत की संस्कृति और सभ्यता इन दोनों के बीच बहुत बड़ी खाई पैदा हो चुकी है, जिसका सबसे बड़ा कारण बाजारवाद है। चित्रकूट के कवि भाई हबीब ने कहा कि संत विनोबा भावे ने अमीरी-गरीबी के भेद के लिए 13 साल तक अनवरत पैदल यात्रा कर समाज के हर वर्ग के बीच जो संवाद पैदा किया और छोटी बड़ी जातियों के बीज समरसता के बीच बोये, उसकी आज बहुत जरूरत है। साहित्यकार कवि अख्तर फराज ने कहा कि सरकार गरीब किसानों की जमीनों को कंपनियों के हवाले करने के लिए अगुवाई करती है। सामाजिक कार्यकर्ता अभिमन्यु भाई ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने आजादी के 100 वर्ष बाद यानी 2047 में भारत कैसा दिखना चाहिए।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की मासिक बैठक पंचवटी आश्रम में सम्पन्न

- जिला अध्यक्ष श्री राम सिंह कछवाह की अध्यक्षता में हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




बैठक की शुरु होने से पूर्व परंपरा के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया तत्पश्चात प्रार्थना के साथ बैठक प्रारंभ हुई। मासिक बैठक में महासभा के महीने भर के कार्यों के विस्तृत चर्चा हुई साथ ही संगठन के मजबूती के लिए अधिक से अधिक संख्या में क्षत्रिय बन्धुओं को जोड़े, प्रस्तावित छात्रावास निर्माण हेतु निधि संकलन में प्रभावी तरीके से कार्य करने की जरूरत है, जैसा कि पिछले माह मोहल्लों मोहल्लों में घर घर जाकर निधि संकलन किया गया है।

बैठक का संचालन -पी के सिंह (मीडिया प्रभारी) ने किया और सभी का आभार जिला अध्यक्ष श्रीराम सिंह कछवाह (सिंधन कला) ने किया, कल्याण मंत्र के साथ बैठक का समापन किया गया। बैठक में रमजोर सिंह चंदेल (संरक्षक), राम सिंह कछवाह सिंधन कला (अध्यक्ष), पी के सिंह (मीडिया प्रभारी) रणजीत सिंह (उपाध्यक्ष), राम नरेश सिंह कछवाह उपाध्यक्ष, शिव पूजन सिंह चंदेल, शिव शरण सिंह, राम जीवन सिंह गौतम,अभिषेक सिंह, राजेश सिंह (ब्लाक अध्यक्ष बड़ोखर), रोहित सिंह कछवाह, धनंजय प्रताप सिंह, बलबीर सिंह आदि शामिल रहे।

# ड्रोन उड़ते देखे जाने और चोर गिरोह की चहलकदमी पूरी तरह कोरी अफवाह: पुलिस कप्तान

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



जिले के कई थाना क्षेत्रों में कुछ लोगों के जरिये ड्रोन उड़ते हुये देखे जाने के साथ ही अंजान चोर गिरोह के घूमने की झूठी और गलत अफवाह फैलाकर लोगों में डर का माहौल पैदा किया जा रहा है। इन अफवाहों से लोगों के अन्दर अंजाना सा डर साफ नजर आ रहा है। हालांकि हकीकत तो ये है कि, किसी ने अपनी आँखों से न तो ड्रोन उड़ते देखा है, और न ही किसी को कहीं कोई चोर गिरोह नजर आया है, इसके बावजूद लोग सिर्फ एक दूसरे की बातों को सुनकर बिना हकीकत जाने तरह तरह की कहानियाँ बनाने में लगे हुये हैं। जिस्से लोगों में बेवजह शक पैदा हो रहा है। हमीरपुर पुलिस कप्तान दीक्षा शर्मा ने इस मामले में बताया कि ड्रोन उड़ते देखे जाने के साथ ही चोर गिरोह की चहलकदमी की बातें लोगों से पूछे जाने पर, अबतक की पुलिस जांच में सिर्फ कोरी अफवाह साबित हुई हैं, जबकि न तो किसी ने अपनी आँखों से कहीं ड्रोन उड़ते हुये देखा है, और न ही किसी ने कोई चोर गिरोह को टहलते हुये देखा है। बस सिर्फ एक दूसरे से सुनकर ही बिना सच्चाई जाने बात को आगे बढ़ा दिया गया है। जो कानूनन जुर्म है। पुलिस कप्तान ने लोगों से अपील करते हुये कहा कि, सुनी सुनाई बातों से किसी को डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि अगर किसी को अफवाह फैलाते पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायगी। क्योंकि अफवाहों से समाज में डर का माहौल पैदा होता है। साथ ही कानून व्यवस्था को नुकसान पहुंचता है। जबकि किसी को भी अगर कहीं कोई ड्रोन उड़ता दिखे, या चोर गिरोह नजर आये, तो बिना डरे पूरी जानकारी पुलिस को दें।

## बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करने के लिए जल्द उपलब्ध कराई जाए जमीन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने उपजिलाधिकारी कर्वी से मुलाकात कर नगर पालिका क्षेत्र के आसपास संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा, पार्क एवं हॉल निर्माण के लिये जमीन उपलब्ध कराने के लिए पत्र सौंपा। गौरतलब है सदर विधायक अनिल प्रधान विधानसभा के द्वितीय के दौरान बीती 11 अगस्त को नियम-51 के तहत सदन में यह मामला उठाया था। जिसमें उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र कर्वी अथवा उसके आस-पास पार्क व हॉल का निर्माण कर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए जमीन उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। नियम-51 के जवाब में शासन को जो रिपोर्ट भेजी गई, उसमें मंत्री द्वारा जवाब दिया गया कि नगर पालिका क्षेत्र या पालिका स्वामित्व की कोई भूमि उपलब्ध नहीं है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचकर अपने उलझे हुये मामलों को सुलझाने का फायदा उठायें

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

आज ग्यारह बजे से जिला अदालत मीटिंग हाल में राष्ट्रीय लोक अदालत मेगा लीगल कैम्प की ओपनिंग इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खण्ड पीठ के स्कालर जज सैय्यद कमर हसन रिजवी करेंगे। इस मौके पर शासन की तरफ से चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की पब्लिसिटी और प्रसार के लिये जिला अदालत कैम्पस में स्टॉल लगाये जायेगें। इस मौके पर योजनाओं के बारे में सभी नगरवासी स्टॉल के जरिये पूरी जानकारी ले सकते है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह के लायक गुनाह के मामले, पुलिस चालानी मामले, लघु आपराधिक मामले, फाईनल रिपोर्ट, 138 एन0 आई0एक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर मामले, वैवाहिक मामले, भरण-पोषण मामले, श्रम मामले, विक्रय कर एवं आयकर के मामले, सिविल मामले, किरायेदारी से जुड़े मामले, बैंक वसूली से जुड़े मामले, उत्तराधिकार मामले, बिजली एक्ट के मामले, आर0टी0ओ0 चालान के मामले, नगर पालिका से जुड़े मामले, बांटमाप से जुड़े मामले, रेलवे से जुड़े मामले, वन विभाग से जुड़े मामले, नहर विभाग से जुड़े मामले, सेवा एवं पेंशन से जुड़े मामले, प्राकृतिक आपदा और क्षतिपूर्ति के मामले, मनोरंजन विभाग से जुड़े मामले साथ ही आरबीट्रेशन के मामले इस लोक अदालत में डिस्पोजल कराये जा सकते है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि इस मौके पर ज्यादा से ज्यादा तादाद में पहुंचकर लोक अदालत का फायदा उठाते हुये आयोजन को कामयाब बनायें।

# संयुक्त टीम बनाकर कराएं लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली: डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



कर-करेत्तर एवं सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने वाणिज्य कर, आबकारी, परिवहन, स्टांप, खनन आदि विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि वे निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कर एवं करेत्तर की वसूली में तेजी लाएं। कहा कि राजस्व संग्रहण शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कुछ विभागों द्वारा अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी और आगामी दिनों में वसूली में सुधार लाने के निर्देश दिए। कहा कि तहसीलदार, नायब तहसीलदार व पुलिस की टीम संयुक्त रूप से अभियान चलाकर लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली कराएं। कहा कि खनन विभाग की आरसी तहसील कर्वी के अंतर्गत अधिक है, इसमें वसूली कराएं। डीएम ने लंबित बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही आम जनता को कर जमा करने में कठिनाई न हो, इसके लिए जनसुविधा केंद्रों एवं ऑनलाइन पोर्टल्स को सक्रिय रूप से उपयोग में लाने को कहा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नामांतरण, आय-जाति, खसरा-खतौनी अपडेट, ई-गवर्नेंस सेवाओं की स्थिति आदि जिस संबंधित पटल से है, उसका समय से निस्तारण कराएं।

कहा कि मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश है कि प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयसीमा में निस्तारण कराए एवं शिकायत निवारण प्रणाली की नियमित मॉनिटरिंग करें। सीएम डैशबोर्ड एक पारदर्शी और उत्तरदायी शासन व्यवस्था का माध्यम है।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शनिवार, 13 सितंबर, 2025






### अगस्त में फिर बढ़ी खुदरा महंगाई...

अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 2.07 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 1.61 प्रतिशत थी। इसका मुख्य कारण सब्जियों, मांस और मछली की कीमतों में वृद्धि है। शुक्रवार की ओर से जारी सरकारी आंकड़ों में यह बात कही गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक... पढ़ें पेज 12 पर...

# फर्जी बोर्ड तले खड़ा कॉम्प्लेक्स सहादतगंज में एलडीए की चुप्पी क्यों?

## जोनल अधिकारी रविनदंन सिंह सवालों से भागे, जनता में आक्रोश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सहादतगंज (जोन-7) में बन रहे बहुमंजिला व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स ने पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। बाहर टंगे बोर्ड पर लिखा है मानचित्र-परमिट संख्या पीआरएसएनएल/एलडीए/बीपी/25-26/1026 दिनांक 26 जून 2025। लेकिन पड़ोसी दुकानदार, स्थानीय निवासी और व्यवसायी इसे एक स्वर में फ्फर्जीफ्र बता रहे हैं। जनता का कहना है कि यह बोर्ड महज़ कागज़ी ढाल है, जिसे लगाकर जनता को भ्रमित किया जा रहा है और निर्माण को वैध साबित करने का नाटक किया जा रहा है। लोगों का गुस्सा साफ झलक रहा है अगर परमिट असली है तो सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा, और अगर नकली है तो कार्रवाई क्यों नहीं?







### सरकार की साख दांव पर

- यह मामला सिर्फ एक इमारत का नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की साख का है।
- अगर सरकार और एलडीए ने अब भी कार्रवाई नहीं की, तो सहादतगंज का यह कॉम्प्लेक्स उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार, मिलीभगत और दोहरी नीति का जीता-जागता उदाहरण बन जाएगा।

### जनता अब सिर्फ एक सवाल पूछ रही है

- क्या कानून सचमुच सब पर बराबर लागू है या सिर्फ कमजोरों पर भारी?
- जन-एक्सप्रेस साफ कहता है अब बचाव नहीं, कार्रवाई चाहिए।

### शासन से सीधे सवाल

1. क्या उक्त परमिट नंबर एलडीए के रिकॉर्ड में दर्ज है?
2. अगर दर्ज है तो जनता से छुपाया क्यों जा रहा है?
3. अगर नकली है तो फर्जी बोर्ड लगाने वालों पर एफआईआर क्यों नहीं?
4. जोनल अधिकारी रविनदंन सिंह ने जवाब देने से इंकार क्यों किया?
5. अगर नक्शा पास हुआ तो किन मानकों पर? सड़क, पार्किंग, फायर सेफ्टी सब सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा?
6. क्या नई भवन उपविधि-2025 सिर्फ गरीबों पर लागू है और बड़े बिल्डरों पर नहीं?

### स्थानीय निवासियों की गवाही

जन एक्सप्रेस से बात करते हुए स्थानीय लोगों ने साफ कहा, यह बोर्ड पूरी तरह नकली है, नंबर भी गलत है। संकरी गली में इतना बड़ा कॉम्प्लेक्स कैसे पास हो सकता है? यह सीधे-सीधे नियमों की हत्या है। एलडीए गरीबों पर कार्रवाई में माहिर है, लेकिन अमीरों पर चुप्पी साबित करती है कि अंदरखाने कोई खेल चल रहा है। इन आरोपों को नज़रअंदाज़ करना अब मुश्किल है।

### जमीनी हकीकत: नियमों की खुली धज्जियाँ

- भवन निर्माण उपविधि-2025 के अनुसार व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स पास होने के लिए कुछ कठोर मानक हैं
- सड़क की चौड़ाई कम से कम 24 मीटर होनी चाहिए।
- पर्याप्त पार्किंग का इंतज़ाम अनिवार्य है।
- अग्नि सुरक्षा और दूरी संबंधी मानक पूरे होने चाहिए।
- लेकिन सहादतगंज का यह कॉम्प्लेक्स इन शर्तों पर कहीं से भी खरा नहीं उतरता।
- सड़क बेहद संकरी है, जहां एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड तक नहीं घुस पाएगी।
- पार्किंग की जगह शून्य है, जिससे आसपास का इलाका और ज्यादा जामग्रस्त होगा।
- अग्नि सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं दिखता, जिससे हादसे की स्थिति में दर्जनों जिंदगियां खतरे में पड़ सकती हैं।
- साफ है कि यह निर्माण नियमों का मजाक बना रहा है और एलडीए आंख मूंदे बैठा है।

### जन-एक्सप्रेस की मांग

- उक्त परमिट नंबर की स्वतंत्र जांच और ऑडिट रिपोर्ट तुरंत सार्वजनिक की जाए।
- सहादतगंज कॉम्प्लेक्स पर तत्काल स्टे ऑर्डर लगाया जाए और निर्माण रोका जाए।
- फर्जी बोर्ड लगाने वाले बिल्डर और संरक्षण देने वाले अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी हो।
- जोनल अधिकारी रविनदंन सिंह की भूमिका की स्वतंत्र जांच और निलंबन किया जाए।
- सरकार यह स्पष्ट करे कि नया भवन-नियम सब पर समान रूप से लागू होगा।

### जोनल अधिकारी का रवैया टालमटोल और चुप्पी

जन एक्सप्रेस संवाददाता ने जब जोनल अधिकारी रविनदंन सिंह से इस परमिट की हकीकत पूछी, तो उनका जवाब न केवल गैर-जिम्मेदाराना बल्कि हैरान करने वाला भी था। पहले ही सवाल पर उन्होंने पलटकर कहा, आपने मुझे क्यों फोन किया? आगे बोलते रहे, यह नंबर हमारा किसने दिया। असल जानकारी देने से उन्होंने पूरी तरह इंकार कर दिया। पूरे संवाद में रविनदंन सिंह का टोन चिड़चिड़ा, टालमटोल वाला और सवालों से बचने वाला रहा। जनता का कहना है कि जिस अधिकारी का काम पारदर्शिता से जवाब देना है, वह खुद सवालों से भाग रहा है — तो इसमें छुपा क्या है?

### गरीब पर बुलडोज़र, बड़े बिल्डर पर मौन

- स्थानीय लोग सबसे बड़ा आरोप यही लगा रहे हैं।
- झुग्गियों पर, छोटे दुकानदारों पर और कमजोर तबके पर एलडीए का बुलडोज़र बिना देर किए टूट पड़ता है।
- लेकिन जब मामला करोड़ों रुपये के कॉम्प्लेक्स का आता है तो पूरा विभाग चुप्पी साध लेता है।
- यानी गरीब पर मार, बड़े बिल्डर पर प्यार की नीति पर काम हो रहा है।
- जनता का सवाल है — क्या कानून की नजर में सब बराबर नहीं होने चाहिए?

## जेब से निकलकर जनता की हितैषी बनीं समितियां... पहले चंद लोगों तक थीं सीमित: जेपी राठौर



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को सहकारिता विभाग ने एम-पैक्स सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हॉल में हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्र सरकार में सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल और सहकारिता मंत्री जेपी सिंह राठौर ने दीप जलाकर किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में धर्मपाल सिंह, पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री, डॉ. संजय निषाद, मत्स्य विकास मंत्री एवं जेपी सिंह राठौर शामिल मौजूद रहे। कार्यक्रम में जादूगर राकेश ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री जेपी सिंह राठौर ने कहा कि जो समितियां पहले भ्रष्टाचार का अड्डा थीं, वो अब किसानों के लिए रामबाण साबित हो रही हैं। पहले चंद लोगों तक सीमित थी, अब नए सिरे से सदस्यता अभियान चल रहा है। अब सहकारिता किसी की जेब की नहीं जनता की बन गई है। उन्होंने आगे कहा कि पहले 50 में 16 बैंक पर रोक लगी थी। बंदी के कगार पर थी। अब वे दोबारा लाभ में आ गई हैं। इटावा की सहकारी बैंक के अध्यक्ष आदित्य यादव हैं। वह घाटे में है। बाकी सब फायदे में हैं। बैंकों की हर तीसरे माह बैठक होती है। कार्य प्रणाली बदली है। 7500 एम पैक्स में 1400 काम कर रही थी। 4500 पूरी तरह बंद थी। ये चुनौती थी, लेकिन इन्हें 10 लाख का ऋण दिया। मंत्री ने आगे कहा कि ये समितियां काम कर रही हैं। 120 करोड़ का मुनाफा भी कमा रही हैं। सभी समितियां अब कंप्यूटरीकृत हो रही हैं। सोलर पैनल लग गया है। यूपी में 715 नई समिति गठित हुई हैं। नई पैक्स को दो लाख की मदद कर रहे हैं। इसमें एक लाख फर्नीचर के लिए और एक लाख अन्य काम के लिए। उन्होंने कहा कि नई पैक्स का गठन बढ़ाना है। डेयरी और मत्स्य समितियों का गठन कर रहे हैं। सहकारिता में जल्द ही भर्ती शुरू करेंगे। पैक्स पर दैनिक कर्मी के बारे में भी विचार हो रहा है। एक सचिव के पास ज्यादा समिति का चार्ज है तो उसे आर्थिक लाभ दिलाने की दिशा में सोच रहे हैं।

## चोर चोरी करने में रहें नाकाम, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत कठवारा गांव में चोरों का आतंक पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।शुक्रवार की बीती रात चोरों ने दुकान में चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन दुकान के बाहर सो रहे नौकर को दुकान के शटर खोलने की आवाज सुनाई दी, जहां उसके शोर मचाने से चोर भाग निकले,शुक्रवार बीती रात बीकेटी क्षेत्र के कठवारा गांव में चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया। वहीं कठवारा गांव में आर्यावर्त बैंक के पास गांव के ही मनीष की सरिया सीमेंट की दुकान है। दुकान के बाहर दुकान का नौकर सो रहा था, दुकान के शटर खोलने की आवाज सुनकर नौकर जाग गया और शोर मचाने पर चोर भाग निकले, लेकिन चोरों की यह हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।



## सरदार लुक में दिखे अखिलेश यादव, किसान आंदोलन में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने किसान आंदोलन में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारीजन को सम्मानित किया। कार्यक्रम सपा मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस दौरान सपा मुखिया साफा पहनकर सरदार लुक में नजर आए। इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि लाल पगड़ी खुशी के प्रतीक के रूप में पहनाई जाती है। अब खुशी आने वाली है, क्योंकि सपा सरकार बनने वाली है। नेपाल में हुए तख्तापलट की घटना पर कहा कि यदि वोट की डकैती होगी, तो पड़ोसी देश की तरह यूपी की जनता भी सड़क पर उतर जाएगी। यहां बाबा ने कब्जा कर रखा है। चुनाव आयोग भाजपा का जुगाड़ आयोग नहीं बनेगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या के चुनाव में 5000 लोग बाहर से लाए गए थे। इसी तरह वोट की चोरी होती रही तो पड़ोसी देश में जो जनता करती दिख रही है, हो सकता है कि वह यहां भी करती दिखाई दे।

## बिजली विभाग की प्रताड़ना से परेशान युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बिजली विभाग की प्रताड़ना से तंग होकर बुलंदशहर के अजय कुमार शुक्रवार को लामार्ट चौराहे के पास जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। एसीपी गंज विकास जायसवाल के मुताबिक शुक्रवार सुबह 09.20 बजे पुलिस को सूचना मिली कि लामार्ट चौराहे के पास एक व्यक्ति की तबियत खराब है, जिसे उल्टी हो रही है। स्थानीय पुलिस जब मौके पर पहुंची तो युवक की पहचान बुलंदशहर के तातारपुर, कोतवाली नगर निवासी अजय कुमार उर्फ धर्मेश कुमार (45) के रूप में हुई। 0 पूछताछ में अजय कुमार ने जहरीला पदार्थ खाने की बात बताई। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां अजय कुमार की मौत हो गई। पूछताछ में अजय ने बताया कि वर्ष 2014 में उन्होने एक आटा चक्की लगाई थी। सात मई 2014 को अधिक लोड के कारण वहां का ट्रांसफार्मर जल गया था। दूसरा ट्रांसफर लगवाने के बाद एक घंटा चलने के बाद वह दोबारा जल गया। आरोप है कि बिजली विभाग की ओर से अजय से 70 प्रतिशत राशि जमा करने के लिए कहा जा रहा था। इसकी वजह से अभी तक इनका आटा चक्की बंद है। इसके कारण अजय परेशान थे और उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया।

## तेज रफ्तार पिकअप डाला ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर, महिला की हुई मौत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ





लखनऊ कमिश्नरेट इटौंजा थाना क्षेत्र के लखनऊ सीतापुर रोड नेवादा गांव के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप डाला ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। शुक्रवार को हुई इस घटना में महिला की पिकअप डाला से कुचलकर मौत हो गई। राहगीरों ने इसकी सूचना इटौंजा थाना पुलिस को दिया,मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लखनऊ भेज दिया। बता दें कि इटौंजा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ सीतापुर रोड पर नेवादा गांव के पास पिकअप डाला संख्या यूपी 41 टी 4450 ने लखनऊ की तरफ जा रही ग्लैमर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 32 एच आर 5473 को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जिसके चलते मोटरसाइकिल सवार महिला उछलकर सड़क पर जा गिरी और उसे पिकअप डाला रौंदता चला गया,शुक्रवार हुई इस घटना में सरिता देवी पत्नी विनोद यादव निवासिनी बेहरीमऊ थाना कमलापुर जनपद सीतापुर उम्र करीब 55 वर्ष की मौके पर मौत हो गई। राहगीरों ने इसकी सूचना इटौंजा थाना में दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला अपने बेटे के साथ लखनऊ किसी काम से जा रही थी तभी यह घटना हुई।

## साइबर क्राइम करने वाले छह जालसाज गिरफ्तार, 26 लाख नकद, 1.30 करोड़ की क्रिप्टो करेंसी बरामद



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ में अलग-अलग तरह से लोगों से साइबर क्राइम की घटनाओं को अंजाम देने वाले छह जालसाजों को बीबीडी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 26 लाख रुपये नकद और 1.30 करोड़ रुपये कीमत की क्रिप्टो करेंसी के अलावा अन्य सामान मिला है। आरोपी ठगी की रकम मंगाने के लिए सीधे-साधे लोगों के बैंक खातों का प्रयोग करते थे। अब तक की जांच में पता चला है कि ये 14.80 करोड़ रुपये अलग-अलग म्यूल खातों में मंगवा चुके हैं। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर किसान पथ स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के एक मकान से छह युवकों बहराइच कोतवाली देहात शेखदहिर निवासी मुशीर अहमद, अनवर अहमद, बहराइच नाजिरपुरा निवासी अरशद अली, बाराबंकी जैतपुर निवासी रिंकू और पीजीआई वृंदावन कॉलोनी निवासी अर्जुन भार्गव को गिरफ्तार किया।

### पुलिस टीम को 25 हजार रुपये इनाम की घोषणा

आरोपियों के पास से 26 लाख रुपये, 1.30 करोड़ रुपये कीमत की क्रिप्टो करेंसी, 16 चेकबुक, 15 डेबिट कार्ड, 2 आधार कार्ड, एक निर्वाचन कार्ड, 9 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और एक बाइक बरामद की गई है। जालसाजों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को डीसीपी ने 25 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि इस गैंग से जुड़े अन्य आरोपियों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है। बरामद मोबाइल व लैपटॉप का डाटा एक्स्ट्रेक्टर किया जाएगा। पुलिस आरोपियों के बारे में अन्य जनपदों से भी उनके आपराधिक इतिहास के बारे में पता लगा रही है।

### इस तरह करते थे ठगी

पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि आरोपी लोगों को निवेश, बैंक अधिकारी बन और डिजिटल अरेस्ट कर कर ठगी करते थे। ठगी की रकम आरोपी म्यूल खातों में मंगवाते थे। खाते में रकम आने के बाद आरोपी डेबिट कार्ड का प्रयोग कर रकम निकाल लेते थे। इसके बाद ठगी की रकम से ऑनलाइन क्रिप्टो करेंसी खरीदकर उसको ऑनलाइन ही ऊंचे दाम में बेच देते थे।

### म्यूल अकाउंट में ठगी की रकम मंगवाते थे

डीसीपी ने बताया कि आरोपी ग्रामीण इलाके के लोगों के दस्तावेज हासिल कर उनके नाम से खाता खुलवाते थे। खाते की चेक बुक व डेबिट कार्ड जालसाज अपने पास रख लेते थे। इसके बाद उन्हीं खाता (यानि म्यूल अकाउंट) में ठगी की रकम मंगवाते थे। आरोपी खाताधारक को भी प्रतिमाह के हिसाब से कमीशन देते थे। अब पुलिस असली खाता धारकों के बारे में पता लग रही है। डीसीपी ने बताया कि आरोपी अब तक म्यूल खातों में ठगी के 14.80 करोड़ रुपये मंगवा चुके हैं। आरोपी जिन म्यूल खातों का प्रयोग कर रहे हैं, उन खातों के खिलाफ साइबर क्राइम पोर्टल पर अब तक 21 शिकायत दर्ज हैं।

## सेवा पखवाड़ा में भाजपा लखनऊ महानगर युवा मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रमों पर प्रेस वार्ता

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिन के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज लखनऊ में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अनुभव द्विवेदी युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि युवा ही भारतीय जनता पार्टी का भविष्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा का आयोजन 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस अभियान के तहत लखनऊ में 17 सितंबर को विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवा मोर्चा द्वारा 175 यूनिट रक्तदान कर प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम काल्विन तालुकदार कॉलेज में आयोजित होगा। इसके लिए युवा मोर्चा लगातार युवाओं से संपर्क कर उन्हें इस सेवा कार्य में भागीदारी के लिए प्रेरित कर रहा है। पुरुस्कार के रूप में प्रथम आने वाले को





21000/-, द्वितीय स्थान 11000/- तृतीय स्थान 5100/- प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष अनुभव द्विवेदी ने कहा कि युवा मोर्चा पूरे उत्तर प्रदेश में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। विशेष रूप से 21 सितंबर को नमो युवा मैराथन का आयोजन 10 जिलों में किया जाएगा, जिसमें लखनऊ में लगभग 10,000 युवाओं के भाग लेने की संभावना है। लखनऊ के प्रत्येक कार्यकर्ता लगातार रजिस्ट्रेशन अभियान में जुटे हैं। मैराथन दौड़ में भाग लेने के इच्छुक युवा निर्धारित नंबर पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं और कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ÷लखनऊ महानगर प्रदेश में प्रत्येक अभियान में पहले स्थान पर रहने की पहल करता है। प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में लखनऊ को अग्रणी बनाने के लिए युवा मोर्चा ने विशेष रणनीति तैयार की है।

## पुस्तक 'अनसुने सितारे' और 'मैं स्वयंसेवक' का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में चल रहे राष्ट्रीय पुस्तक मेले में आज आयोजित एक भव्य समारोह में पत्रकार एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष के मीडिया सलाहकार श्रीधर अग्निहोत्री की दूसरी पुस्तक 'अनसुने सितारे' तथा पत्रकार मनीष शुक्ल की कृति 'मैं स्वयंसेवक' का लोकार्पण प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया। इस अवसर पर साहित्य, पत्रकारिता, समाजसेवा और विधि क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रतिष्ठित जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।उप मुख्यमंत्री श्री पाठक ने अपने वक्तव्य में सबसे पहले लेखक श्रीधर अग्निहोत्री और उनकी कृति 'अनसुने सितारे' की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुस्तक भारतीय सिनेमा की अमूल्य धरोहर है, जिसमेंकलाकारों की स्मृतियाँ दर्ज हैं, जिन्हें समय और समाज ने भुला दिया किंतु जिन्होंने अपनी प्रतिभा और कला से भारतीय परदे पर गहरी छाप छोड़ी।उन्होंने कहा कि यह संयोग है कि दोनों पुस्तकों का संबंध कानपुर से है, क्योंकि दोनों लेखक उस शहर से जुड़े रहे हैं। 'अनसुने सितारे' को आने वाली पीढ़ियों के लिए एक दस्तावेज़ बताते हुए श्री पाठक ने कहा कि सामान्यतः साहित्यकार इस विधा को चुनने से बचते हैं, किंतु श्रीधर अग्निहोत्री ने एक 'छुपे रूस्तम' की भाँति कठिन विषय का चयन कर उसे जीवंत रूप दिया। उन्होंने अपनी व्यस्त दिनचर्या और पत्रकारिता की जिम्मेदारियों के बीच सिनेमा और सांस्कृतिक विरासत के प्रति अपने गहरे लगाव को जीवित रखा।

## समाजवादी पार्टी का बूथ लेवल का सम्मेलन आयोजित

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

समाजवादी पार्टी की पीडीए सरकार बनाने के लिए मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के माल ब्लाक के बूथ अध्यक्षों एवं सेक्टर प्रभारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया।जिसका आयोजन पूर्व प्रत्याशी राजबाला रावत ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के आँवला सांसद नीरज मौर्य व विशिष्ट अतिथि सांसद आरके चौधरी,पूर्व मंत्री राम सिंह राणा, महिला सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सोनीष मौर्य व संचालन पद्माकर सिंह ने किया।वहीं सपा बूथ प्रभारियों ने सम्मेलन में क्षेत्रीय सांसद आरके चौधरी की मौजूदगी में ही उनकी कार्यशैली को लेकर कार्यकर्तओं ने मंच से ही नाराजगी व्यक्ति की। बूथ प्रभारियों के सम्मेलन में मुख्य अतिथि सांसद



नीरज मौर्य ने कहा कि वर्तमान सरकार की लचर व्यवस्था के कारण ही आम जनता को स्वास्थ्य,शिक्षा एवं रोजगार नहीं मिल पा रहा है।भाजपा सरकार में किसान को खाद नहीं मिल रही है।जब तक भाजपा सरकार सत्ता में रहेगी तब तक गरीब जनता एवं किसानों को बुनियादी जरूरतों के लिए प्रताड़ित किया जाता रहेगा।अब समय आ चुका है कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए वर्तमान सरकार को जड़ से उखाड़ फेंक दिया जाये। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष जय जय जयंत,पूर्व एमएलसी कान्ती सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव, निवर्तमान प्रत्याशी सोनू कनौजिया, विजयश्री गौतम, रामगोपाल यादव, वीर बहादुर सिंह,राशिद अली,टीबी सिंह,राम सिंह एडवोकेट, भारत यादव, मनीष यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई में 68 लीटर कच्ची शराब बरामद

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जनपद में शुक्रवार को आबकारी टीम ने बड़ी कार्रवाई की।यह अभियान जिलाधिकारी और उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक और जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में संचालित किया गया। आबकारी टीम ने जिले के विभिन्न गांवों में आकस्मिक दबिश दी।इसमें ग्राम पासिन का पुरवा,बाहापुर,नजर अली का पुरवा,जहर अली का पुरवा और मगरौली शामिल रहे।दबिश के दौरान थाना बाजार शुकुल क्षेत्र के ग्राम



मगरौली से करीब 68 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। वहीं मौके पर लगभग 150 किलो लहन महुआ नष्ट कर दिया गया। जिसका उपयोग अवैध शराब बनाने में किया जाता है।कार्रवाई के दौरान तीन अभियोग आबकारी अधिनियम के तहत पंजीकृत किए गए।टीम ने मौके पर ग्रामीणों को अवैध शराब के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

एवं लोगों को जागरूक किया कि अवैध शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए घातक है।इसके साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अवैध शराब के निर्माण और बिक्री की जानकारी विभाग के टोल-फ्री नंबर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर साझा करें,ताकि समय रहते रोकथाम की जा सके। टीम ने दबिश के दौरान सड़क पर वाहनों की रोड चेकिंग भी की,ताकि शराब की तस्करी या अवैध ढुलाई की संभावनाओं को रोका जा सके। विभाग का मानना है कि इस प्रकार की सतर्कता से न केवल अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगेगा,बल्कि ग्रामीणों का सहयोग भी अभियान को सफल बनाएगा।इस कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 चंद्रभान वर्मा के नेतृत्व में पूरी टीम शामिल रही। इनमें प्रधान आबकारी सिपाही तीरथ नाथ और शमशेर कुमार,तथा आबकारी सिपाही सर्वेश कुमार और संजय सरोज शामिल थे।पूरी टीम ने अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## अज्ञात चोरों ने बोला धावा,घर से सोने-चांदी के जेवर चोरी के आरोप

अमेठी । जनपद के मुसाफिरखाना क्षेत्र के मठा बुसुंडा गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। चोरों ने भोला पासी के घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए।घटना के समय परिवारजन घर में ही थे,लेकिन चोर मौके का फायदा उठाकर सामान लेकर फरार हो गए।सुबह जब परिजनों ने सामान अस्त-व्यस्त देखा तो हड़कंप मच गया।आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और घर का निरीक्षण किया। पुलिस को घर का सामान बिखरा हुआ मिला।जिससे यह साफ होता है कि चोरों ने घर में अच्छी तरह से तलाशी ली थी।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना की गहराई से जांच की जा रही है।फिलहाल यह भी देखा जा रहा है कि चोरी की घटना वास्तविक है या फिर किसी प्रकार की अफवाह फैलाई गई है।

# जनपद में 94 धान क्रय केन्द्र स्थापित

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

रायबरेली । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए किसानों से सीधे धान क्रय किये जाने हेतु जनपद रायबरेली में क्रय एजेंसी खाद्य विभाग की विपणन शाखा, पी0सी0एफ0 पी0सी0यू0 एवं यू0पी0एस0एस0 द्वारा पूर्व में कुल 59 धान क्रय केंद्र अनुमोदित किये जा चुके है। क्रय एजेंसी की विपणन शाखा के 03, पी0सी0एफ0 के 23, पी0सी0यू0 के 01, यू0पी0एस0ए0 के 04, भारतीय खाद्य निगम के 02 एवं मण्डी परिषद के 02 कुल 35 धान क्रय केंद्र को खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि धान क्रय केंद्रों पर धान खरीद से संबंधित समस्त व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से शासनादेशानुसार/नियमानुसार ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्रों के बारे में बताया है कि खाद्य विभाग के कुल 28 धान क्रय केन्द्र है जिसमें रायबरेली मण्डी प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम, षष्ठम्, हरचन्दपुर प्रथम एंव द्वितीय, सतांव, महराजगंज उपमण्डी प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, षष्ठम्, शिवगढ़ एट जडावगंज, लालगंज मण्डी प्रथम, द्वितीय, ऊँचाहार उपमण्डी प्रथम, द्वितीय, तृतीय, डलमऊ उपमण्डी प्रथम, द्वितीय, सलोन मण्डी प्रथम, द्वितीय, तृतीय, डीह, एवं नसीराबाद ( छतोह ) में धान क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। इसी प्रकार भारतीय खाद्य निगम के कुल 02 धान क्रय केन्द्र है जिसमें रायबरेली मण्डी एवं हरचन्दपुर में धान क्रय केन्द्र खोले गये है। मण्डी परिषद के कुल 02 धान क्रय केन्द्र है जिसमें रायबरेली मण्डी एवं लालगंज मण्डी धान क्रय केन्द्र खोले गये है। पी0सी0एम0 के कुल 39 धान क्रय केन्द्र है जिसमें बी-पैक्स उत्तरपारा, रतन्सीपुर, खुरैहटी, खागीपुर सड़वा, क्र0वि0सह0स0लि0 रायबरेली एट मण्डी, मुंशीगंज, क्र0वि0सह0स0लि0 रायबरेली एट लोधवारी, बी-पैक्स रसेहता, दुसौती, लालूपुर चौहान, बावन बुजुर्ग बल्ला, डिघिया, खिजिरपुर करौंदी, कृ0से0कें0 महराजगंज, बी-पैक्स कोटवा मोहम्दाबाद, टूक, सह0 संघ शिवगढ़, बी-पैक्स बैंती, डी0सी0डी0एफ0 एट राजामऊ संघ, गूढ़ा संघ, बी-पैक्स कलुईखेड़ा, ऊँचाहार, रामसाण्डा, किशुनदासपुर, कृ0से0कें0 पटेरवा, बी-पैक्स दौलतपुर उड़वा, भीख, कठगर, भीरा गोविन्दपुर, घुरवारा, गोविंदपुर माधौ, गौरा हरदों, क्र0वि0सह0स0लि0 एट मण्डी सलोन, बी-पैक्स डीह, कृ0से0कें0 पंचायत भवन रोखा, बी-पैक्स जायस एट काजीपुर तोलियानी, बेवल, छतोह में धान क्रय केन्द्र खोले गये है। पी0सी0यू0 के कुल 13 धान क्रय केन्द्र है जिसमें बी-पैक्स लोधवामऊ, चंदापुर, खीरों, खुर्रमपुर, लोदीपुर उतरावां आदि ।

# थानाक्षेत्र कमरौली पलिया पश्चिम में लूट की सूचना जांच में पाई गई असत्य

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

अमेठी । जनपद के थाना कमरौली इलाके के ग्राम पलिया पश्चिम में नौ सितंबर की रात लगभग 10=30 बजे मिली लूट की सूचना की पुलिस ने गहनतापूर्वक जांच की।मामले की प्राथमिक पड़ताल घटनास्थल निरीक्षण और संबंधित पक्षों के बयान रिकॉर्ड करने के बाद थाना कमरौली पुलिस ने पाया कि घटना की प्रारंभिक सूचना में कई विरोधा भासी बातें हैं।और लूट की सूचना की पुष्टि नहीं हो सकी है।पुलिस के मुताबिक आवेदिका सरोज कुमारी ने प्रारंभिक बयान में कहा कि वह बाथरूम से लौट रही थीं कि दो अज्ञात व्यक्ति पूरे काले कपड़े और बड़े जिप लगे जूते पहने घर में घुसे। एक ने उनका मुँह दबा दिया और कान में फुसफुसाकर चाभी के बारे में पूछा,जबकि दूसरे ने आवेदिका के पति गिरधारी लाल मौर्या के चेहरे पर स्प्रे किया।आवेदिका ने बताया कि उन्होंने छोटा बक्सा दे दिया।जिसमें उनकी तथा उनकी सास का आभूषण रखा था।आवेदिका का कथन था कि मुख्य दरवाजा पहले से खुला हुआ था।और अज्ञात व्यक्ति सामान लेकर चले गए।हालाँकि पति गिरधारी लाल के बयान में उल्लेख आया कि उनकी पत्नी सोते समय गिर गई ।

और उन्होंने देखा कि उसके मुँह में कपड़ा था,जिसे निकालने के बाद उन्हें पूरी घटना का आभास हुआ।पुलिस ने घटना के बाद घटना स्थल व आस-पास का निरीक्षण कर कई बिंदुओं पर तफ़्तीश की।अग्रिम जांच के दौरान थाना कमरौली पुलिस ने आवेदिका का वीडियो बयान लिया।वीडियो बयान में आवेदिका ने स्पष्ट किया कि वह सो रही थीं।और उठकर बाथरूम के लिए जा रही थीं तब देखा कि दरवाजा खुला है व कुछ सामान बिखरा हुआ था।और कहा कि उन्होंने अपने पति को जगाकर 112 पर सूचना दी,तथा वीडियो में स्वीकार किया कि उनके साथ किसी प्रकार की लूट जैसी सशक्त घटना नहीं हुई।पुलिस ने बताया कि आवेदिका और पति के बयानों में कई असंगतियां पाई गईं।न तो आवेदिका ने प्रारंभिक बयानों में हाथ बाँधने या मुँह में कपड़ा ठूँसने की पुष्टि की,और न ही रूपयों का कहीं उल्लेख मिला।वहीं जेवरों के विवरण में भी विरोधाभास थे।घटना के समय आवेदिका के ससुर घर के सामने सुंदरकांड का पाठ कर रहे थे। तथा मोहल्ले के लोग भी जाग रहे थे,जिससे तीसरे पक्ष के होने की संभावनाओं पर भी सवाल उठे।

थाना कमरौली पुलिस ने बताया कि प्राप्त वीडियो बयानों व जांच के आधार पर वर्तमान में दी गई लूट की सूचना की पुष्टि नहीं हो सकी है। मामले की जांच के आधार पर आगे आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।और किसी भी नई सूचना मिलने पर तदनुसार तलाशी एवं प्रवर्तन कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस ने किया सेक्स रैकेट का खुलासा कर 4 महिलाओं सहित 8 को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

बलरामपुर । जनपद बलरामपुर पुलिस द्वारा थाना को0 नगर क्षेत्रांतर्गत अनैतिक देह व्यापार में सम्मिलित 4 महिला तथा 4 पुरुष सहित 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है । जानकारी के अनुसार 12 सितंबर को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में ज्योति श्री क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह को0 नगर व महिला थाना प्रभारी निरीक्षक पूनम यादव तथा थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा जनपद के होटल अमन लाज व मंगल गेस्ट हाऊस में अनैतिक देह व्यापार का धन्धा करने वाले रैकेट का पर्दाफाश करते हुए 4 महिला व 4 पुरुष सहित 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है । पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि



प्राप्त सूचना के आधार पर कि अमन लॉज निकट रोडवेज बस स्टाप मोहल्ला सिविल लाइन व मंगल टेन्ट हाउस निकट टीटू सिनेमा मोहल्ला पहलवारा में अनैतिक देह व्यापार का धन्धा चलता है, जिस पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए अमन लॉज निकट रोडवेज बस स्टाप मोहल्ला सिविल लाइन से अनवर पुत्र कमालुद्दीन, सिराज पुत्र मोईद व बरकत अली पुत्र अमजद तथा 02 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया । वहीं मंगल टेन्ट हाउस निकट टीटू सिनेमा मोहल्ला पहलवारा से अनैतिक देह व्यापार करने वाले सहजराम पुत्र रामलाल व 02 महिलाओ को गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली नगर में सुसंगत धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना एवं अन्य विधिक कार्यवाही क्षेत्राधिकारी डा0 जितेन्द्र कुमार ललिया द्वारा की जा रही है । गिरफ्तार करने वाली टीम में ज्योति श्री क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक पूनम यादव, उ0नि0 नंदकेश तिवारी, का0 विजय बहादुर, का0 विपिन कुमार, का0 आकांक्ष प्रताप सिंह, म0का0 विद्यावती, म0आ0 रोशनी देवी, म0आ0 अंजली यादव, म0आ0 ब्रजान्तीराज तथा का0 मुदित पटेल शामिल थे ।

# महाराजा के श्राद्ध पर अस्पतालों किया गया फल वितरण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में शुक्रवार को बलरामपुर राज के पूर्व महाराजा स्व पाटेश्वरी प्रसाद सिंह के श्राद्ध तिथि पंचमी के उपलक्ष्य में चिकित्सालयों में मरीजों को फल वितरित किए गए। इस दौरान नगरवासियों ने अपने पूर्व महाराजा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। जानकारी के अनुसार 12 सितंबर को बलरामपुर राज के महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह ने स्वर्गीय महाराजा पाटेश्वरी प्रसाद



सिंह को नमन करते हुए उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। नगरवासियों ने महाराजा को याद किया। एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन की अगुवाई में संयुक्त जिला चिकित्सालय में स्वायत्तशासी राज्य मेडिकल कॉलेज बलरामपुर के प्राचार्य डॉ आर के चतुर्वेदी, सीएमएस डॉ राजकुमार वर्मा, डॉ आर डी सुमन, डॉ सिद्धार्थ तिवारी, डॉ मेधावी सिंह, डॉ रुचि पाण्डेय, सुरेंद्र दूबे व अवनीश दीक्षित, महिला चिकित्सालय में सीएमएस डॉ सुमन दत्त, डॉ वसीम अहमद व मेमोरियल चिकित्सालय में सीएमएस डॉ शारदा रंजन की उपस्थिति में मरीजों को फल वितरित किया गया। इस दौरान नगरवासियों ने स्वर्गीय महाराजा को याद करते हुए नमन किया।

## रायबरेली : नाइजीरिया के तीन अभियुक्तो को 5 साल की सजा

रायबरेली ।जालसाजी के मामले सुनाई गई सजा वर्ष 2020-21 में महिला से इंस्ट्राग्राम के जरिये की गई थी जालसाजी 18 अक्टूबर 2021 को दर्ज हुआ था मुकदमा 5 जनवरी 2022 से जेल में ही निरुद्ध है तीनो नाइजीरिया के अभियुक्त मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट पवन सिंह ने सुनाई सजा 5 साल के कारावास के साथ एक - एक लाख के अर्थदंड भी लगाया ।

## रोजगार मेले का आयोजन 15 सितम्बर को

रायबरेली । जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 15 सितम्बर 2025 को रोजगार मेले का आयोजन, स्वामी सत्यमित्रानंद महाविद्यालय, महानन्दपुर, रायबरेली में किया जाना प्रस्तावित हैं जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनी ब्राइट फ्यूचर आग्रेनिक हर्बल लि0, पुखराज हेल्थ केयर, एस0पी0एन0एन0 बिजनेस सर्विसेज प्रा0 लि0, शिवशक्ति बायोटेक्नोलॉजी लि0, बूसा मैनेजमेंट मार्केटिंग लि0 एवं टाटा मोटर्स लि0, द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। जिसमें न्यूनतम हाईस्कूल पास अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टलhttps://roj-gaarsangam.up.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य हैं।

# आओ, साधना से पाएँ शांति और ऊर्जा: बृजमोहन योगाचार्य

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली । भारत माता योग सेवा संस्थान रायबरेली की ओर से शहीद स्मारक सई नदी के प्रांगण में प्रतिदिन प्रातः 5=30 से 6=30 बजे तक दैनिक निःशुल्क योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इस शिविर का संचालन संस्थान के संस्थापक आध्यात्मिक योगाचार्य बृजमोहन द्वारा किया जा रहा है। योगाचार्य बृजमोहन ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना, लोगों को मानसिक शांति प्रदान करना तथा भारतीय योग संस्कृति को पुनर्जीवित करना है।



प्रतिदिन प्रातः आयोजित होने वाले इस शिविर में स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। उपस्थित साधक= माया देवी, मंजू मिश्रा, पूनम सिंह, संकटप्रसाद, उत्कर्ष, कल्लू राम अग्रहरि, आकर्ष, राजेश, रीना मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, बच्चों से पाठ्यक्रम के सवाल पूछकर शैक्षिक गुणवत्ता का लिया जायजा



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

बलरामपुर। शुक्रवार को डीएम पवन अग्रवाल जनपद के परिषदीय विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक गतिविधि एवं मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित किए जाने को लेकर विकास खंड सदर के प्राथमिक विद्यालय गोंदीपुर का निरीक्षण करने पहुँच गए। इस दौरान डीएम ने बच्चों से पाठ्यक्रम के सवाल पूछकर शैक्षिक गुणवत्ता को जाना गया ।

उन्होंने बच्चों के अधिगम स्तर में और सुधार के निर्देश दिए। विद्यालय में नामांकन के सापेक्ष बच्चों की उपस्थिति बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने रसोई घर का जायजा लिया , रसोई घर में समुचित साफ सफाई , एमडीएम की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## निजी एवं सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की मान्यता एवं प्रवेश प्रक्रिया की जांच के संबध आयोजित हुई बैठक

बलरामपुर- निजी एवं सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की मान्यता एवं प्रवेश प्रक्रिया की जांच के संबध में डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने कहा की सभी निजी एवं सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के प्रबंधक महाविद्यालय मान्यता एवं कोर्स वार मान्यता के डॉक्यूमेंट की अटेस्टेड तथा प्रवेश प्रक्रिया की अटेस्टेड डॉक्यूमेंट निर्धारित फॉर्मेट पर दे दें। सभी डॉक्यूमेंट को पब्लिक डोमेन पर अपलोड किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर एसडीएम , सीओ एवं खंड शिक्षा अधिकारी की गठित टीम द्वारा निजी एवं सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की मान्यता एवं प्रवेश प्रक्रिया की जांच की जाएगी। इस दौरान एडीएम न्यायिक , समस्त एसडीएम, सीओ व बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# एमएलके कॉलेज के अंग्रेजी विभाग मे किया गया मेंटर मेनटी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर मे एमए प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं के लिए शुक्रवार को मेंटर मेनटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आज दिनांक 12 सितंबर को अंग्रेजी विभाग के सभागार मे प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार तथा विभागाध्यक्ष डॉ रमेश शुक्ल की अध्यक्षता मे मेंटर मेनटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम मे एमए प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं ने भाग लिया । कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुआ । वैदिक मंगलाचरण तथा सरस्वती वंदना एम ए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सोनाली सिंह, प्रिया तिवारी तथा जया ने प्रस्तुत किया । विभागाध्यक्ष डॉ शुक्ल ने सभी छात्र छात्राओं से बात कर उनसे फीडबैक लिया । एम ए प्रथम सेमेस्टर के सभी छात्र छात्राओं के नामांकन के ईमेल कंनफरमेशन की व्यवस्था भी विभाग के द्वारा किया गया ।



विभागाध्यक्ष डॉ शुक्ल ने स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक परिपेक्ष्य मे अंग्रेजी का ज्ञान छात्र छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होता है तथा रोजगार प्राप्ति की संभावनाओं मे वृद्धि होती है । विभागाध्यक्ष ने इन्फॉर्मेशन एण्ड टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र मे आनेवाले रोजगार की जानकारी संक्षेप मे छात्र छात्राओं को दी । उन्होंने कहा कि अंग्रेजी का ज्ञान इस क्षेत्र मे रोजगार प्राप्ति मे अत्यन्त सहायक सिद्ध होता है । विभागाध्यक्ष ने छात्र छात्राओ से कहा कि वे निरंतर प्रामाणिक पुस्तकों का अध्ययन करें । डॉ शुक्ल ने अंग्रेजी के महान नाटककार विलियम शेक्सपियर के नाटकों की प्रासंगिकता पर अपने विचार संक्षेप मे रखे । उन्होने कहा कि शेक्सपियर के पात्र देश और काल की सीमा को लांघकर सर्वकालिक और सर्वदेशीय हैं ।कार्यक्रम का संचालन डॉ अभय नाथ ठाकुर ने किया ।कार्यक्रम मे डॉ बी एल गुप्ता , डॉ अभय नाथ ठाकुर, शिवम सिंह, आर्या तिवारी आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम मे जिन छात्र छात्राओ ने अपने विचार रखे उनमे प्रमुख है आकाश, शिवम पांडेय, किशन, प्रमोद, ओमप्रकाश, आदर्श व शिफा प्रमुख है ।

# उत्तराखंड एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्स प्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शनिवार, 13 सितंबर, 2025






**यूपी एसटीएफ ने ऑनलाइन ठगी के गैंग का...**

उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स नोएडा यूनिट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद के आवास विकास परिषद क्षेत्र अंतर्गत गौर सिद्धार्थम सोसाइटी में छापेमारी कर ऑनलाइन ठगी के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस ऑपरेशन में एसटीएफ ने बिहार के रहने... पढ़ें पेज 12 पर...

# सैंजी गांव की प्रधान ने पीएम मोदी को सुनाई आपबीती 16 घर तबाह, 20 गोवंश की मौत, फसलें चौपट

- प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद जगी पुनर्वास की उम्मीद, रेखा देवी ने जताया- गांव पर अब भी मंडरा रहा खतरा...
- भारी विस्फोट के बाद मलबे का सैलाब, 16 घर तबाह, आठ परिवारों के 20 गोवंश की मौत, फसलें बर्बाद...

**जन एक्सप्रेस । पौड़ी**



पौड़ी जिले के सैंजी गांव की ग्राम प्रधान रेखा देवी ने गुरुवार को प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने आपदा की विभीषिका बयां की। उन्होंने, बताया कि गांव में करीब 250 परिवार निवास करते हैं। 6 अगस्त की सुबह करीब सात बजे भारी विस्फोट के साथ मलबे का सैलाब नीचे आया, जिससे 16 घर पूरी तरह तबाह हो गए। इस आपदा में आठ परिवारों के करीब 20 गोवंश की मौत हो गई। भारी मलबे से खेतों में खड़ी धान, मंडुवा, झंगोरा आदि की फसलें भी पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। प्रभावित परिवार वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बने राहत शिविरों में रह रहे हैं, जबकि कुछ ने अन्य ग्रामीणों के घरों में शरण ली है।

**बच्चों को मिल रही मदद**

गांव के बच्चों को विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से ड्रेस, किताबें और अन्य पाठ्य सामग्री दी गई है। वहीं प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को मुआवजा भी दिया गया है।

प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद ग्राम प्रधान रेखा देवी ने कहा कि अब उम्मीद जगी है कि उनका गांव फिर से बस सकेगा। हालांकि, उन्होंने यह भी जताया कि गांव पर अभी भी खतरे के बादल मंडरा रहे हैं, क्योंकि पहाड़ों पर जमीन के भीतर से हो रहे विस्फोट के साथ मलबा लगातार गिर रहा है।

## हल्द्वानी: बारिश से फिर बढ़ा पेयजल संकट

**जन एक्सप्रेस । हल्द्वानी**

शुक्रवार सुबह हुई बारिश के कारण शहर में पेयजल संकट पैदा हो गया। शीतलाहाट फिल्टर प्लांट बारिश के चलते बंद हो गया, जबकि गौला बैराज में सिल्ट बढ़ने से शीशमहल प्लांट चार घंटे तक ठप रहा।

प्लांट बंद रहने से शाम को पेयजल सप्लाई प्रभावित हुई और शहर के ऊंचाई वाले क्षेत्र तथा बाहरी इलाके पानी से वंचित रहे। सिंचाई विभाग ने सुबह दस बजे बैराज के गेट खोलकर सिल्ट निकालना शुरू किया, जिससे फिल्टर प्लांट को पानी की आपूर्ति बाधित रही। दोपहर दो बजे पानी मिलने पर प्लांट फिर चालू हुआ।

जल संस्थान के अधिशासी अभियंता रविशंकर लोशाली ने बताया कि फिल्टर प्लांट बंद रहने से पेयजल सप्लाई प्रभावित हुई और लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

# टिहरी झील क्षेत्र का कायाकल्प करेगा एडीबी, 1116 करोड़ की मिलेगी सहायता

- 87 हजार स्थानीय लोग और 27 लाख पर्यटकों को मिलेगा सीधा लाभ...
- स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और आपदा प्रबंधन पर होगा विशेष फोकस...

**जन एक्सप्रेस । टिहरी**



उत्तराखंड के टिहरी झील क्षेत्र में सतत समावेशी और जलवायु अनुकूल पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने हाथ बढ़ाया है। इसके तहत एडीबी क्षेत्र के विकास के लिए 1116 करोड़ रुपये (126.42 मिलियन डॉलर) की सहायता देगा। इस संबंध में केंद्र सरकार और एडीबी के बीच नई दिल्ली में ऋण करार पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के बाद यह उम्मीद जताई गई है कि परियोजना से 87 हजार से अधिक स्थानीय निवासियों और प्रतिवर्ष आने वाले 27 लाख पर्यटकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

**टिहरी झील क्षेत्र की संभावनाएं और चुनौतियां**

टिहरी झील क्षेत्र जलवायु की दृष्टि से बेहद संवेदनशील और आर्थिक रूप से वंचित इलाका है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं होने के बावजूद अब तक बुनियादी ढांचे, स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और आपदा प्रबंधन के मोर्चे पर बड़ी चुनौतियां बनी हुई थीं। केंद्र सरकार ने इन आवश्यकताओं को देखते हुए एडीबी को यहां निवेश का प्रस्ताव दिया था।

**नई दिल्ली में करार**

नई दिल्ली में हुए करार पर वित्त मंत्रालय की आर्थिक मामलों की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी और भारत में एडीबी के प्रभारी काई वेई येओ ने हस्ताक्षर किए। संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी ने कहा कि इस ऋण से टिहरी झील क्षेत्र को विविधतापूर्ण और सभी मौसमों में पर्यटन के लिए उपयुक्त गंतव्य के रूप में विकसित किया जा सकेगा। यही, कारण है कि इस क्षेत्र को प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है।

> एडीबी के प्रभारी अधिकारी येओ ने कहा कि यह परियोजना जलविद्युत उत्पादन करने वाली झील के आसपास स्थायी पर्यटन के लिए एक माडल को प्रस्तुत करती है। इसमें रोजगार सृजन, स्थानीय निवासियों की आय में वृद्धि और जलवायु को अनुकूल रखने के लिए बहुद्देशीय दृष्टिकोण को अपनाया गया है।

# कोटद्वार ही चक्रवर्ती सम्राट भरत की जन्मस्थली, पुरातत्व विभाग करेगा गहन जांच



- सनातन महापरिषद भारत देगा आवश्यक साक्ष्य, कण्वाश्रम का सर्वेक्षण संपन्न...

**जन एक्सप्रेस । कोटद्वार**

प्राचीन भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले कण्वाश्रम का भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) के अधिकारियों द्वारा आज गहन सर्वेक्षण किया गया। यह सर्वेक्षण सनातन महापरिषद भारत के पदाधिकारियों के वर्षों से चलाए जा रहे प्रयासों का परिणाम है, जिनका उद्देश्य प्राचीन भारत के गौरवशाली इतिहास को पुनर्जीवित कर उसे आधुनिक भारत में उचित स्थान दिलाना रहा है।

सनातन महापरिषद भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवान सिंह रावत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सी एम पाण्डेय, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती कंचन सुण्डली मेयर कोटद्वार शैलेन्द्र रावत, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक असवाल, प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली सोम प्रकाश गौड़, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तराखंड योगी महेन्द्रनाथ तथा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष उत्तर प्रदेश श्रीमती बबीता राय के प्रयासों से यह ऐति -हासिक क्षण साकार हुआ। सर्वेक्षण के दौरान पुरातत्व विभाग ने मालिनी नदी के दोनों किनारों का निरीक्षण किया, साथ ही शिलाएं, मूर्तियां, वास्तुशिल्प के नमूने और प्राचीन बर्तनों के अवशेष एकत्रित किए, जिन्हें आगे परीक्षण हेतु भेजा जाएगा। इस कार्य को संभव बनाने में मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी तथा गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी का विशेष योगदान रहा। इस संबंध में गढ़वाल कमिश्नर विजय शंकर पाण्डेय एवं जगदीश चन्द्र काण्डपाल को विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सनातन महापरिषद भारत ने कई वर्षों से विभिन्न सरकारों में कण्वाश्रम के जीर्णोद्धार हेतु प्रयासरत रहते हुए माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इसे गंभीरता से लेने का निवेदन किया था।

आगामी योजना के तहत सनातन महा परिषद भारत के पदाधिकारी इसी माह मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात कर कण्वाश्रम के जीर्णोद्धार कार्य के प्रारंभ हेतु धन्यवाद ज्ञापन करेंगे। साथ ही वे कुंभ मेला 2027 के आयोजन में भी कुछ महत्वपूर्ण सुझाव व मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। यह कदम प्राचीन भारतीय सभ्यता और संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा और कोटद्वार को भरतवंशी गौरव का पथ प्रदर्शक स्थल बनाएगा।

# जिला चिकित्सालय बौराड़ी का औचक निरीक्षण, सभी व्यवस्थाएँ दुरुस्त मिलीं



**जन एक्सप्रेस । टिहरी**

जिलाधिकारी टिहरी के निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम उपजिलाधिकारी टिहरी संदीप कुमारके नेतृत्व में जिला चिकित्सालय बौराड़ी पहुंची और औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने दवाई वितरण केंद्र और स्टॉक रजिस्टर की जांच की। इस दौरान अस्पताल में कोई भी एक्सपायरी डेट की दवा नहीं पाई गई। वहीं, डॉक्टर एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर भी देखे गए। वर्तमान में जिला अस्पताल में 22 डॉक्टर तैनात हैं तथा 176 कर्मचारी कार्यरत हैं।

निरीक्षण टीम ने आयुष विंग एवं होम्योपैथिक विभाग का भी जायजा लिया, जहाँ सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार टिहरी मोहम्मद शादाब सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा मैं भाजपा कार्यकर्ताओं को दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस । विकास नगर**



भाजपा विकासनगर शहर मण्डल की मण्डल कार्यशाला मण्डल अध्यक्ष शुभम गर्ग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमे मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष नवीन रावत द्वारा सभी कार्य कर्ताओ को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। जिसमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

मण्डल कार्यशाला में मण्डल महामंत्री आदित्य वर्मा, सचिन बंसल, जिला मंत्री उपासना, रचिता ठाकुर, सभासद सुमन काशव, प्रभात ठाकुर, दीपक जैन, मुकेश वर्मा, रोहित रोहिला, सुनीता गुलेरिया,कांति देवी, रेखा सिंह प्रियेंद्र वालिया आदि भपार्टी के समस्त देव तुल्य ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहें।।

# उत्तरकाशी नगर में आवारा पशुओं से बढ़ी परेशानी, विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने जताई चिंता



**जन एक्सप्रेस । उत्तरकाशी**

मंदिरों की नगरी उत्तरकाशी में आज कल नगर क्षेत्र में बड़े-बड़े पशु व सांड भ्रमण कर रहे हैं जिसके कारण नगर वासियों को काफी परेशानी हो रही है विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय बड़ोला ने भी इन पशुओं से बहुत बड़ा। खतरा हमारे जो राह चलते बुजुर्ग लोग हैं वह बच्चे लोग हैं इनको कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना कर सकती है, इसलिए समय रहते हुए प्रशासन को इन पशुओं को नगर क्षेत्र से बाहर कहीं सुरक्षित स्थान पर रखना चाहिए।

कभी भी राह चलते लोगों को भी मार रहे हैं व बड़ी दुर्घटना हो सकती है सड़क पर खड़ी गाड़ियों का गिरा रहे हैं कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। लोगों को सड़क पर चलना बड़ा मुश्किल हो रहा है नगर क्षेत्र में इस प्रकार की। पशुओं के भ्रमण से लोग परेशान है।

आज विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों ने भी नगर में भ्रमण करने वाले पशुओं को एक गम्भीर समस्या बताई को भी इस सम्बंध में बहुत जल्दी जिला अधिकारी से मिलिए व वार्ता करगे जिला मंत्री विश्व हिन्दू परिषद कीर्ति सिंह महर ने नगर क्षेत्र व नगर क्षेत्र में आतिकमण मुक्त व नगर क्षेत्र में भ्रमण करने वाले पशुओं बहुत बड़ी समस्या बताई। व्यापार मंडल के पूर्व महामंत्री अंकित उप्पल जी। की शासन प्रशासन को ध्यान देना चाहिए कोई बड़ी दुर्घटना घटे इससे पहले इन पशुओं को कहीं नगर से बाहर करने की व्यवस्था बनानी चाहिए।

**बजरंग दल ने ज्ञापन सौंपा**

बजरंग दल के नगर संयोजक अभिषेक नेगी जी ने भी नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को एक पत्र लिखकर नगर में भ्रमण कर रहे पशुओं को नगर से दूर भेजने के लिए कहा है। आजकल बहुत बड़े-बड़े सेंड नगर में झुंड के साथ घूमते हुए चल रहे हैं या नगर में चर्चा का विषय है कि कौन इनको छोड़ा है वह कहां से आते हैं और प्रशासन इस पर क्यों करवाई नहीं करता है क्या किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है हमारे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सभासदों को इस बारे में सोचना चाहिए कि हमारा नगर स्वच्छ सुंदर रहे।

# जंगली सूअरों से फसल बचाने डीएफओ चकराता से की गुहार



**जन एक्सप्रेस । विकास नगर**

कालसी भेड़-बकरी किसान उत्पादक संगठन ने डीएफओ चकराता को ज्ञापन देकर कालसी ब्लॉक के कई गांवों में जंगली सुअरों से फसलों के नुकसान को रोकने के लिए सुरक्षात्मक उपाय करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि मटियावा, दोहा, झुसोऊ, बड़ोडा, दोऊ समेत आसपास के गांवों में जंगली सुअरों ने मक्का, राजमा, खीरा, गोभी, मटर और टमाटर जैसी फसलों को नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसानों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। दिन में किसान खेतों की देखभाल करते हैं, लेकिन रात में सुअर फसलों को तहस-नहस कर देते हैं।

पिछले वर्ष भी विभाग को इस समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस कारण कई किसानों ने इस बार फसल की बुआई नहीं की। ग्रामीणों ने चेताया कि यदि खेती छोड़ दी गई तो यह पलायन का बड़ा कारण बन सकता है।

ज्ञापन सौंपने वालों में समिति की अध्यक्ष मानसी चौहान, संजीव चौहान, रमेश चौहान, ईश्वर चौहान, सुरेंद्र चौहान, गोपाल दास और धीरेंद्र सिंह शामिल थे।

## बाजपुर: छात्रों के दो गुट में झगड़ा, एक युवक घायल

**जन एक्सप्रेस । हल्द्वानी**

**बाजपुर।** शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय गेट के पास दो छात्र गुटों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर उपचार शुरू कराया गया।

घटना के अनुसार, मडैया हट्टू निवासी जसविंदर कॉलेज जा रहा था, तभी गेट के पास कुछ युवकों ने उसे घेर लिया। इस दौरान दोनों पक्षों में गाली-गलौज शुरू हुई और देखते ही देखते मामला हाथापाई तक पहुंच गया। लात-घूंसे की मारपीट में जसविंदर घायल हो गया।

पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

# नैनीताल में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा स्वच्छता का उत्सव

- 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जन सहभागिता से स्वच्छता का उत्सव मनाया जाएगा...
- 5 स्वच्छता लक्ष्य इकाइयां और प्रत्येक विकासखंड में कम से कम 3 इकाइयां चयनित की जाएंगी...

**जन एक्सप्रेस । नैनीताल**

नैनीताल जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जनसहभागिता से स्वच्छता का उत्सव मनाया जाएगा। जिले के सभी नगर क्षेत्रों में न्यूनतम 5 स्वच्छता लक्ष्य इकाइयां और प्रत्येक विकास खंड में कम से कम 3 इकाइयां चयनित की जाएंगी। कार्यक्रमों में विशेष सफाई, स्वच्छ हरित उत्सव, शून्य अपशिष्ट आयोजन सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, अपशिष्ट से कला, स्वच्छ सुजल गांव और स्वच्छ स्ट्रीट फूड जैसे आयोजन होंगे।

25 सितंबर को "एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान" के तहत सभी नागरिकों से एक घंटे की स्वच्छता सेवा में भाग लेने का आह्वान किया गया है।

16 सितंबर को बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन कर आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया जाएगा। बेतालघाट भीमताल, धारी, हल्दानी, कोटाबाग, ओखलकांडा, रामगढ़ और रामनगर सहित कई जगहों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# चिन्यालीसौड़ में जल संकट पर हंगामा, जल संस्थान का घेराव

- जल आपूर्ति दुरुस्त करने के आश्वासन पर शांत हुआ चिन्यालीसौड़ का प्रदर्शन...

**जन एक्सप्रेस । उत्तरकाशी**



**चिन्यालीसौड।** नगर पालिका चिन्यालीसौड़ शहर में पानी के अनियमित वितरण और पानी की कमी को लेकर स्थानीय लोगों, सभासदों ने नगर पालिका अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता सुमन बडोनी के नेतृत्व में जल संस्थान के कार्यालय में घेराव किया। लगातार 5 घंटे घेराव के बाद सर्वसमिति से तय हुआ सभी लोग नगर पालिका कार्यालय में पहुंच कर निर्णय लेगे जहां लिखित समझौते के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।

पिछले कई दिनों से चिन्यालीसौड़ में पानी कि किलत के चलते लोगों में जल संस्थान के प्रति नाराजगी थी जिसके लिए स्थानीय लोगों ने कई बार जल संस्थान के कार्यालय में धरना प्रदर्शन और घेराव किया इसी क्रम में आज सुबह भी स्थानीय लोग जैसा स्थान कार्यालय में इकट्ठे हुए जहां देखते-देखते सभासद, नगर पालिका अध्यक्ष तथा सामाजिक कार्यकर्ता सुमन बडोनी भी पहुंचे और उन्होंने, जल संस्थान के अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी जताई। वहीं, स्थानीय लोगों की मांग थी कि जल संस्थान के पास जब पानी पर्याप्त मात्रा में है तो पानी उपभोक्ता को पर्याप्त मात्रा में क्यों नहीं मिल पा रहा है।

उन्होंने, विभाग द्वारा अनियमित और अपूर्ण पानी की आपूर्ति के बाद भी बड़ी धनराशि के बिलों पर भी नाराजगी व्यक्ति की।उन्होंने पी टी सी कर्मचारियों को वापस जल संस्थान विभाग में लगाने की मांग की चार घंटे के घेराव के बाद सभी लोग नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। जहां, पर विभागीय अधिकारियों क्षेत्रीय जनता सभासदों व नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि जल विद्युत निगम के ओवर फ्लो पानी को जल संस्थान द्वारा इकट्ठा कर वितरित किया जाएगा। जिसके लिए नागणी में नगर पालिका द्वारा एक टैंक बनाया जाएगा जहां से पानी का वितरण किया जाएगा।

सभासदों द्वारा उनके वार्ड में पानी की समुचित व्यवस्था होने पर ही विभाग द्वारा बिल दिए जाएंगे। पीटीसी कर्म चारियों को भी नहीं विभाग द्वारा ठेकेदारी प्रथा के अधीन कर दिया गया था उन्हे, विभागीय तौर पर पूर्व की भांति काम पर भेज दिया गया जिस पर विवाद समाप्त हुआ।


इस मौके पर पालिका अध्यक्ष मनोज कोहली, सामाजिक कार्यकर्ता सुमन बडोनी सभासद, प्रवीण गुनसोला, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष कुकरेती, रणवीर पंवार,नरेंद्र रावत, मनवीर, शुरबीर, अनिल अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं।

# डॉ. चिन्मय पंड्या ने भाजपा अध्यक्ष सहित गणमान्य व्यक्तियों से की मुलाकात

**जन एक्सप्रेस । चंद्रप्रकाश बहुगुणा**

**हरिद्वार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के वरिष्ठ प्रतिनिधि युवा आइकॉन डॉ. चिन्मय पंड्या ने आज नई दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित देश के 3 प्रमुख संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों से शिष्टाचार भेंट कर विविध विषयों पर गहन चर्चा की।

इस दौरान भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और आधुनिक विज्ञान के संगम को सुदृढ़ बनाना विचार साझा किया तो वहीं, वर्ष 2026 में प्रस्तावित दो दिव्य आयोजनों परम वंदनीय माताजी की जन्मशताब्दी व अखण्ड दीप स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने हेतु आमंत्रण दिया। नड्डा जी एवं उनकी धर्मपत्नी ने इस आयोजन के प्रति अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त की तथा इसे आध्यात्मिक चेतना के जागरण, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के पुनरुत्थान और राष्ट्रहित में एक प्रेरणास्पद पहल बताया।



डॉ. पंड्या ने भारत सरकार के इंडिया एआई मिशन के सीईओ, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के महानिदेशक के अतिरिक्त सचिव अभिषेक सिंह जी से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने, 16 सितम्बर को देव संस्कृति विश्व विद्यालय में आयोजित होने जा रहे। **"Faith and Future - Integrating ýl with Spirituality"** सम्मेलन हेतु आमंत्रण दिया। भेंट के दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और आध्यात्मिक मूल्यों के समन्वय से उत्पन्न सामाजिक, नैतिक और वैश्विक संभावनाओं पर सारगर्भित चर्चा हुई।

डॉ. पंड्या ने वैज्ञानिक अध्यात्मवाद की युगऋषि द्वारा प्रतिपादित अवधारणा को रेखांकित किया, जिसे अखिल विश्व गायत्री परिवार मानवता के समग्र उत्थान के व्यावहारिक मार्ग के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। सिंह ने इस पहल को भारतीय ज्ञान परंपरा एवं आधुनिक विज्ञान के संगम का प्रतीक बताते हुए सम्मेलन के लिए अपनी शुभकामनाएँ दीं।

डॉ. पंड्या ने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) की महानिदेशका के. नंदिनी सिंगला, उप महानिदेशक अभय कुमार, श मनीषा स्वामी, एस. गोपालकृष्णन, एवं संजय वेदी सहित वरिष्ठ अधिकारियों से विस्तृत विचार-विमर्श किया।

इस दौरान भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों का वैश्विक प्रसार, योग, शिक्षा एवं संस्कारों को अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुँचाना, युवाओं के बीच भारतीय परंपराओं के प्रचार हेतु सामूहिक प्रयास आदि विषय पर विचार साझा किया। युवा आइकॉन डॉ. चिन्मय पण्ड्या सांस्कृतिक जागरण एवं वैश्विक सद्भाव की दिशा देने के लिए होने वाले जन्मशताब्दी कार्यक्रम हेतु आमंत्रण दिया।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## समाज को सदैव सही दिशा दिखाने वाले मार्गदर्शक हैं मोहन भागवत

**आपको बता दें कि प्रधानमंत्री ने लिखा है कि 11 सितम्बर का दिन इतिहास में विशेष महत्व रखता है। यह वही तिथि है जब 1893 में स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो में अपने ओजस्वी शब्दों से भारत की आध्यात्मिक धारा और सार्वभौमिक भाईचारे की अवधारणा को विश्वपटल पर स्थापित किया। यही दिन 2001 में आतंकवाद की विभीषिका का साक्षी भी बना, जब मानवता पर 9/11 का हमला हुआ।**

*भारतीय राजनीति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का रिश्ता नया नहीं है। दोनों का वैचारिक स्रोत समान है, किंतु समय-समय पर दूरी और निकटता की स्थिति भी बनी रहती है। हाल की राजनीतिक घटनाओं ने एक बार फिर इस रिश्ते को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नागपुर में संघ मुख्यालय जाना, स्वतंत्रता दिवस के भाषण से लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत के 75वें जन्मदिन पर लिखे गए भावनात्मक आलेख तक, और हाल ही में मोहन भागवत का प्रधानमंत्री आवास पर जाना, ये सब घटनाएं संकेत देती हैं कि भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद संघ की छत्रछाया को पहले से कहीं अधिक महत्व देना शुरू कर दिया है। हम आपको याद दिला दें कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने दम पर स्पष्ट बहुमत हासिल करने में विफल रही थी। अबकी बार 400 पार का नारा देने वाली भाजपा के लिए पिछले लोकसभा चुनावों के परिणाम अप्रत्याशित थे। पिछले एक दशक तक भाजपा जिस तरह मोदी के चेहरे और संगठनात्मक शक्ति के बल पर जीत दर्ज करती रही थी, उसमें 2024 का चुनाव परिणाम झटका देने वाला था। देखा जाये तो मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल गठबंधन सरकार की मजबूरी के साथ शुरू हुआ। ऐसे माहौल में संघ का सहारा भाजपा के लिए स्वाभाविक था। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में यह धारणा बनी थी कि भाजपा ने चुनावी रणनीति और प्रचार की ताकत से संघ पर निर्भरता कम कर दी है। लेकिन 2024 के चुनाव के बाद तस्वीर बदल गई। संघ के सक्रिय सहयोग और भागवत के आशीर्वाद से भाजपा ने महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों में जीत हासिल की। इन चुनाव परिणामों ने यह संदेश दिया कि संघ के संगठनात्मक नेटवर्क, जमीनी कार्यकर्ताओं और सामाजिक पहुंच के बिना भाजपा की जीत अधूरी है। मोहन भागवत और नरेंद्र मोदी की हाल की नजदीकियों को इसी संदर्भ में समझना चाहिए। प्रधानमंत्री का संघ प्रमुख की खुलकर तारीफ करना और उनके मार्गदर्शन को राष्ट्रहित से जोड़ना यह बताता है कि भाजपा अब फिर से अपनी जड़ों की ओर लौट रही है। वहीं, भागवत का प्रधानमंत्री आवास पर जाना यह संकेत देता है कि संघ भी इस समय भाजपा के भीतर शक्ति संतुलन बनाने और उसे स्थिरता प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाना चाहता है। राजनीतिक दृष्टि से यह घटनाक्रम कई संकेत देता है। जैसे केवल मोदी के नेतृत्व और भाजपा की चुनावी मशीनरी से जीत अब सुनिश्चित नहीं है। चुनावी राजनीति में विचारधारा, संगठनात्मक अनुशासन और सामाजिक नेटवर्क की गहराई का कोई विकल्प नहीं है। भाजपा और संघ दोनों को अब यह अहसास है कि एक-दूसरे के बिना उनकी शक्ति अधूरी है। साथ ही आने वाले विधानसभा चुनावों और 2029 के लोकसभा चुनावों की तैयारी के लिए भाजपा को संघ की जमीनी ताकत और वैचारिक छवि दोनों की आवश्यकता होगी। देखा जाये तो भाजपा की 2024 की असफलता और उसके बाद की राजनीतिक परिस्थितियों ने साफ कर दिया है कि सत्ता की डगर पर अकेले चलने का दावा अब टिकाऊ नहीं है। संघ की शरण में लौटकर भाजपा ने एक तरह से अपनी जड़ों से दोबारा जुड़ने का फैसला किया है। महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा की जीतें यह संदेश देती हैं कि जब संघ-भाजपा एक साथ चलते हैं, तब उनकी राजनीतिक ताकत कई गुना बढ़ जाती है। यह देखना रोचक होगा कि संघ इस साझेदारी को किस तरह संतुलित करता है और भाजपा किस हद तक अपनी राजनीतिक रणनीतियों में संघ की सलाह और आशीर्वाद को स्थान देती है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**नैरेटिव गढ़कर, नैरेटिव फैलाकर इधर-उधर की उड़ा कर सकता प्राप्त की जा सकती है लेकिन सत्ता कब हाथ से फिसल जाएगी इसकी भी अंदाजा सत्तारूढ दल को तो होना ही चाहिए। वरना नेपाल बनते देर नहीं लगती। क्योंकि जब हम अपने हाता में सांप पालेंगे तो यह इस बात की बिल्कुल गारंटी नहीं कि वह हमारे दुश्मनों को ही डसंगे हमें नहीं। मैं भारत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई कि उस बात से पूरी तरह से सहमत हूं जिसमें वह कहते हैं कि पड़ोसी देश के हालात देखकर अपने संविधान पर गर्व है। यकीनन गर्व है। प्रत्येक भारतीय को शायद गर्व होगा। लेकिन कुछ ऐसे भी लोग हैं वह किसी विशेष राजनीतिक दल के भी लोग हो सकते हैं।**

## पड़ोसियों को भी जेन जेड की भावनाओं को समझना होगा


डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

**जो इस संविधान को बदलना चाहते हैं। उन्हें ऐसा करने से हमें रोकना होगा। इसी के साथ ही भारत को अब हर देश के लिए अलग तरह की डिप्लोमेसी अपनानी होगी। काबुल (अफगानिस्तान) कोलंबो (श्रीलंका) ढाका (बांग्लादेश) नेपाल (काठमांडू) ने दक्षिण एशिया के राजनीतिक समीकरण बदल दिए हैं। इतना ही नहीं अभी नेपाल पूरी तरह से खामोश नहीं हुआ था कि इसी बीच अब फ्रांस में भी हिंसा भड़क उठी है।**

हम जैसे तमाम लोग शायद जेन जेड का मतलब ना समझते हो लेकिन नेपाल में हुए खूनी संघर्ष तथा बड़े पैमाने पर हुई अराजकता ने बता दिया कि जैन जेड का केवल मतलब जानना ही काफी नहीं। बल्कि यह भी जानना जरूरी है कि हमारे पड़ोसी तथा मित्र देश नेपाल के नवयुवकों ने अपने ही देश के साथ ऐसा बर्ताव क्यों किया? जिससे नेपाल कई साल पीछे चला गया। वैसे जहां तक मैं समझ पा रहा हूं उसके मुताबिक किसी भी व्यक्ति या किसी भी व्यक्तियों के समूह या फिर पूरे समाज या संपूर्ण राष्ट्र को काफी समय तक ना तो बेवकूफ बना सकते हैं और ना ही भ्रम में रख सकते हैं । इतना ही नहीं सत्ता प्रतिष्ठान को यह गुमान और भ्रम भी बहुत समय तक नहीं पालना चाहिए कि वह कुछ भी कर ले लेकिन आम आदमी सिर्फ और सिर्फ बरदाश्त ही करेगा। मैं कहता हूं कि केवल कुछ समय तक बर्दाश्त करेगा इसके बाद फिर वही होगा जो नेपाल में घटित हुआ। सत्ता प्रतिष्ठान को चाहे वह किसी भी देश का हो उसे यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि उसे कुछ भी करने की छूट है। इसका ताजा उदाहरण नेपाल है और उससे पहले बांग्लादेश में भी इस तरह के कारनामे हो चुके हैं। नेपाल में जिस तरह की खबरें मिल रही है उसके मुताबिक जेन जेड का यह आक्रोश तात्कालिक नहीं था। आग सुलग रही थी बस हवा देने का काम सोशल मीडिया पर सरकार के बैन ने कर दिया। नतीजतन काठमांडू और पोखरा सहित कई शहर आज की चपेट में आ गए। वैसे जहां तक मेरा दिमाग काम करता है उसके अनुसार नौजवान पीढ़ी यानी जेन जेड का आक्रोश राजनीतिक दलों, राजनीतिक नेताओं और सिस्टम के खिलाफ था क्योंकि जिस तरह राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व प्रधानमंत्री तथा विभिन्न दलों के नेताओं के घरों दफ्तरों को निशाना बनाया गया। नेताओं को, मंत्रियों को, पुलिस को सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया गया वह बताता है कि सिस्टम को लेकर लोगों में किस तरह का आक्रोश था, किस तरह की निराशा थी। आज जो लोग नेपाल कि अराजकता को कोलंबो और ढाका के साथ जोड़कर देख रहे हैं वे शायद सच को झूठलाने की कोशिश कर रहे हैं । क्योंकि कोलंबो (श्रीलंका) ढाका (बांग्लादेश) में जो भी उपद्रव हुए वे सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ थे जबकि नेपाल में सत्ता और विपक्ष दोनों के खिलाफ आक्रोश था। कल का नेपाल हिंदू राष्ट्र वर्ष 2008 में रिपब्लिक नेपाल बना था। इन 17 वर्ष के कालखंड में नेपाल में 13 प्रधानमंत्री बन चुके हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि वहां की राजनीतिक वर्ग की प्राथमिकताएं क्या है और लोगों में आक्रोश क्यों है? कोई कुछ भी कहे लेकिन हकीकत यही है कि इस सारी अराजकता तथा उथल-पुथल के पीछे भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद, महंगाई तथा बेरोजगारी शायद प्रमुख कारक हैं। बड़े-बड़े चुनावी वायदे करके सब्जबाग दिखा करके इतिहास कुरेद करके नौकरी के नाम पर नौजवानों को भ्रमित करके तथा आक्रोश को दबाकर और सच बोलने पर पहरा लगा कर सत्ता तो प्राप्त की जा सकती है लेकिन ऐसी सत्ता किस लिए? किस उद्देश्य के लिए यह भी तो बताना जाना चाहिए। आज जिस तरह शिक्षित नौजवानों की अपेक्षाये बढ़ रही है वे नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं ऐसे में जब उनके सब्र का प्याला छलकेगा तो नेपाल , बांग्लादेश तथा श्रीलंका जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति होगी। भगवान से प्रार्थना है कि उक्त देश में जिस तरह का रक्तपात हुआ, अराजकता फैली, लोगों को मौत के घाट उतारा गया पुलिस के थाने, जेल, सचिवालय , अदालतें आज जिस तरह आग की भेंट चढ़ी वैसी घटनाएं कभी भी अपने देश में ना हो। उम्मीद है की होगी भी नहीं। लेकिन इसके लिए क्या सत्तारूढ दल तथा क्या विपक्षी दल सभी को एक ऐसी रणनीति बनाना होगा जिससे शिक्षित बेरोजगारों तथा नौजवानों की भावनाएं आहत न हो। उनके लिए उनकी योग्यता और क्षमता के अनुसार उनको काम मिले। ताकि विकसित भारत बनाने में वे भी अपना योगदान दे सके। नेपाल की घटना केवल एक चुनौती नहीं बल्कि एक संदेश भी है । वह भारत के लिए की जाति , वर्ग, धर्म, भाषा, उच्च नीच तथा अल्पसंख्यक के नाम पर राजनीति करके सत्ता तो प्राप्त की जा सकती है लेकिन 2047 में विकसित भारत नहीं बनाया जा सकता है। क्योंकि विकसित भारत बनाने के लिए सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास तथा सबका विश्वास चाहिए। जबकि वर्तमान केंद्र की मोदी सरकार सबका विश्वास अब तक नहीं अर्जित कर पाई है। एक रात करोड़ दीपक जलाकर आप एक निश्चित क्षेत्र में उजाला कुछ समय के लिए कर सकते हैं हमेशा के लिए नहीं। क्योंकि हमेशा तो तभी उजाला रहेगा जब सबके लिए शिक्षा के अवसर होंगे । सबके लिए सस्ते दर पर चिकित्सा की व्यवस्था होगी तथा शिक्षा की लौ हमेशा जलती रहे इसकी चिंता होगी। दीपक कि लौ तो कुछ समय बाद बुझ जाएगी। लेकिन शिक्षा की लौ हमेशा जलती रहे और हमारे नौनिहाल उस शिक्षा की लौ से अच्छादित होते रहे। राजनीति में चुनाव जीतने के लिए राजनीतिक दल कितने घिनौना हथकंडे अपनाते हैं या लिखने की आवश्यकता नहीं। लेकिन यह समझने की जरूर आवश्यकता है कि गांधी का विकल्प फिलहाल अभी 2047 तक उपलब्ध नहीं है। नैरेटिव गढ़कर, नैरेटिव फैलाकर इधर-उधर की उड़ा कर सकता प्राप्त की जा सकती है लेकिन सत्ता कब हाथ से फिसल जाएगी इसका भी अंदाजा सत्तारूढ दल को तो होना ही चाहिए। वरना नेपाल बनते देर नहीं लगती। क्योंकि जब हम अपने हाता में सांप पालेंगे तो यह इस बात की बिल्कुल गारंटी नहीं कि वह हमारे दुश्मनों को ही डसंगे हमें नहीं। मैं भारत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई कि उस बात से पूरी तरह से सहमत हूं जिसमें वह कहते हैं कि पड़ोसी देश के हालात देखकर अपने संविधान पर गर्व है। यकीनन गर्व है। प्रत्येक भारतीय को शायद गर्व होगा। लेकिन कुछ ऐसे भी लोग हैं वह किसी विशेष राजनीतिक दल के भी लोग हो सकते हैं जो इस संविधान को बदलना चाहते हैं। उन्हें ऐसा करने से हमें रोकना होगा। इसी के साथ ही भारत को अब हर देश के लिए अलग तरह की डिप्लोमेसी अपनानी होगी। काबुल (अफगानिस्तान) कोलंबो (श्रीलंका) ढाका (बांग्लादेश) नेपाल (काठमांडू) ने दक्षिण एशिया के राजनीतिक समीकरण बदल दिए हैं । इतना ही नहीं अभी नेपाल पूरी तरह से खामोश नहीं हुआ था कि इसी बीच अब फ्रांस में भी हिंसा भड़क उठी है। लोग सड़कों पर आ गए हैं। यह स्थिति किसी भी लिहाज से ठीक नहीं है । क्योंकि खरबूजा खरबूजे को देखकर बहुत जल्दी रंग बदल लेता है।



**भगवान से प्रार्थना है कि उक्त देश में जिस तरह का रक्तपात हुआ, अराजकता फैली, लोगों को मौत के घाट उतारा गया पुलिस के थाने, जेल, सचिवालय , अदालतें आज जिस तरह आग की भेंट चढ़ी वैसी घटनाएं कभी भी अपने देश में ना हो।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे हैं, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्टी 07:23 तक |
| नक्षत्रः | कृत्तिका 10:11 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | व्याघात, 13:40 तक |
| सूर्योदयः | 06:06 |
| सूर्यास्तः | 18:27 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 09:11-10:44 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:52 -12:40 |

## जन एक्सप्रेस

### सुरक्षा प्रोटोकॉल !

*कर रहे उल्लंघन ।*
*सुरक्षा प्रोटोकॉल ।।*
*बार बार ये घटना ।*
*है बड़ा सवाल ।।*
*बिना बता कर इधर उधर ।*
*रहे अक्सर घूम ।।*
*भेजा लिख कर पत्र ।*
*क्यों बनते मासूम ।।*
*बनो जिम्मेदार अब ।*
*है समय की मांग ।।*
*ठीक नहीं रचाना ।*
*बेवजह ये स्वांग ।।*
*महत्वपूर्ण आपको ।*
*समझ रहे हैं लोग ?।।*
*जो मिली है सुविधा ।*
*करें सही उपयोग ।।*


- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## लिवर हेल्दी रखना है तो पिएं नारियल पानी



**मौजूदा** जीवनशैली इतनी बुरी और खराब हो चुकी है लोगों को तरह-तरह की बीमारियां अपनी चपेट में ले रही हैं। कोई मोटापे से ग्रस्त है, तो किसी को किसी न किसी तरह की बीमारी हो रही है। इसमें डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, थायराइड आदि कई तरह की मेडिकल कंडीशंस शामिल हैं। यही नहीं, अनहेल्दी लाइफस्टाइल का बुरा प्रभाव हमारे ऑर्गंस पर भी पड़ रहा है। खाकसकर, लिवर से जुड़ी बीमारियां देखने को मिल रही हैं।

**लिवर सेल्स को डैमेज होने से रोकता है:** नारियल पानी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो कि लिवर सेल्स को डैमेज होने से रोक सकते हैं। एनसीबीआई की रिपोर्ट पर यकीन करें, तो इसमें कई ऐसे तत्व होते हैं, जो कि प्रो-इंफ्लेमेटरी जीन्स जैसे एनओएस2, टीएनए से संबंधित सूजन को सप्रेस कर सकते हैं। आपको ये बता दें कि ये सभी जीन्स इंफ्लेमेशन और लिवर सेल डेथ से संबंध रखते हैं।

**फैटी लिवर के जोखिम में कमी:** अलग-अगल अध्ययनों से इस बात की पुष्टि होती है कि नारियल पानी एक तरह डिटॉक्स वॉटर है। इसका सेवन करने से न सिर्फ फैटी लिवर के जोखिम को कम किया जा सकता है। इसके साथ ही, अगर किसी को फैटी लिवर की दिक्कत है, तो उसे भी मैनेज करने में मदद मिलती है। हालांकि, आपको स्पष्ट कर दें कि जब फैटी लिवर की समस्या टॉक्सिंस की वजह से होती है, उसमें नारियल पानी पीना लाभकारी माना जाता है।

**डिटॉक्स करने में मदद करता है:** यह तो आपने एक्सपर्ट को कहते सुना होगा कि हर व्यक्ति को समय-समय पर अपनी बॉडी को डिटॉक्स करना चाहिए। इससे लिवर, किडनी जैसे सभी ऑर्गन सुचारू ढंग से काम करते हैं। नारियल पानी पीने से किडनी के माध्यम से सभी टॉक्सिंस बाहर निकल जाते हैं। इसक असर पूरे शरीर पर पड़ता है। लिवर हेल्थ पर भी प्रमोट होती है।

**निष्कर्ष:** लिवर के लिए नारिय पानी पीना लाभकारी है, इस बात की पुष्टि इस लेख में हो चुकी है। इसके बावजूद, आप एक दिन में कितनी मात्रा में नारियल पानी पीते हैं, इस संबंध में एक्सपर्ट की राय लेना न भूलें। इसके अलावा, अगर आपको किसी तरह की समस्या है, तो जरूरी है कि आप प्रोफेशनल को अपनी समस्या के बारे में भी बताएं।

**क्या लिवर की बीमारी में नारियल पानी पी सकते हैं?:** लिवर में इंफेक्शन या किसी भी तरह की समस्या होने पर आप नारियल पानी का सेवन कर सकते हैं। इससे बॉडी हाइड्रेट रहती है, इलेक्ट्रोलाइट्स बैलेंस होता है, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस कम होता है।

**लिवर के लिए सुबह क्या पीना चाहिए?:** लिवर के लिए सुबह खाली पेट गुनगुना पानी, नींबू पानी या ग्रीन टी पीना फायदेमंद हो सकता है।

**गर्म पानी पीने से लिवर में क्या होता है?:** गर्म पानी पीने से लिवर पर सीधा-सीधा कोई नेगेटिव असर नहीं पड़ता है। इसके उलट, गर्म पानी पीने से पाचन संबंधी सुधार होता है, टॉक्सिंस बाहर निकल जाते हैं और ब्लड फ्लो में भी सुधार होता है। ऐसे में ओवर ऑल हेल्थ में सुधार होता है, जिससे लिवर फंक्शन बेहतर होता है।

### एक्सप्रेस विशेष

## परमाणु शक्ति : विकास की आड़ में मृत्यु का सौदा


प्रो. आरके जैन

**ट्रांसम्यूटेशन जैसी तकनीक, जो रेडियोधर्मी तत्वों को कम खतरनाक बनाती है, पर शोध को और तेज करना होगा। मगर इन सबसे ऊपर, हमें अपनी सोच को बदलना होगा। असीमित विकास का भ्रम अब टिकाऊ नहीं, यह एक ऐसी सच्चाई है जिसे हमें गले लगाना होगा।**

**न्यूक्लियर कचरे के इस संकट से निपटने के लिए हमें साहसिक और दूरदर्शी कदम उठाने होंगे। सबसे पहले, परमाणु ऊर्जा पर हमारी निर्भरता को तत्काल कम करना होगा। सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों ने बीते दशक में चमत्कारिक प्रगति की है। अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, 2023 तक वैश्विक सौर ऊर्जा क्षमता 1,000 गीगावाट को पार कर चुकी है।**

**एक** कड़वा सच हमें हर पल झकझोरता है जब हम स्वच्छ ऊर्जा के नाम पर परमाणु शक्ति का गुणगान करते हैं, तो उस भयावह छाया को अनदेखा कर देते हैं जो हमारी धरती और भावी पीढ़ियों पर सदियों तक मंडराएगी न्यूक्लियर कचरा। यह कचरा कोई सामान्य कूड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसा घातक ज़हर है जो लाखों वर्षों तक हमारे ग्रह को विषाक्त करता रहेगा। हमारी सभ्यता की चकाचौंध के पीछे छिपा यह डरावना सच केवल तकनीकी चुनौती नहीं, बल्कि एक गहन नैतिक और अस्तित्वगत संकट है। परमाणु ऊर्जा को जलवायु परिवर्तन का रामबाण बताकर हम आज की समस्याओं को भले ही टाल लें, मगर इसके विनाशकारी परिणामों की भारी कीमत हमारी आने वाली पीढ़ियाँ चुकाएँगी। यह एक ऐसी विरासत है, जिसे कोई भी संतान स्वीकार नहीं करना चाहेगी। परमाणु ऊर्जा को ÷हरित÷ और ÷स्वच्छ÷ का तमगा देकर आसमान पर चढ़ाया जाता है, क्योंकि यह जीवाश्म ईंधन की तुलना में कार्बन उत्सर्जन को काबू में रखता है। विश्व ऊर्जा परिषद के मुताबिक, यह वैश्विक बिजली का 10 प्रतिशत हिस्सा देती है और 2023 तक 2.5 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड को रोकने में मददगार रही। लेकिन इस चमकदार आँकड़े की आड़ में एक भयावह सच छिपा है÷ उच्च-स्तरीय रेडियोधर्मी कचरा, एक ऐसा ज़हर जो धरती को लाखों वर्षों तक दूषित कर सकता है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) बताती है कि हर साल 10,000 टन यह घातक कचरा पैदा होता है, जिसमें यूरेनियम-238 और प्लूटोनियम-239 जैसे तत्व 10,000 से 24,000 वर्षों तक रेडियोधर्मी रहते हैं। इतने लंबे समय तक इसे सुरक्षित रखना मानव सभ्यता के लिए एक असंभव-सी चुनौती है। इस कचरे का प्रबंधन कोई बच्चों का खेल नहीं। आज अधिकांश देश इसे अस्थायी भंडारण में डालकर टालमटोल करते हैं–पानी के पूल या स्टील-कंक्रीट के कंटेनरों में। मिसाल के तौर पर, अमेरिका की हनफोर्ड साइट पर 56 मिलियन गैलन रेडियोधर्मी कचरा 177 भूमिगत टैंकों मेंजमा है, जिसके लिए अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं है। फिनलैंड की ओनकॉलो परियोजना, जो 2025 में शुरू होगी, गहरे भूगर्भीय भंडारण की दिशा में एकमात्र गंभीर कदम है। मगर सवाल अनुत्तरित है– क्या हम भूकंप, भू-स्खलन या मानवीय भूलों से लाखों वर्षों तक इस कचरे को सुरक्षित रख पाएँगे? इतिहास चीख-चीखकर बताता है कि मानव सभ्यताएँ कुछ हजार वर्षों में ही धूल में मिल जाती हैं। फिर, लाखों वर्षों की गारंटी कौन देगा? इसका एक और डरावना पहलू है–सुरक्षा का संकट। यह कचरा केवल प्राकृतिक आपदाओं का शिकार नहीं, बल्कि मानव निर्मित खतरों का भी आसान निशाना है। 2011 का फुकुशिमा हादसा इसकी मिसाल है, जहाँ प्रकृति ने मानव की लापरवाही को बेनकाब किया। लेकिन अगर आतंकवादी इस कचरे को हथियार बना लें तो? आईएईए की रिपोर्ट बताती है कि 2001 से 2020 तक रेडियोधर्मी सामग्री की चोरी या दुरुपयोग की 3,000 से ज्यादा घटनाएँ हुई हैं। प्लूटोनियम की मामूली मात्रा से बनने वाला ÷डर्टी बम÷ लाखों जिंदगियों को तबाह कर सकता है। यह खतरा सिर्फ़ तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक जटिलताओं से भी भरा है। न्यूक्लियर कचरे का कहर सिर्फ़ पर्यावरण तक नहीं रुकता; यह मानवता के स्वास्थ्य पर सदियों तक छाया रहता है। रेडियोधर्मी कण कैंसर, आनुवंशिक विकृतियाँ और जन्मजात रोगों का जाल बुनते हैं। 1986 के चेर्नोबिल हादसे ने इसका भयावह चेहरा दिखाया–यूक्रेन और बेलारूस में थायरॉइड कैंसर के मामले 10 गुना बढ़ गए, और यह अभिशाप पीढ़ियों तक गूँज रहा है। अगर न्यूक्लियर कचरे का रिसाव हुआ, तो यह पानी, मिट्टी और खाद्य श्रृंखला को ज़हरीला बना देगा, जिसका दंश सैकड़ों वर्षों तक रहेगा। क्या हमारी अल्पकालिक सुविधा के लिए इतना भयंकर जोखिम उचित है? इसके समाधान के लिए साहसिक और बहुआयामी कदम जरूरी हैं। सबसे पहले, परमाणु ऊर्जा पर निर्भरता घटानी होगी। सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों ने पिछले दशक में क्रांति ला दी है। अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (आईआरईएनए) के अनुसार, 2023 तक वैश्विक सौर ऊर्जा क्षमता 1,000 गीगावाट को पार कर चुकी है। ये स्रोत न सिर्फ़ सुरक्षित हैं, बल्कि इनका कोई ज़हरीला कचरा भी नहीं। दूसरा, न्यूक्लियर कचरे के निपटान के लिए नवाचार अनिवार्य है। ट्रांसम्यूटेशन जैसी तकनीक, जो रेडियोधर्मी तत्वों को कम खतरनाक बनाती है।

# बरखेड़ा के गझेड़ा गांव में खसरा की पुष्टि, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

- स्वास्थ्य विभाग ने गांव में घर-घर सर्वे कर बच्चों को विटमिन ए की खुराक दी, टीकाकरण स्थिति पर बैठक बुलाई




**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गझेड़ा गांव में बाढ़ के बाद संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बीते दिनों सात साल की मासूम काव्या में लगातार बुखार रहने पर उसकी जांच कराई गई, जिसमें खसरा (मिजिल्स रुबेला) की पुष्टि हुई। निजी अस्पताल द्वारा कराए गए परीक्षण में पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई। इस पर डब्ल्यूएचओ और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. एस. के. सिंह ने गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और तुरंत आवश्यक कार्रवाई शुरू की।स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में घर-घर जाकर सर्वे किया। इस दौरान कई अन्य बच्चों में भी बुखार की स्थिति पाई गई। काव्या की बहन दिव्यांशी, खुशी और भाई वैभव भी बीते कई दिनों से बुखार से पीड़ित हैं। विभाग ने सभी बच्चों को विटमिन ए की खुराक दी और उनकी जांच प्रक्रिया जारी रखी। यह खुराक शनिवार को भी दी जाएगी। परिवार से पूछताछ में यह पता नहीं चल सका कि बच्चों का खसरा टीकाकरण हुआ था या नहीं। टीकाकरण कार्ड भी उपलब्ध नहीं था। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.एस.के.सिंह ने बताया कि गांव में अधिकांश परिवारों के पास टीकाकरण कार्ड उपलब्ध नहीं हैं। कुछ परिवारों ने बताया कि उनके कार्ड आशा कार्यकर्ताओं के पास रखे हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण की सही स्थिति जानने के लिए शनिवार को बैठक बुलाई, जिसमें सभी संबंधित परिवारों और आशा कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाएगा। बैठक में संक्रमण की स्थिति, बच्चों की जांच और टीकाकरण के रिकॉर्ड की समीक्षा की जाएगी।
पूरनपुर क्षेत्र में हाल ही में चिकन पॉक्स के एक मामले की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष टीमें भेजकर पड़ताल की जा रही है। गझेड़ा गांव में यह कदम संक्रमण रोकने और बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए अहम माना जा रहा है।

# एआरटीओ के नेतृत्व में 'नो हेलमेट-नो फ्यूल' अभियान

## बीसलपुर में दोपहिया चालकों के 38 चालान काटे






**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

### सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष चेकिंग, पेट्रोल पंप संचालकों को दिए सख्त निर्देश, हेलमेट की अनिवार्यता पर दिया गया जोर, बोले जारी रहेगा अभियान

प्रदेश में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'नो हेलमेट-नो फ्यूल' अभियान के तहत शुक्रवार को बीसलपुर क्षेत्र में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य दोपहिया चालकों में हेलमेट पहनने के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करना था।
इस दौरान एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने 24 दोपहिया चालकों के चालान काटे, जबकि यात्रीकर अधिकारी बर्डिस चतुर्वेदी ने 14 चालकों पर जुर्माना लगाया। अधिकारियों ने हेलमेट न पहनने वाले चालकों को चेतावनी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में हेलमेट जीवनरक्षक होता है और सिर पर गंभीर चोट के खतरे को कम करता है।
अभियान के दौरान एआरटीओ ने पेट्रोल पंप संचालकों को भी सख्त निर्देश दिए कि बिना हेलमेट के किसी भी चालक को पेट्रोल न दिया जाए। उन्होंने साफ कहा कि अगर ऐसा पाया गया तो पंप संचालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।
एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने इस मौके पर क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी नियमों के प्रति जागरूक करें।
उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल जुर्माना लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि सड़क पर सुरक्षा और जीवन बचाने की जिम्मेदारी को जनता तक पहुंचाने का प्रयास है।
अभियान में स्थानीय नागरिकों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई और दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि यह अभियान निरंतर चलता रहेगा और सड़क सुरक्षा को लेकर सख्ती बरती जाएगी।

# स्वास्थ्य विभाग में बीमा विवाद: सीएचओ ने बीपीएम पर जबरन पॉलिसी कराने का लगाया आरोप

- बरखेड़ा ब्लॉक में आयुष्मान आरोग्य केंद्र के 16 सीएचओ ने सख्त शिकायत दर्ज कराई

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

> सीएचओ ने मांग की है कि बीपीएम गोविंद राठौर के इस रवैये पर तत्काल रोक लगाई जाए और उच्च अधिकारियों को जानकारी देकर उचित कार्रवाई की जाए। सभी सीएचओ ने चेतावनी दी है कि यदि इस प्रकार की जबरदस्ती पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।
>
> सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने पुष्टि की है कि सीएचओ ने बीपीएम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन कर दिया गया है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग में बीमा कराने को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि बीपीएम (ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर) गोविंद राठौर द्वारा कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) को कार्यालय में बुलाकर जबरन बीमा कराने का दबाव डाला जा रहा है। बीमा न कराने पर कार्रवाई की धमकी मिलने से नाराज सीएचओ ने सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए सीएमओ डॉ. आलोक कुमार को शिकायती पत्र सौंपा है।
बरखेड़ा ब्लॉक में संचालित आयुष्मान आरोग्य केंद्र पर तैनात 16 सीएचओ ने आरोप लगाया है कि बीपीएम विभाग में नौकरी करने के साथ-साथ एलआईसी एजेंट भी हैं। अपने बीमा टारगेट पूरे करने के लिए वह सीएचओ पर पॉलिसी कराने का दबाव डालते हैं और न करने की स्थिति में अनावश्यक समस्याएं खड़ी करने की धमकी देते हैं। सीएचओ का कहना है कि उनके रोजमर्रा के कार्य का बीमा पॉलिसी से कोई लेना-देना नहीं है, बावजूद इसके बीपीएम लगातार पॉलिसी कराने के लिए दबाव डालते हैं। कई बार दबाव में कुछ अधिकारी पॉलिसी लेने को मजबूर हुए हैं, लेकिन अब सभी सीएचओ ने सामूहिक रूप से इसका विरोध किया है।
बीपीएम कई बार सीएचओ के सेंटर पर पहुंचकर अनुपस्थित दिखाने की फर्जी रिपोर्ट भेजते हैं। इसके अलावा, कई अनाधिकृत कर्मचारियों को लेकर भी सेंटर में आते हैं और बीमा कराने का दबाव बनाते हैं। इस स्थिति के चलते कार्यस्थल पर तनाव का माहौल पैदा हो गया है।

### पीलीभीत महिला अस्पताल में नवजात शव को कुत्ते ने उठाया, परिसर में उठे सवाल

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** मेडिकल कॉलेज परिसर में संचालित जिला महिला अस्पताल में गुरुवार रात एक महिला को मृत नवजात का जन्म हुआ। अस्पताल प्रशासन ने सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को परिवार के सुपुर्द कर दिया। लेकिन कुछ देर बाद अस्पताल के पार्क परिसर में घूम रहे कुत्ते ने नवजात का शव उठाकर भागा। कुछ लोगों ने पीछा किया तो कुत्ता कुछ दूरी पर शव को छोड़कर भाग गया। घटना से अस्पताल व्यवस्थाओं पर सवाल उठे हैं। मरौरी ब्लॉक की महिला को प्रसव पीड़ा के बाद जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिवार ने शव अस्पताल से बाहर ले लिया था और इसी दौरान झपकी में कुत्ता शव को उठा ले गया। परिसर में अक्सर छुट्टा पशुओं की उपस्थिति रहती है। हालांकि परिवार ने इस घटना को लेकर किसी भी तरह की शिकायत दर्ज नहीं कराई और अस्पताल प्रशासन पर कोई आरोप नहीं लगाया। अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश कुमार ने बताया, एक महिला को मृत बच्चे का जन्म हुआ था। शव को परिवार के सुपुर्द कर दिया गया था। इसके बाद परिवार की जिम्मेदारी होती है, अस्पताल प्रशासन की नहीं। नवजात के शव को कुत्ते द्वारा ले जाने का मामला फिलहाल मेरे संज्ञान में नहीं है। यह घटना अस्पताल परिसर में व्यवस्थाओं और सुरक्षा को लेकर चर्चा का विषय बन गई है।

# गन्ना विकास समिति की हुई वार्षिक बैठक, बंद खाद गोदामों का उठा मुद्दा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



हजारा। खीरी पीलीभीत सहकारी गन्ना विकास समिति संपूर्णानगर की वार्षिक बैठक समिति परिसर में हुई जिसकी अध्यक्षता गन्ना समिति अध्यक्ष सुखविंदर सिंह ने की। बैठक में संचालक लखविंदर सिंह ने संचालकों को संबोधित करते हुए कहा कि समिति का नाम खीरी-पीलीभीत सहकारी गन्ना समिति है। लेकिन पड़ोसी जिला पीलीभीत के थाना हजारा के ट्रांस शारदा क्षेत्र के किसानो को अनुदान नही दिया जाता है। जबकि इसी समिति के खीरी के किसानो को सब्सिडी मिल रही है। इस पर अध्यक्ष, सचिव प्रस्ताव को आगे बढ़ाएं और थाना हजारा के किसानो को भी अनुदान दिलाने की मांग पूरी करें। वहीं हजारा थाना क्षेत्र के संचालक सदस्य एवं साधन समिति के पूर्व अध्यक्ष मुरैना गांधीनगर निवासी चौधरी पदम सिंह ने हजारा में गोदाम संचालित करने का मुद्दा उठाया कहा कि खाद, यूरिया लेने किसानो को संपूर्णानगर के गोदाम में आना पड़ता है जबकि ट्रांस शारदा क्षेत्र के कबीरगंज मुरैना गांधीनगर राघवपुरी आदि में पहले से ही खाद गोदाम बने हुए हैं और संचालित भी हो रहे थे मगर अब बंद कर दिए गए हैं इन गोदामों को पुनःचालू करने की मांग किया है। संचालक बेचेलाल ने सुमेर नगर में नया क्रय केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव भेजने की बात कही, दयाराम ने समिति व मिल परिक्षेत्र में मृदा परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने की मांग रखी है। अब्दुल बहाव ने गन्ने की नई प्रजाति उपलब्ध कराने की बात रखी। इसके अलावा लल्लन गोंड ने समिति के सभी गोदाम में डीएपी, एनपीके, यूरिया उपलब्ध कराने पर चर्चा की। अध्यक्ष व सचिव गंगाराम यादव ने बैठक में आये सभी सुझावों को प्रस्ताव बना आगे भेजने की बात कही है। इस दौरान ज्येष्ठ गन्ना अधिकारी मिथलेश तिवारी सहित खीरी-पीलीभीत के कई संचालक व किसान मौजूद रहें।

### रघुनाथपुर तेंदुवा गांव में दिखा तेंदुआ

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर। गोंदलामऊ।** रघुनाथपुर तेंदुवा गांव में बुधवार रात तेंदुआ दिखने से हड़कंप मच गया। यहां करीब 10 दिन पहले भी तेंदुआ दिखा था। इससे ग्रामीण भयभीत हैं। गोमती नदी से कुछ दूरी पर बसे रघुनाथपुर तेंदुवा निवासी परशुराम बुधवार रात करीब 10 अपने खेत में खड़ी दलहन की फसल की रखवाली करने गए थे। उन्होंने बताया कि जब वह खेत से करीब 100 मीटर दूर थे तो टार्च की रोशनी में तेंदुआ दिखने से वह काफी डर गए। गांव की ओर भागे। भागते समय उन्होंने शोर भी मचाया। शोर सुनकर गांव के लोग लाठी-डंडे लेकर दौड़ पड़े। ग्रामीणों के पहुंचने पर परशुराम सभी के साथ खेत की ओर गए लेकिन तब तक तेंदुआ वहां से जा चुका था। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। मौके पर वन दरोगा अनिल यादव ने पगचिह्नों को देखा और तेंदुआ होने की पुष्टि की। उन्होंने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 10 दिन पहले जंगली जानवर ने मवेशियों को निवाला बनाया था। ग्रामीणों ने बताया कि रघुनाथपुर तेंदुवा, उर्दहा, ककरघटा, बैसौली, खेउटा, रामपुर आदि नदी किनारे बसे गांवों में बाघ व तेंदुए की लगातार चहलकदमी बनी हुई है।

# मरीजों को बाहर की दवा लिखने पर डॉक्टर को ओपीडी से हटाया, जांच शुरू

- सोशल मीडिया पर वायरल हुए पर्चों के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने लिया सख्त कदम पैथोलॉजी डिपार्टमेंट में दी नई जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

> प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने कहा कि सभी चिकित्सकों को नोटिस जारी कर दिया गया है कि भविष्य में किसी भी हालत में बाहर की दवा न लिखी जाए। जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मरीजों की नब्ज़ थामकर उनके जख्म भरने का संकल्प लेने वाले डॉक्टर पर ही बाहर की दवा लिखने का आरोप लगने से मेडिकल कॉलेज में खलबली मच गई। मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुए पर्चों का है, जिसमें डॉक्टर ने मरीजों को सरकारी पर्चे पर बाहर की दवा लिखी। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने इस गंभीर मामले पर तुरंत कार्रवाई करते हुए डॉ. महावीर सिंह को ओपीडी ब्लॉक से हटा दिया और उन्हें पैथोलॉजी लैब से संबद्ध कर दिया है। साथ ही, प्रशासन ने जांच कमेटी बनाकर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।
प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने बताया कि यह स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि किसी भी हालत में मरीजों को बाहर की दवा नहीं लिखी जाए। डॉ. महावीर सिंह को पैथोलॉजी से जोड़ने का कारण यह भी है कि वे पैथोलॉजिस्ट भी हैं, इसलिए उन्हें वहां कार्यभार सौंपा गया है। संयुक्त चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज का दर्जा मिलने को तीन साल बीत चुके हैं, लेकिन ओपीडी ब्लॉक में दवाओं की पूरी कैटगरी अब तक पूरी नहीं हो सकी है। इस कमी के चलते कई डॉक्टर मरीजों को बाहर की दवा लिखते रहे हैं। इससे पहले भी कुछ डॉक्टरों पर कमीशनखोरी के आरोप लग चुके हैं। हाल ही में डॉ. महावीर सिंह द्वारा सरकारी पर्चे पर बाहर की दवा लिखे जाने की जानकारी सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया और सख्त कार्रवाई की।

### लखनीपुर में लहरों के निशाने पर चार आशियाने

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** शारदा और सरयू नदी का जलस्तर लगातार कम हो रहा है। इससे बाढ़ प्रभावित गांवों के हालात सामान्य होने लगे हैं। बेहटा ब्लॉक के लखनीपुर में शारदा की बेकाबू लहरें लगातार कटान कर रही हैं। चार घर लहरों के निशाने पर हैं। रामपुर मथुरा इलाके में सरयू की बाढ़ से राहत के बाद अब कीचड़ व गंदगी जैसी समस्याओं से लोगों को जूझना पड़ रहा है। संक्रामक रोग भी लोगों को चपेट में ले रहा है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विशाल पोरवाल ने बताया कि गिरिजापुरी में लगे मीटर गेज से लिए गए आंकड़ों के मुताबिक बृहस्पतिवार को शारदा नदी का जलस्तर 134.90 मीटर है, जो खतरे निशान से 59 सेमी नीचे है। सरयू नदी का जलस्तर 135.15 मीटर है, जो खतरे के निशान से 163 सेमी नीचे है। तंबौर प्रतिनिधि के अनुसार लखनीपुर में कटान थम नहीं रहा है। सड़क कटने के बाद लहरों का रुख आबादी की ओर है। परागी लाल, भूखन, राजकिशोर और गजराज के घर कटान की कगार पर हैं, इनके घरों से धारा महज पांच मीटर दूर है।

# गौशाला में लापरवाही का मामला: मृत बछड़े को कुत्तों ने नोचा

- देखभाल की कमी से मवेशियों की हालत दयनीय, तहसीलदार ने सुधार के निर्देश दिए

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



जिले की गौशालाओं की बदहाल स्थिति एक बार फिर सुर्खियों में आई है। सदर तहसील क्षेत्र के पंडरी गांव स्थित गौशाला में शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान ऐसा नजारा सामने आया जिसने ग्रामीणों और हिंदूवादी संगठनों का आक्रोश भड़काया। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष ठाकुर यशवंत सिंह, आशीष लोधी, गोपालसिंह, शुभम सक्सेना और गौरव राणा ने गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पता चला कि गौशाला में न तो देखभाल करने वाला कोई मौजूद था और न ही पशुओं के लिए कोई पुख्ता व्यवस्था। स्थिति इतनी खराब थी कि गौशाला में पड़ा मृत बछड़ा कुत्तों द्वारा नोच-नोचकर खाया जा रहा था।
स्थिति की जानकारी मिलने पर सदर तहसीलदार अर्चा गुप्ता मौके पर पहुंचीं। तहसीलदार ने निरीक्षण के दौरान गौशाला में देखभाल का रजिस्टर तक न मिलने की जानकारी दी। साथ ही, मवेशियों की सही संख्या का कोई ब्यौरा भी उपलब्ध नहीं कराया जा सका। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से गौशाला में चारे की कमी बनी हुई है और बीमार मवेशियों के इलाज की कोई व्यवस्था नहीं की जाती। तहसीलदार ने मौके पर पशुपालन विभाग को स्थिति सुधारने के निर्देश दिए और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। हिंदूवादी संगठनों के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जिले की गौशालाओं की स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि सरकार की नीयत गौ-सेवा के लिए साफ है, लेकिन जमीनी स्तर पर लापरवाही और अनदेखी की तस्वीर गंभीर है।

### कोल्ड स्टोर में बोरियां ढो रहा मजदूर दबा, इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर। सिधौली।** मिश्रिख मार्ग स्थित आनंद कोल्ड स्टोरेज में आलू की बोरियों के नीचे दबने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। बृहस्पतिवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने कोल्ड स्टोरेज प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कमलापुर के सराय निवासी रामपाल (52) बुधवार देर शाम आनंद कोल्ड स्टोरेज में आलू की बोरियां ढो रहे थे। इस दौरान बोरियों की छल्ली खिसकने से बोरियां एकाएक रामपाल के ऊपर आ गिरीं। वह बोरियों के नीचे दब गए। साथी पल्लेदारों ने उन्हें निकाल कर निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# जेसीआई जन सम्पर्क सप्ताह के तीसरे दिन गायन प्रतियोगिता में सजी सुरों की महफ़िल

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

जेसीआई लखीमपुर खीरी द्वारा आयोजित जेसीआई जनसमपर्क सप्ताह के तीसरे दिन एकल गायन प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें 60 से अधिक प्रतिभागियों ने विविध आयु वर्ग के तीन समूहों में सहभागिता की। सबसे पहले आडीशन चक्र हुआ जिसमें सहभागिता करके 32 प्रतिभागियों को फाइनल चक्र हेतु चयनित किया गया। निर्णायक मंडल में चन्दन अर्जुन मिश्रा, डॉ0रुचि रानी गुप्ता व जसविंदर कौर ने अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान की।उक्त प्रतियोगिता विश्वास सेठ व दिलीप बरनवाल के निर्देशन, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विशाल सेठ व कुलदीप गुप्ता के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुयी। संस्था अध्यक्ष शुभम टण्डन, सचिव राहुल अग्रवाल, चेयरपर्सन जसप्रीत छाबड़ा, सप्ताह संयोजक सचिन अग्रवाल व सप्ताह प्रभारी पूर्वाध्यक्ष अमित मिश्रा की देखरेख में चल रहे जेसीआई जनसम्पर्क सप्ताह का यह कार्यक्रम देर रात तक चला। कार्यक्रम का दिलचस्प संचालन मीडिया प्रभारी पूर्वाध्यक्ष आर्येन्द्र पाल सिंह द्वारा किया गया। काफी कांटे का मुकाबला इस प्रतिभागियों में भी देखा गया। निर्णयोंपरान्त जूनियर वर्ग में अल्तमश खान विजेता और जितेश उपविजेता चयनित हुये। ईशान यादव तृतीय स्थान पर रहे और अर्श अहमद व यूनियन पुरी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। सीनियर वर्ग में विजेता व उपविजेता क्रमशः वैष्णवी अवस्थी व समीर आब्दिन चयनित हुयीं और इस वर्ग में तृतीय स्थान पर वैष्णवी तिवारी रहीं और नैतिक मौर्य व अनमोल मौर्य को सांत्वना पुरस्कार पर सन्तोष करना पड़ा। प्रतियोगिता के विशेष वर्ग जो कि किसी भी आयु के प्रतिभागियों हेतु था इसमें फैज़ विजेता और हिमांशु गुप्ता उपविजेता हुये। शिवांश तिवारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ जबकि दलजीत सिंह व अमित भल्ला सांत्वना पुरस्कार के हकदार बने। देर रात तक चली इस प्रतियोगिता में सैकड़ों की तादाद में नगरवासियों, प्रतिभागियों व संस्था सदस्यों ने अपनी उपस्थिति बनाये रखी। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता के प्रायोजक ब्रेड बास्केट के स्वामी विक्रम सचदेवा, आडीशन चक्र के निर्णायक श्याम जी शेखर, श्रीमती गायत्री सिंह व श्रीमती निशि सिंह, संस्था के मण्डल उपाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, मण्डल निदेशक कनिष्क बरनवाल, पूर्वाध्यक्ष राममोहन गुप्ता, सौरभ वर्मा, अमर सिंह, तुषार गर्ग, दिनेश कुमार गुप्त, राजेश पटेल,अतिन गर्ग, रामजी पुरी, अंकित मित्तल, राहुल माथुर, कुशाग्र अग्रवाल, अर्चित महेन्द्र, स्पर्श अग्रवाल, मनीष बरनवाल, अनिल अग्रवाल, सुमित शर्मा, सौरभ गुप्ता, अंकुर डोगरा, लायन्स क्लब के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह, अजय महेन्द्र, कामिनी सेठ, कंवलजीत चावला, मंजू बरनवाल, पूजा सचदेवा, मीता गर्ग, लेखनी सेठ, नीरजा गुप्ता, सोनी गुप्ता, आरती सिंह, पूजा पुरी, शिप्रा श्रीवास्तव, मुक्ति अग्रवाल, पारुल पटेल, कविता अग्रवाल, मोनिका डोगरा, पारुल गर्ग, शालिनी महेन्द्र, शोभना गुप्ता, शिल्पी बरनवाल आदि कार्यक्रम के अन्त तक उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस से आयोजित होगा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

भाजपा जिला कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा को लेकर आयोजित हुई कार्यशाला जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा ने कहा की 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75 वां जन्मदिवस है इस बार पार्टी इस सेवा पर्व के रूप में मना रही है इंस्टाग्राम रक्तदान सिंह दक्षता अभियान नमो मैराथन स्वास्थ्य शिविर चित्रकला प्रतियोगिता तथा 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बूथ स्तर पर संगोष्ठी के कार्यक्रम आयोजित होगे 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती को स्वच्छता दिवस के रूप में भाजपा मनाएगी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा पूरे जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है इसके निमित्त इस कार्यशाला का आयोजन पर आप सभी को जानकारी दीजिए जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है तथा भारत तेजी से विकसित भाग बनने की ओर अग्रसर है पार्टी ने तय किया है कि उनके 75 में जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा इसमें भाजपा की विभिन्न संगठन द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन 17 से 2 अक्टूबर तक होगा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाली विविध कार्यक्रमों के विषय में विस्तार पूर्वक कार्यशाला में विचार राखी कार्यशाला कुशल संचालन जिला महामंत्री राम जी मौर्य ने करते हुए कहां की भाजपा सेवा भाभी कार्यों के माध्यम से सेवा पथवाड़ा की कार्यक्रम आयोजित कर जनता के बीच जाएगी कार्यशाला में कार्यशाला में जिले के सभी विधायक गणकुलभूषण सिंहआशू मिश्रा ज्योतिर्मय बर्तरियाविनोद समेत जिले के सभी मंडलों के अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बेहजम रोड पर बाइक और ऑटो की भिड़ंत, तीन घायल

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** बेहजम रोड स्थित गौरियापुल पर दोपहर लगभग 12 बजे बाइक और ऑटो की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हुए। मौके पर पहुंची 102 एंबुलेंस की मदद से घायलों को निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां हालत गंभीर होने पर सूरज (24 वर्ष, पिता शगुन) और बब्लू (15 वर्ष, पिता छोटकन्न), दोनों निवासी रनुपुर को जिला अस्पताल ओयल के लिए 108 एंबुलेंस द्वारा रेफर किया गया। तीसरा घायल चंद्रभान (पुत्र दीनबंधु), निवासी रनुपुर का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

### अधूरे ओवरब्रिज और खराब सड़क के बावजूद टोल वसूली

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला लखीमपुर हाईवे (एनएच730) पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।फरधान और गोला के पास ओवरब्रिज का निर्माण अभी अधूरा है।सड़क भी पूरी तरह नहीं बनी है।इसके बावजूद टोल प्लाजा पर शुल्क वसूली शुरू कर दी गई है। वाहन स्वामी और आम जनता इस स्थिति से नाराज है उनका कहना है कि जब तक सड़क और ओवर ब्रिज पूरी तरह तैयार नहीं होते तब तक टोल टैक्स लेना अनुचित है। सर्व मानव सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने कहा कि हाईवे पर बुनियादी सुविधाएं अभी अधूरी है।न तो सड़क का निर्माण पूरा हुआ है और न ही सर्विस लेन दुरुस्त है।ओवरब्रिज का निर्माण भी अधूरा होने के कारण वाहन चालकों को रेलवे क्रॉसिंग पर करीब घंटो तक जाम में फंसना पड़ता है। जितेन्द्र सिंह ने सरकार से मांग की है कि सभी सुविधाएं पूरी होने तक टोल वसूली बंद की जाए।उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में टोल वसूली से ठेकेदारों को लाभ और जनता को नुकसान हो रहा है।

### कथावाचक की जाति पता चलने पर उन्होंने मंगवाई माफी

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** ग्रामीणों को कथावाचक की जाति पता चलने पर उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद कथा वाचक को मंच से ही माफी मांगनी पड़ी। लोगों का कहना है कि उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ।जनपद खीरी के थाना खमरिया कस्बे में राम जानकी मंदिर का है जहां श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था। ग्रामीण प्रतिदिन कथा सुनने के लिए भारी संख्या में आते थे। किसी तरह ग्रामीणों को भनक लगी की जो कथावाचक कथा कर रहे हैं बाबा ब्राह्मण नहीं किसी और धर्म के हैं या किसी और जाति के हैं। इस पर लोगों का गुस्सा भड़क गया और कथावाचक से कहा माफी मांगवाई।लोगों को जाति का पता चलने पर बाबा ने खुद बताया कि उनका नाम पारस मौर्य है। उनका जन्म मौर्य वंश में हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने जाति छुपा कर कथा की है, इससे अगर आपकी भावनाएं आहत हुई हो, तो क्षमा प्रार्थी हैं। सभी से माफी मांगते हैं। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि माफी मांगने पर सामने मौजूद भीड़ अन्य भगवान के साथ जयकारा भी लगाती है।

### शातिर अपराधी को 80 किलो गौमांस के साथ किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** शुक्रवार को थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा, एक अभियुक्त अब्दुल माबूद पुत्र गुलजार खां निवासी ग्राम रसूलपुर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी को दो अदद छुरा, एक अदद कुल्हाड़ी,एक अदद रस्सी, एक अदद बोरी प्लास्टिक की, एक अदद लकड़ी का टीहा, एक काली पन्नी का पैकेट व लगभग 80 किलो गोवंश पशुओं के अवशेष बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना मोहम्मदी पर मु0अ0सं0 624/2025 धारा 3/5/8 गौवध निवारण अधिनियम व 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।अभीयुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप उप निरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी चौकी अमीरनगर थाना मोहम्मदी खीरी उप निरीक्षक विश्वनाथ मिश्र थाना मोहम्मदी खीरी हेड कांस्टेबलअशोक तिवारी, कांस्टेबल नीरज कुमार यादव, कांस्टेबल अनूप कुमार, कांस्टेबल बृजेश कुमार थाना मोहम्मदी खीरी शामिल रहे।

# जिलाधिकारी ने जाना मरीजों का हाल
## जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं पर पैनी नजर

- वृद्धा को खुद लेकर पहुंचे ईएनटी कक्ष, पंजीकरण व दवा वितरण व्यवस्था में सुधार के निर्देश

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार दोपहर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी, पैथोलॉजी, ब्लड बैंक और अल्ट्रासाउंड कक्ष का जायजा लिया तथा मरीजों और तीमारदारों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान एक वृद्धा ने सुनने की परेशानी बताई तो जिलाधिकारी स्वयं उन्हें ईएनटी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे और बेहतर उपचार के साथ कान मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मरीजों ने जिलाधिकारी को बताया कि चिकित्सक बाहर की दवाएं नहीं लिख रहे हैं और सभी दवाएं अस्पताल परिसर से ही मिल रही हैं। अस्पताल में आभा आईडी पंजीकरण काउंटर पर भीड़ अधिक पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने 20 पंजीकरण काउंटर बनाए जाने और दवा वितरण की लंबी कतार को देखते हुए दो अतिरिक्त काउंटर संचालित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अल्ट्रासाउंड चिकित्सक अवकाश पर मिले। इस पर जिलाधिकारी ने सीएमएस को वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए ताकि मरीजों को असुविधा न हो। ब्लड बैंक में प्रतीक्षालय न होने पर उन्होंने टीन शेड युक्त प्रतीक्षालय निर्माण तथा सीएसआर फंड से दो एसी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही ब्लड रिपोर्ट वितरण में सुविधा हेतु विंडो सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल की साफ-सफाई, चिकित्सकों की वेशभूषा और उपचार व्यवस्था को संतोषजनक पाया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सीएमएस आनंद उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी व चिकित्सक मौजूद रहे।

# वृद्ध महिला कर सर कूंचकर उतारा मौत के घाट

- एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण, हत्यारोपी की तलाश में लगाई तीन टीमें

जन एक्सप्रेस। उरई



कोंच कोतवाली क्षेत्र के भदेवरा गांव में गुरुवार की रात घर में घुसे हमलावरों ने वृद्धा की सिलबट्टे से सर कूंचकर हत्या कर दी। सुबह जब उसकी नातिन सो कर जागी तो दादी का शव रक्त रंजित हालत में पड़ा देखा उसकी चीख निकल गई। सूचना पर एसपी व सीओ कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। कोंच कोतवाली क्षेत्र के भदेवरा गांव निवासी परमा देवी 75 पत्नी बाबू राम गुरुवार की रात नातिन पल्लवी के साथ घर के आंगन में सो रही थी। रात के समय अज्ञात हमलावर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और आंगन में रखे सिलबट्टे से परमा देवी पर हमला कर दिया और उनका सर बुरी तरह से कुचलकर हत्या कर दी। सुबह जब नातिन उठी तो उसने खून से लथपथ अपनी दादी को मृत अवस्था में देखा तो वह चीख पड़ी और शोर मचा दिया। शोर सुनकर परिजनों के अलावा आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही सीओ परमेश्वर प्रशाद कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना की खबर उच्चधिकारियों को दी। जानकारी पर एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और बारीकी से घटना का निरीक्षण किया। एसपी द्वारा हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया गया। जिन्होंने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है, जिसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भैंस आ जाने से अनियंत्रित होकर पल्टा ऑटो रिक्शा, पांच घायल

जन एक्सप्रेस। उरई

कदौरा थाना क्षेत्र में हाईवे पर तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा बागी के पास अचानक भैंस आ जाने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो पर सवार महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।
हमीरपुर के कुरारा से शुक्रवार की दोपहर डग्गामार ऑटो रिक्शा सवारियों को भरकर जा रहा था।तभी ग्राम बागी के पास हाइवे पार कर रही भैंस देखकर तेज रफ्तार ऑटो चालक नियन्त्रण को बैठा, जिससे ऑटो का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर ही पलट गया।इस हादसे में ऑटो रिक्शा पर सवार छोटेलाल 75 वर्ष निवासी पाली, गीता पत्नी रघुवर निवासी बागी, संतोषी पत्नी किशोरीलाल निवासी कुरारा, सोमवती पत्नी राम आसरे निवासी कुरारा, मनीष निवासी पचखुरा खुर्द हमीरपुर ऑटो के नीचे दब गए और उनमें चीख पुकार मच गई। इस दौरान वहां से निकल रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने ऑटो के नीचे दबे लोगों को कड़ी मशक्कत से बाहर निकलवाया और सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी में भर्ती करवाया। जिसमें मनीष, संतोषी और गीता की गंभीर हालत होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। मामले में थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह का कहना है कि हाइवे पर बागी के पास एक ऑटो के पलटने की सूचना मिली थी। जिस पर तत्काल प्रभाव से पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए पहुंचाया गय। हादसा हाइवे पर भैंस के आ जाने के कारण हुआ है। ऑटो को कब्जे में ले लिया गया है चालाक की तलाश की जा रही है, तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम का माधौगढ़ विकासखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। उरई

- योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन और गौशालाओं के संचालन को लेकर दिए निर्देश

**माधौगढ़।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को विकासखंड कार्यालय माधौगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों का अवलोकन करते हुए कार्यप्रणाली की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं जैसे- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण/शहरी), मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत योजना आदि का लाभ पात्र व्यक्तियों को पूरी पारदर्शिता के साथ दिलाया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि आवास योजनाओं के अंतर्गत जिन लाभार्थियों के आवास निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, उनकी नियमित मॉनिटरिंग कर समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। साथ ही कहा कि गौशालाओं के संचालन के लिए सचिवों को जिम्मेदार और संवेदनशील बनाया जाए तथा ग्राम प्रधानों को प्रेरित कर सक्रिय सहयोग सुनिश्चित कराया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सतर्कता बरतें और जनता को सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के के सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र देव शर्मा, खंड विकास अधिकारी आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नेपाल में गूँजी शांति की आवाज़, निकाली रैली



जन एक्सप्रेस। महराजगंज

**सोनौली।** भारत से सटे पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में जेन जेड आंदोलन से उपजे तनाव और कर्फ्यू के बीच शुक्रवार सुबह नेपाल-भारत सीमा पर शांति और सौहार्द्र का अनोखा संदेश दिया गया। नेपाल के बेलहिया कस्बे में एक भव्य शांति और सद्भाव रैली निकाली गई, जिसने क्षेत्र की हवा को भाईचारे और एकता के रंग में रंग दिया।
रैली भैरहवां कस्बे से प्रारंभ होकर सोनौली बॉर्डर तक पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र, युवा और स्थानीय नागरिक हाथों में तख्तियां लिए शामिल हुए। पोस्टरों पर लिखे नारे शांति बनाए रखें भाईचारा ज़िंदाबाद और सद्भाव से समाधान होगा। इस रैली का नेतृत्व लुंबिनी प्रेस क्लब, नेपाल उद्योग वाणिज्य महासंघ लुंबिनी प्रदेश, सिद्धार्थ उद्योग वाणिज्य संघ, चैंबर ऑफ कॉमर्स, नेपाल भंसार एजेंट संघ और सिद्धार्थ सार्वजनिक यातायात प्रा0 लि0 सहित कई प्रमुख संगठनों ने संयुक्त रूप से किया। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में अफवाहों और उकसावे से दूर रहना बेहद आवश्यक है। उनका मानना है कि संवाद और सौहार्द ही किसी भी संकट का स्थायी समाधान है। रैली में शामिल एक व्यापारी नेता ने कहा, जनता चाहे तो समाज में शांति और एकता को मजबूती से कायम रखा जा सकता है। हिंसा से कभी समाधान नहीं निकलता। रैली ने स्पष्ट संदेश दिया कि सीमावर्ती क्षेत्र के लोग किसी भी हालात में शांति और भाईचारे को कमजोर नहीं होने देंगे। इस आयोजन को स्थानीय जनता ने सराहते हुए कहा कि यह कदम आने वाले दिनों में अमन-चैन कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# ब्लॉक सभागार पनवाड़ी में सम्पन्न हुआ श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। महोबा



**पनवाड़ी।** विकास खण्ड पनवाड़ी के ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसान भाइयों को पोषक अन्न की खेती, बीज चयन, आधुनिक तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इंजीनियर प्रकाश वर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री श्री अन्न अभियान के जरिए किसानों को परंपरागत फसलों की ओर लौटने का संदेश दे रहे हैं। मोटा अनाज न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है बल्कि इसका उत्पादन लागत भी कम है और यह फसलें बदलते जलवायु संकट में किसानों के लिए अधिक सुरक्षित विकल्प साबित होंगी। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक क्षेत्र में श्री अन्न की बुवाई कर कृषि आय को दोगुना बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएँ। वरिष्ठ अतिथि सहकारी समिति अध्यक्ष संतोष अगिनहोत्री ने किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज, उर्वरकों की उपलब्धता और वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समिति स्तर पर किसानों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि किसान भाई लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर कृषि विभाग से आए विशेषज्ञों ने भी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। भानुप्रताप राजपूत चिकित्सा अधिकारी ने मिलेट्स को स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी बताते हुए इसके नियमित सेवन पर जोर दिया। महेश कुमार एस.एम.एस., कृषि विभाग कुलपहाड़ ने वैज्ञानिक तकनीकों से फसल उत्पादन बढ़ाने के तरीके बताए। शीतल प्रसाद टी.ए.सी. कृषि विभाग, ऋषिकेष द्विवेदी के.वी.के. कृषि विभाग, सतेन्द्र सिंह ए.टी.एम. कृषि विभाग, तथा अशोक कुमार ए.टी.एम. पनवाड़ी ने किसानों को सरकारी योजनाओं एवं प्रशिक्षण मॉड्यूल की जानकारी दी। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख किसान बृजेन्द्र सोनकिया, रामजी चतुर्वेदी समेत एक सैकड़ा से अधिक किसान उपस्थित रहे। किसानों ने विशेषज्ञों से सवाल पूछकर शंकाओं का समाधान भी प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक स्तर के अधिकारियों ने किया और अंत में सभी किसानों को श्री अन्न की खेती को प्रोत्साहित करने हेतु प्रेरित किया गया।

# नीम के पेड़ से दांतुन तोड़ते समय छत से गिरकर वृद्ध की मौत

जन एक्सप्रेस। जालौन

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव में नीम के पेड़ से दांतुन तोड़ते समय छत से गिरकर वृद्ध की मौत हो गई। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी राघवेंद्र सिंह 68 वर्ष हिंदुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड कंपनी से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। बताया गया कि शुक्रवार की सुबह छत पर बंदर आ गए थे, जिन्हे भगाने के लिए वह छत पर चले गए। बंदर भाग जाने के बाद वह नीम के पेड़ से दातुन तोड़ने लगे, तभी चक्कर आने पर वह अचानक से पड़ोसी के आंगन में जा गिरे। इस दौरान वहां मौजूद पड़ोसी ने तुरंत खबर उसकी पत्नी साधना, पुत्र अभिषेक व अभिजीत सिंह को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे स्वजन उन्हें तुरंत इलाज के लिए मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने जांच पड़ताल के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि घटना की खबर मिलते ही वह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे। जिन्होंने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जिलाधिकारी ने माधौगढ़ सीएचसी का किया औचक निरीक्षण



- चिकित्सकों की कमी दूर करने और स्टाफ बढ़ाने के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। उरई

**माधौगढ़।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज समुदाय स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उपस्थित चिकित्सकों व स्टाफ से कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सकों की कमी पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तत्काल प्रभाव से अतिरिक्त चिकित्सक उपलब्ध कराने और आवश्यकतानुसार स्टाफ बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य होगी।जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने मरीजों और तीमारदारों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उपस्थित चिकित्सकों को समय पर ओपीडी संचालित करने, दवाएं समय पर उपलब्ध कराने तथा उपचार में पारदर्शिता रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि ग्रामीण अंचल के मरीजों को प्राथमिक और त्वरित चिकित्सा सुविधाएं नजदीक ही मिलें। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदारी और तत्परता से कार्य करें। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# वेतन कटौती से आक्रोशित आउटसोर्स मीटर रीडरों ने जमकर काटा हंगामा

जन एक्सप्रेस। महोबा



निजी कंपनी द्वारा बिजली विभाग में कार्यरत आउटसोर्स मीटर रीडरों को शासन द्वारा निर्धारित वेतन तय होने के बावजूद भुगतान न मिलने से नाराजगी फैल गई है। इस मामले से परेशान मीटर रीडर बड़ी संख्या में श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय पहुंचे और वेतन दिलाए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी द्वारा वेतन में भारी कटौती की जा रही है जिससे परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।कर्मचारियों ने बताया कि वे टीडीएस कंपनी के माध्यम से विद्युत बिल निकालने का कार्य कर रहे हैं। तीन से चार महीने काम कराने के बाद उन्हें केवल एक माह का अधूरा वेतन दिया गया जो राशि उन्हें दी जाती है वह 2500 से 3000 रुपये तक होती है। इतने कम पैसों में परिवार का भरण-पोषण संभव नहीं है। कर्मचारियों ने कहा कि कंपनी द्वारा मानक वेतन देने का नियम है द्य बिल बनाने पर 7 रुपये 62 पैसे और मैनुअल बिल बनाने पर 4 रुपये 95 पैसे मिलना चाहिए। मगर कंपनी नियमों को ताक पर रखकर महज 3 रुपये 33 पैसे प्रति बिल की दर से भुगतान कर रही है। आउटसोर्स कर्मचारी योगेश गुप्ता, अनूप शुक्ला और भाईजी तिवारी ने कहा कि इस तरह की कम वेतन से उनका जीवन संकट में है। मेहनत करने के बाद भी परिवार की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। कर्मचारियों ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की। वहीं श्रम प्रवर्तन अधिकारी महन्त प्रजापति ने कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और आश्वासन दिया कि मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर दैनिक भोगी कर्मचारियों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। अधिकारी ने भरोसा दिलाया कि वेतन विसंगति दूर कराने के लिए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। श्रम प्रवर्तन कार्यालय में पहुंचे मीटर रीडरों ने स्पष्ट कहा कि यदि उनकी समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश



जन एक्सप्रेस। उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को पूर्ण सहयोग एवं सामंजस्य के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारतवर्ष में चार राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में जनपद में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 13 सितम्बर 2025 को प्रस्तावित है। अपर जिलाधिकारी समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, विद्युत विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग एवं समस्त विभागीय अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी राजस्व अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष विगत की अपेक्षा अधिक प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री की अध्यक्षता में दिशा बैठक संपन्न

- जर्जर सड़कें और पुलिया जल्द होगी मरम्मत, सभी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से ग्रामों को संतृप्त करने के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। महराजगंज




केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। डीआरडीए के तत्वावधान में हुई इस बैठक में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने मंत्री, विधायकों और जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। बैठक की शुरुआत तीन मृतक आश्रितों के लिए नियुक्ति प्रमाणपत्र वितरण से हुई। इसके बाद जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विकासात्मक मुद्दे उठाए। बैठक में सदर विधायक ने फुरसतपुर बाजार की सड़क और नहर किनारे झाड़ियों के कारण दुर्घटनाओं की समस्या उठाई। मंत्री ने वन और सिंचाई विभाग को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद महाराजगंज में वार्ड पोर्टल पर अपलोड न होने के कारण वृद्धा पेंशन जैसी सुविधाओं से वंचित होने की समस्या पर भी चर्चा हुई। फरेंदा विधायक ने गोरखपुर-सोनौली मार्ग पर जल जमाव, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के कार्यालय की कमी और अन्य विकास संबंधी मुद्दों को उठाया। नौतनवा विधायक ने शिलान्यास उद्घाटन में जनप्रतिनिधियों को शामिल न करने की शिकायत की। इसके बाद मंत्री ने कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचा विभागों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने जैविक कृषि और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के सर्वेक्षण, टीबी रोगियों की पहचान और उपचार, आयुष्मान योजना के तहत शिकायतों के निस्तारण, रसोइयों के मानदेय का भुगतान, क्षतिग्रस्त सड़कों व पुलियों की मरम्मत और कौशल विकास योजनाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएमजीएसवाई, मनरेगा, उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम सहित अन्य योजनाओं पर गहन चर्चा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समिति के निर्देशों का ससमय पालन सुनिश्चित करें और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों का समाधान कर जनता को सूचित करें।

# कैलाश मानसरोवर जाने वाले रोटेरियन का हुआ सम्मान

जन एक्सप्रेस। महराजगंज




रोटरी क्लब के वरिष्ठ रोटेरियन अशोक चौरसिया व उनके पुत्र विपिन चौरसिया को क्लब पदाधिकारियों ने कैलाश मानसरोवर यात्रा पर रवाना किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह यात्रा पुनर्जन्म के चक्र से मुक्ति और जीवन में गहरा परिवर्तन लाने वाली मानी जाती है। सचिव विनोद गुप्ता ने इसे आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व व्यक्तिगत लाभकारी बताते हुए कहा कि इससे पापों से मुक्ति, मन की शांति और भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है। इस दौरान दशरथ गुप्ता, अजय अग्रहरि, आत्माराम गुप्त, प्रभव मिश्रा, सत्य प्रकाश मद्धेशिया व अन्य रोटेरियन मौजूद रहे।

एशिया कप 2025

# आज श्रीलंका पर मनोवैज्ञानिक बढ़त मजबूत करने उतरेगा बंगलादेश

अबु धाबी (एजेंसी)। बंगलादेश शनिवार को शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप 2025 टी-20 के पांचवें मुकाबले में अपने पहले मैच में मिली जीत की महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक बढ़त को मजबूत करने और श्रीलंका के खिलाफ टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करने के लिए उतरेगा।

पिछले महीनों के आंकड़ों के अनुसार बंगलादेश का पलड़ा भारी है क्योंकि उसने जुलाई 2025 में श्रीलंका को टी-20 सीरीज में 2-1 से हराया था और उनकी मौजूदा लय उन्हें एक प्रतिस्पर्धी टीम बनाती है। बंगलादेश ने एशिया कप में हांगकांग के खिलाफ शानदार शुरुआत की है। इस मैच में बंगलादेश ने लिटन दास की 39 गेंदों पर 59 रनों की आक्रामक पारी की बदौलत बंगलादेश ने हांगकांग के खिलाफ 144 रनों के लक्ष्य का 18 ओवर में आसानी से हासिल कर लिया।

बंगलादेश के सलामी बल्लेबाज तनजीद हसन और परवेज हुसैन इमोन, मध्यक्रम के बल्लेबाज तौहीद हृदय और जैकर अली के साथ मिलकर एक संतुलित बल्लेबाजी क्रम प्रदान करते हैं जो प्रभावी ढंग से पारी को आगे बढ़ाने और समाप्त करने में सक्षम है। वहीं अगर गेंदबाजी की बात की जाए तो तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान का तेज गेंदबाजी आक्रमण शानदार फॉर्म में है।



स्पिनर महेदी हसन, तनजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन अबु धाबी की परिस्थितियों के अनुकूल हैं। संभावित बंगलादेश एकादश- परवेज हुसैन इमोन, तनजीद हसन तमीम, लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), तौहीद हृदय, शमीम हुसैन, जैकर अली, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तनजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान। वहीं अगर श्रीलंका की बात की जाये तो उसने अपने पिछले पांच टी-20 मैचों में से केवल दो में जीत हासिल करते हुए, अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए संघर्ष किया है। बंगलादेश से सीरीज हार और जिम्बाब्वे से मिली करारी हार ने एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत में टीम पर दबाव बढ़ा दिया है। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका, कुसल मेंडिस और कुसल परेरा के साथ मिलकर पारी को स्थिर करने की उम्मीद है, जबकि कामिल मिशारा और चरित असालंका पारी के अंत में तेजी ला सकते हैं।

गेंदबाजी आक्रमण की बात की जाए तो वनिंदु हसरंगा, महेश थीक्षाना, दुनिथ वेल्लालेज और चरित असालंका की अगुवाई में श्रीलंका का स्पिन विभाग अबु धाबी की पिच पर महत्वपूर्ण साबित हो सकता है, जो बीच के ओवरों में स्पिनरों के लिए अनुकूल है। दुष्मंथा चमीरा तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, हालांकि हालात में स्पिनरों का पलड़ा भारी लग सकता है।

### पिच रिपोर्ट

विश्लेषकों के अनुसार शेख जायद स्टेडियम की पिच संतुलित है जिस पर बल्लेबाज शुरुआत में खुलकर खेल सकते हैं, जबकि स्पिनर बीच के ओवरों में सटीकता का फायदा उठाकर नियंत्रण बना सकते हैं। इस मैदान पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को ऐतिहासिक रूप से फायदा मिलता रहा है। पिछले 10 टी20 मैचों में से आठ लक्ष्य का पीछा कर जीते गए है। इसलिए टॉस जीतने वाले कप्तान के पहले क्षेत्ररक्षण करने की संभावना है। 170 के आसपास के स्कोर से एक प्रतिस्पर्धी मुकाबला होने की उम्मीद है।

### संभावित प्लेइंग 11

**बंगलादेश-** तंजीद हसन, परवेज़ हुसैन इमोन, लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन, जेकर अली, महेदी हसन, तंज़ीम हसन, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिज़ुर रहमान

**श्रीलंका-** पथुम निसंका, कुसल मेंडिस (विकेट कीपर), कुसल परेरा, कामिल मिशारा, कामिंडु मेंडिस, चरित असालंका (कप्तान), दासुन शनाका, महेश दीक्षाना, दुनिथ वेल्लालेज/मथीशा पथिराना, वानिंदु हसरंगा, दुष्मंथा चमीरा।

## प्रेमानंदजी से साइना नेहवाल ने पूछा- बहुत स्ट्रेस होता है

### कल क्या होगा, मां-बहन के साथ वृंदावन दर्शन करने पहुंचीं

मथुरा (एजेंसी)। ओलंपिक मेडलिस्ट शटलर साइना नेहवाल वृंदावन दौरे पर हैं। गुरुवार को वह मां उषा और बहन चंद्रांशु के साथ संत प्रेमानंद के दर्शन करने उनके आश्रम पहुंचीं। साइना ने प्रेमानंद महाराज से पूछा-मुझे मंदिर जाना बहुत पसंद है। मैं काफी मंत्र भी जपती हूं।



लेकिन जब मुझे लोग इवेंट्स में बुलाते हैं, तो इवेंट्स में जाने का सोचकर मैं थोड़ा स्ट्रेस में आ जाती हूं। बार-बार दिमाग में आता है कि कल क्या होगा, कल के इवेंट्स का क्या होगा। बहुत स्ट्रेस होता है।

इस पर प्रेमानंद महाराज ने कहा- अज्ञान की वृद्धि जब तक नष्ट नहीं होगी। तब तक वह चिंता सताती रहती है। वर्तमान का समय हम भगवान के नाम में लगा दें, तो हमारा भूत और भविष्य दोनों ठीक हो जाएगा।

हम व्यर्थ में चिंतन करते हैं। कभी भूत का चिंतन हो जाता है तो कभी भविष्य का। दिमाग ही है। कभी बीते हुए कल की तो कभी आने वाले कल की काल्पनिक चिंता होने लगती थी।

## सचिन तेंदुलकर ने कहा बीसीसीआई के नए अध्यक्ष की दौड़ में नहीं हूं

मुंबई (एजेंसी)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने गुरुवार को अटकलों पर विराम लगाते हुए स्पष्ट कर दिया कि वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अगले अध्यक्ष बनने की दौड़ में नहीं हैं।



पिछले कुछ दिनों से ऐसी अफवाहें चल रही थीं कि मास्टर ब्लास्टर को रोजर बिन्नी की जगह बीसीसीआई अध्यक्ष बनाने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, एसआरटी स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने एक आधिकारिक बयान जारी कर पुष्टि की है कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। एसआरटी स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के आधिकारिक बयान में कहा गया है, हमारे संज्ञान में आया है कि सचिन तेंदुलकर के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष पद के लिए विचार किए जाने या नामांकित किए जाने के बारे में कुछ रिपोर्ट और अफवाहें फैल रही हैं।

## 'मुझे यही करना है', शुभमन गिल ने बताया कब पता चला क्रिकेटर ही बनना है

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टेस्ट कप्तान और सभी प्रारूपों के स्टार शुभमन गिल ने उस पल का खुलासा किया जब उन्हें 11 साल की उम्र में एहसास हुआ कि उन्हें क्रिकेट खेलना ही है।



शुभमन एप्पल म्यूजिक के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर एक साक्षात्कार में बोल रहे थे। गिल ने बताया कि 11 साल की उम्र में उन्होंने अंडर-23 तेज गेंदबाजों के एक शिविर में भाग लिया और अपने से कहीं ज्यादा उम्र के गेंदबाजों के खिलाफ खेलते हुए 90 से ज़्यादा रन बनाए।

गिल ने उन दिनों को याद करते हुए कहा, सच कहूं तो मुझे 11 साल की उम्र में ही एहसास हो गया था कि यही मेरा करियर होगा। एक पल ऐसा आया।

## एशिया कप में भारत ने पाकिस्तान को 56 प्रतिशत मैच हराए

### पिछले 10 साल में पाक महज 1 मैच जीता; दोनों कभी फाइनल में नहीं भिड़े

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में ग्रुप स्टेज का महामुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा। टीम इंडिया ने यूएई के खिलाफ 9 विकेट की जीत से अपने अभियान की शुरुआत की। वहीं पाकिस्तान आज ओमान के खिलाफ टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेलेगी।

टूर्नामेंट इतिहास में दोनों ने आपस में 18 मैच खेले। 10 में भारत और 6 में पाकिस्तान को जीत मिली। हालांकि, पिछले 10 साल में राइवलरी एकतरफा सी हो गई, जहां पाकिस्तान को 7 मुकाबलों में महज 1 बार जीत नसीब हो सकी।



एशिया कप 1984 से खेला जा रहा है। भारत ने 8 और पाकिस्तान ने 2 खिताब जीते हैं, लेकिन दोनों टीमें कभी फाइनल में आमने-सामने नहीं हो सकीं। स्टोरी में जानते हैं दोनों प्रतिद्वंद्वी टीमों का एशिया कप में एक-दूसरे के खिलाफ कैसा रिकॉर्ड है।

**भारत ने पाकिस्तान को 56 प्रतिशत मैच हराए-** 1984 में पहली बार एशिया कप खेला गया, तब भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका ने ही हिस्सा लिया। भारत ने शारजाह में पाकिस्तान को 54 रन से हराया और फिर राउंड रॉबिन फॉर्मेट जीतकर खिताब भी उठा लिया। तब श्रीलंका रनर-अप और पाकिस्तान तीसरे नंबर पर रही थी। 1984 से दोनों टीमों के बीच वनडे और टी-20 एशिया कप में 18 मैच खेले गए। 56 प्रतिशत यानी 10 में भारत को जीत मिली, वहीं 6 मुकाबले पाकिस्तान के नाम रहे। 1997 और 2023 में दोनों टीमों के बीच 1-1 मुकाबला बेनतीजा भी रहा था।

**वनडे एशिया कप में भारत ने 53 प्रतिशत मैच जीते-** एशिया कप 14 बार वनडे और 2 बार टी-20 फॉर्मेट में खेला गया। इस दौरान वनडे फॉर्मेट में दोनों के बीच 15 मैच हुए। 8 में भारत और 5 में पाकिस्तान को जीत मिली। इस दौरान 2 मुकाबले बेनतीजा भी रहे। यानी भारत ने पाकिस्तान को 53 प्रतिशत वनडे मुकाबले हराए।

टी-20 एशिया कप में दोनों टीमें 2016 में मीरपुर के मैदान पर पहली बार भिड़ी थीं। तब भारत ने 5 विकेट से मुकाबला जीता था। 2022 में दोनों के बीच दुबई में 2 टी-20 खेले गए। पहला मैच भारत ने और दूसरा मैच पाकिस्तान ने 5 विकेट से जीता। पिछले 10 साल में यह पाकिस्तान की भारत पर इकलौती जीत भी थी। इस दौरान भारत ने 5 मैच जीत लिए।

**वनडे एशिया कप में भारत ने 53 प्रतिशत मैच जीते-** एशिया कप 14 बार वनडे और 2 बार टी-20 फॉर्मेट में खेला गया। इस दौरान वनडे फॉर्मेट में दोनों के बीच 15 मैच हुए। 8 में भारत और 5 में पाकिस्तान को जीत मिली। इस दौरान 2 मुकाबले बेनतीजा भी रहे। यानी भारत ने पाकिस्तान को 53 प्रतिशत वनडे मुकाबले हराए।

टी-20 एशिया कप में दोनों टीमें 2016 में मीरपुर के मैदान पर पहली बार भिड़ी थीं। तब भारत ने 5 विकेट से मुकाबला जीता था। 2022 में दोनों के बीच दुबई में 2 टी-20 खेले गए। पहला मैच भारत ने और दूसरा मैच पाकिस्तान ने 5 विकेट से जीता। पिछले 10 साल में यह पाकिस्तान की भारत पर इकलौती जीत भी थी। इस दौरान भारत ने 5 मैच जीत लिए।

## हॉन्गकॉन्ग ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट, सत्विक-चिराग सेमीफाइनल में पहुंचे

### मलेशियाई जोड़ी को तीन गेम में हराया; लक्ष्य सेन ने क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई



हॉन्गकॉन्ग (एजेंसी)। हॉन्गकॉन्ग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मेन्स डबल्स में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी सेमीफाइनल में जगह बना ली है,वहीं लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। भारतीय जोड़ी ने मलेशिया की जोड़ी जुनैदी अरिफ और रॉय किंग याप को रोमांचक तीन गेम वाले मुकाबले में हराया।

**कांटे का रहा मुकाबला-** पहले गेम में सत्विक-चिराग ने मलेशियाई जोड़ी को 21-14 से आसानी से हरा दिया। लेकिन दूसरे गेम में वे थोड़े चूक गए और 20-22 से हार गए, जिससे स्कोर 1-1 हो गया। फिर तीसरे और निर्णायक गेम में भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी की। वे 21-16 से जीतकर टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर ली। यह मैच एक घंटे से ज्यादा समय तक चला। इसमें सात्विक-चिराग शुरू से मैच में अपनी पकड़ बनाए रखा। अब सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में चाइनीज ताइपेई के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई का सामना करेंगे।

### लक्ष्य सेन ने प्रणय को हराया

भारतीय सिंगल्स खिलाड़ी और वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-20 लक्ष्य सेन ने भी शानदार खेल दिखाते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने अपने ही देश के खिलाड़ी एचएस प्रणय (वर्ल्ड रैंक 34) को 15-21, 21-18, 21-10 से मात दी। इस मैच में लक्ष्य की शुरुआत धीमी रही और प्रणय ने पहला गेम 21-15 से जीत लिया। हालांकि दूसरे गेम में लक्ष्य ने वापसी की। 11-9 से पीछे रहने के बाद उन्होंने शानदार खेल दिखाया और 21-18 से गेम जीत लिया। निर्णायक गेम में लक्ष्य ने पूरी तरह से मैच पर पकड़ बना ली और 21-10 से आसान जीत दर्ज की।

## जींद की प्राची सैनी ने तलवारबाजी में जीते 2 मेडल

### चंडीगढ़ को हराकर टीम इवेंट में जीता गोल्ड, एकल में सिल्वर, उत्तराखंड में हुई प्रतियोगिता

जींद (एजेंसी)। जींद की प्राची सैनी ने उत्तराखंड में हो रही नेशनल तलवारबाजी (फेंसिंग) प्रतियोगिता में दो मेडल जीतकर हरियाणा का मान बढ़ाया है।



प्राची ने टीम इवेंट में गोल्ड और एकल इवेंट में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। उत्तराखंड के हल्द्वानी में 8 सितंबर से 14 सितंबर तक इंदिरा गांधी स्टेडियम में नेशनल कैडेट (अंडर-17) आयु वर्ग की नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शुक्रवार को हुए मुकाबलों में हरियाणा की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए फॉयल इवेंट के एकल वर्ग में महाराष्ट्र की खिलाड़ी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, लेकिन फाइनल मुकाबला नहीं जीत पाई, इसलिए सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा। इसके बाद टीम इवेंट में खेलते हुए प्राची सैनी ने चंडीगढ़ की टीम को हराते हुए गोल्ड मेडल जीता।

## दलीप ट्रॉफी फाइनल, यश-रजत के शतक

### सेंट्रल जोन का स्कोर 300 रन पार; साउथ जोन 149 रन पर ऑलआउट

नईदिल्ली (एजेंसी)। दलीप ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला सेंट्रल जोन और साउथ जोन के बीच बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर खेला जा रहा है। आज यानी शुक्रवार को मुकाबले का दूसरा दिन है। सेंट्रल जोन ने आज अपनी पहली पारी को 50/0 के स्कोर से आगे बढ़ाया।टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 357 रन बना लिए हैं। यश राठौड़ शतक लगाकर नाबाद हैं।

कप्तान रजत पाटीदार शतक (101 रन), लगाकर आउट हुए। उनके अलावा, दानिश मालेवार 53, ओपनर अक्षय वाडकर 22, शुभम शर्मा 6 और उपेंद्र यादव 5 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले, गुरुवार को साउथ जोन पहली पारी में 149 रन पर ऑलआउट हो गई। सेंट्रल जोन ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी थी।



**सारांश जैन को 5 विकेट-** साउथ जोन पहली पारी में 149 रन पर ही सिमट गई। टीम के लिए कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। टीम के लिए तन्मय अग्रवाल ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए। उनके अलावा सलमान निजार 24, अंकित शर्मा 20, रिकी भुई 15 और एमडी निधेश 12 रन बनाए। सेंट्रल जोन की ओर से सारांश जैन ने 5 और कुमार कार्तिकेय ने 4 विकेट झटके।

## हिसार की अवलीन दूसरी बार नेशनल में पहुंची

### अंडर-19 चेस में लगातार पांच जीत, हरियाणा की टॉप-5 में शामिल, स्कूल में मिला सम्मान

हिसार (एजेंसी)। हिसार जिले के उकलाना की लोटस इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा दसवीं की स्टूडेंट और चैस क्वीन अवलीन कौर ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए अंडर-19 नेशनल चैम्पियनशिप में जगह बना ली है। अवलीन इतनी कम उम्र में लगातार दूसरी बार अंडर-19 नेशनल में पहुंचने वाली पहली चेस खिलाड़ी बनी हैं। अवलीन ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला हिसार का नेतृत्व किया और शानदार प्रदर्शन कर हरियाणा की टॉप-5 चैस प्रतिभागियों में जगह बनाई। इसके बाद हुए नेशनल ट्रायल में भी उन्होंने बेहतरीन खेल दिखाते हुए हरियाणा की टीम में अपना स्थान पक्का किया।



## रोनाल्डो का खेल देखकर प्रेरणा लेते हैं एशिया कप स्टार हॉकी खिलाड़ी अभिषेक

नई दिल्ली (एजेंसी)। एशिया कप हॉकी में भारत की खिताबी जीत के सूत्रधार रहे फॉरवर्ड अभिषेक के लिए क्रिस्टियानो रोनाल्डो प्रेरणास्रोत रहे जिन्हें देखकर ही उन्होंने काफी कुछ सीखा। हाल ही में राजगीर में हुए एशिया कप में भारत ने फाइनल में पिछली चैम्पियन दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब जीता और अगले साल नीदरलैंड तथा बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। अभिषेक ने टूर्नामेंट में छह गोल किये और कई गोलों में सूत्रधार रहे। उन्होंने इंटरव्यू में कहा, 'मुझे अंदर से लग तो रहा था कि यह टूर्नामेंट कुछ खास होगा लेकिन यह नहीं सोचा था कि प्लेयर आफ द टूर्नामेंट बनूंगा। उन्होंने कहा, 'अब हमे विश्व कप की तैयारी के लिए लंबा समय मिल गया है। अपनी बात करूं तो मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है जो आगामी टूर्नामेंटों और विश्व कप में काफी काम आएगा।% पेरिस ओलंपिक 2024 कांस्य पदक और हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के सदस्य रहे अभिषेक ने बताया कि उनके खेल पर पुर्तगाल के महान फुटबॉलर रोनाल्डो का काफी प्रभाव है और उनके मैच देखकर वह काफी कुछ सीखते हैं। भारत के लिए 113 मैचों में 48 गोल कर चुके इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'मेरे बचपन के कोच शमशेर दहिया मेस्सी के फैन हैं और मुझे वैसा ही बनाना चाहते थे। लेकिन मुझे रोनाल्डो पसंद है। मैं उनके मैच देखता हूं जिनसे स्कोरिंग, पोजिशनिंग, टाइमिंग और शूटिंग के बारे में सीखता हूं। उन्होंने कहा, 'फुटबॉल और हॉकी दोनों टीम खेल हैं और गेंद से ही खेली जाती है। पूरा खेल रनिंग और इंड्यूरेंस का है जिसमें पोजिशनिंग काफी अहम होती है



और इसमें मेरे प्रेरणास्रोत रोनाल्डो हैं। उन्होंने आगे कहा, 'भारतीय खिलाड़ियों में सरदार सिंह मुझे बहुत पसंद हैं और उनको देखकर ही मैने हॉकी खेलना शुरू किया था। लेकिन मेरे भारतीय टीम में आने से पहले उन्होंने खेल को अलविदा कह दिया था तो मुझे उनके साथ खेलने का मौका नहीं मिला।

अपने भाई आशीष और एक दोस्त को देखकर हॉकी स्टिक थामने वाले अभिषेक ने बताया कि बचपन में कलाई में चोट लगने के बाद उनके माता-पिता ने आगे हॉकी खेलने से मना कर दिया था लेकिन कोच ने उन्हें राजी किया और हिन्दी शिक्षक रहे अपने पहले कोच की सलाह वह आज भी लेते हैं। उन्होंने कहा, 'शमशेर सर को आधुनिक हॉकी के बारे में ज्यादा नहीं पता लेकिन मेरे खेल के बारे में वह बहुत कुछ बताते हैं। मैं उनसे सलाह लेता रहता हूं। भारतीय टीम के कोच क्रेग फुल्टोन से भी अपने खेल के बारे में खुलकर बात करता हूं।

यह पूछने पर कि एशिया कप में जीत का जश्न कैसे मनाया, अभिषेक ने कहा कि परिवार के साथ समय बिताना ही सबसे बड़ा जश्न है चूंकि अधिकांश समय वह घर से बाहर रहते हैं। उन्होंने कहा, 'एशिया कप में परिवार से कोई नहीं आया था क्योंकि भाभी मां बनने वाली है। भैया भाभी ने हॉकी इंडिया लीग के मैच देखे थे। एशिया कप से लौटने के बाद हम सभी ने साथ में डिनर किया और यही मेरे लिये जश्न जैसा था ।28 सितंबर को शिविर में लौटना है तो उससे पहले परिवार के साथ ज्यादा समय बिताना चाहता हूं।

(साभार- एजेंसी)

# अधीक्षण अभियंता रणजीत की क्रांतिकारी पहल, जनता की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

**जनहित को सर्वोपरि मानने वाले अधीक्षण अभियंता रणजीत ने व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए शुरू की पारदर्शिता और जवाबदेही की नई व्यवस्था।**



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते अधीक्षण अभियंता रणजीत चौधरी

जन एक्सप्रेस। बस्ती

बस्ती जिले की बिजली व्यवस्था में बदलाव की जो उम्मीद जनता लंबे समय से कर रही थी, उसे साकार करने का साहस अधीक्षण अभियंता रणजीत चौधरी ने दिखाया है। आमतौर पर सरकारी अधिकारी केवल नियमों और रूटीन कार्यों तक सीमित रहते हैं, लेकिन अधीक्षण अभियंता ने अपनी दूरदर्शिता, जनसरोकारों के प्रति संवेदनशीलता और अद्भुत नेतृत्व क्षमता से यह साबित कर दिया है कि यदि नीयत ईमानदार हो और सोच व्यापक हो तो कोई भी व्यवस्था जनहितैषी और पारदर्शी बन सकती है।

उनकी पहल केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं बल्कि एक क्रांतिकारी दृष्टिकोण है, जो उपभोक्ता और विभाग के बीच भरोसे का पुल बनकर उभरी है। बिजली विभाग की छवि को हमेशा आलोचनाओं और उपभोक्ता असंतोष का सामना करना पड़ा है, लेकिन अधीक्षण अभियंता ने यह संदेश दिया है कि यह विभाग केवल बिल वसूली का माध्यम नहीं बल्कि सेवा और सुविधा का प्रतीक भी हो सकता है।

जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान देने के लिए उन्होंने जिस व्हाट्सएप ग्रुप की शुरुआत की है, वह एक ऐतिहासिक कदम है। यह कदम इस बात का प्रमाण है कि अधीक्षण अभियंता न केवल तकनीक का सदुपयोग करना जानते हैं बल्कि जनता की नब्ज़ को भी पहचानते हैं। जिस समस्या को पहले महीनों तक फाइलों और टेबलों में दबा दिया जाता था, वह अब तुरंत दर्ज होकर उसी दिन निस्तारित होगी। उनकी कार्यशैली में सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे जवाबदेही और पारदर्शिता को सर्वोपरि मानते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि कोई भी शिकायत अब दबाई नहीं जाएगी, और कोई भी अधिकारी अगर लापरवाही करेगा तो वह सीधे कार्रवाई का भागी होगा। यह कठोरता और संवेदनशीलता का अद्भुत संगम है, जो यह साबित करता है कि सच्चे नेतृत्व में ही व्यवस्था बदलने की ताकत होती है।

बस्ती की जनता इस पहल को केवल सुविधा नहीं बल्कि उम्मीद की नई किरण मान रही है। अधीक्षण अभियंता को लोग दूरदर्शी, कर्मठ और जिम्मेदार अधिकारी के रूप में देख रहे हैं, जिनकी सोच आने वाले वर्षों में न केवल मंडल बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बनेगी।

### बस्ती जिले की बिजली विभाग में भरोसे और पारदर्शिता का नया अध्याय

बस्ती जिले में अधीक्षण अभियंता की पहल ने बिजली व्यवस्था को नई दिशा दी है। अब उपभोक्ताओं को अपनी समस्या दर्ज करने के लिए न दफ्तरों में चक्कर लगाने होंगे और न ही महीनों तक इंतज़ार करना पड़ेगा। एक संदेश से समस्या दर्ज होगी और उसका समाधान उसी मंच पर सामने आ जाएगा। यह कदम न केवल बिजली विभाग को पारदर्शी और जवाबदेह बनाएगा बल्कि जनता और विभाग के बीच भरोसे का नया पुल खड़ा करेगा। अधीक्षण अभियंता की यह पहल वास्तव में उम्मीद, विश्वास और जवाबदेही का नया अध्याय है, जो आने वाले समय में न केवल बस्ती ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक आदर्श बनेगा।

### व्हाट्सएप ग्रुप बना जनता की ताकत, शिकायतें अब तुरंत दर्ज और हल होंगी

अधीक्षण अभियंता रणजीत चौधरी की इस पहल से उपभोक्ताओं को पहली बार ऐसा मंच मिला है, जहाँ वे सीधे अपनी समस्या दर्ज कर सकते हैं। चाहे ग्रामीण क्षेत्र में वोल्टेज की दिक्कत हो, तार टूट गया हो या शहरी इलाकों में बिलिंग की गड़बड़ी—अब यह सबकुछ सीधे उसी समय दर्ज होगा। सबसे खास बात यह है कि समाधान की स्थिति भी ग्रुप में साझा होगी। यदि ट्रांसफार्मर बदला गया है तो उसकी फोटो उसी मंच पर डाली जाएगी। इससे उपभोक्ता का विश्वास और बढ़ेगा कि उसकी आवाज़ सुनी गई और कार्रवाई उसी समय की गई।

### पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कठोर व्यवस्था लागू की गई

इस ग्रुप में दर्ज हर शिकायत का रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। अधिकारी और कर्मचारी अब जवाबदेह होंगे। यदि कोई लापरवाही करेगा या समाधान में देर करेगा तो उस पर विभागीय कार्रवाई तय होगी। अधीक्षण अभियंता का कहना है, अब कोई शिकायत दबाई नहीं जाएगी, यह जनता का अधिकार है कि उसकी समस्या तुरंत हल हो।

### ग्रामीण और शहरी अलग-अलग समस्याओं पर विशेष रणनीति

ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर की खराबी और तारों की जर्जर स्थिति प्रमुख समस्या रही है, वहीं शहरों में बिलिंग और ओवरलोडिंग ने लोगों को परेशान किया है। अधीक्षण अभियंता ने साफ कहा है कि इस ग्रुप के माध्यम से ग्रामीण और शहरी समस्याओं को अलग रणनीति से सुलझाया जाएगा।

### सुझावों को भी मिलेगा महत्व, जनता और विभाग मिलकर बनाएँगे व्यवस्था बेहतर

इस ग्रुप में केवल शिकायतें ही नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं के सुझाव भी लिए जाएँगे। अधीक्षण अभियंता का मानना है कि जनता की राय से व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कई बार उपभोक्ता की छोटी-सी राय बड़े सुधार का आधार बन सकती है।

### जनता ने सराहा, कहा—यह कदम आशा और विश्वास की नई शुरुआत है।

जनता ने इस पहल को सराहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहली बार उन्हें ऐसा अनुभव हो रहा है कि विभाग उनकी सुविधा और समस्याओं को गंभीरता से सुन रहा है। लोगों का मानना है कि अधीक्षण अभियंता की कार्यशैली ने उन्हें उम्मीद दी है कि अब बिजली विभाग की छवि बदलेगी।

### अधीक्षण अभियंता बस्ती विद्युत मंडल रणजीत चौधरी की जनता से अपील

- बिल समय पर जमा करें,हर उपभोक्ता समय पर बिजली का बिल चुकाएँ, ताकि व्यवस्था मजबूत और पारदर्शी बनी रहे।
- बिजली चोरी न करें, चोरी से विभाग को नुकसान और समाज को अंधकार मिलता है। इससे सबसे ज्यादा नुकसान बच्चों और भविष्य को होता है।
- सही शिकायत दर्ज करें, झूठी या बढ़ा-चढ़ाकर शिकायतें न करें। वास्तविक समस्या बताने से उसका समाधान और तेज़ी से होगा।
- बिजली का समझदारी से उपयोग करें, जरूरत से ज्यादा लोड न लें, ऊर्जा की बचत करें और लाइन लॉस कम करने में सहयोग करें।
- अधिकारियों और कर्मचारियों से सहयोग करें, मौके पर मरम्मत या निरीक्षण के समय अधिकारियों-कर्मचारियों को सहयोग दें और उन्हें सम्मान दें।



विद्युत समस्या समाधान ग्रुप को बनाने का सबसे बड़ा उद्देश्य यही है कि जनता की समस्याएँ बिना किसी भाग-दौड़ सीधे अधिकारियों तक पहुँचें और उनका समाधान कम से कम समय में हो सके। उपभोक्ताओं को अब दर-दर भटकने की ज़रूरत नहीं होगी। पावर हाउस या जेई स्तर पर फोन न उठाना एक गंभीर लापरवाही है, जिस पर सख़्त निर्देश जारी किए जाएंगे। अधिकारी और कर्मचारी अब जनता के प्रति पूरी संवेदनशीलता के साथ काम करेंगे। हर शिकायत को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। मेरा संकल्प है कि बस्ती मंडल की बिजली व्यवस्था को इतना पारदर्शी और संवेदनशील बनाया जाए कि यह पूरे प्रदेश में आदर्श मॉडल बनकर उभरे।

**रणजीत चौधरी**
**अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल**

# बस्ती में विकास कार्यों की समीक्षा, अफसरों की लापरवाही पर डिप्टी सीएम सख्त

जन एक्सप्रेस। बस्ती



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को बस्ती दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में कई अधिकारी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर मौर्य ने नाराजगी जताते हुए उनका एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डिप्टी सीएम ने बैठक में अफसरों को चेतावनी दी कि विकास योजनाओं में तेजी लाएं और भ्रष्टाचार की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचना चाहिए, लेकिन अफसरों की सुस्ती और भ्रष्टाचार के कारण जनता परेशान है। मौर्य ने जिले में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर भी चिंता जताई और पुलिस अधिकारियों को सख्ती से काम करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मौर्य ने विपक्षी दलों पर भी जमकर निशाना साधा। बिहार कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां को लेकर जारी विवादित एआई वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार अपमानजनक बयान देते हैं। इसका जवाब बिहार की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में देगी। उन्होंने राहुल गांधी को संविधान विरोधी करार दिया और कहा कि वे देश विरोधी ताकतों के इशारों पर काम कर रहे हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए मौर्य ने कहा कि अखिलेश 2027 में सत्ता का सपना देख रहे हैं, लेकिन उनकी वापसी 2047 तक भी संभव नहीं। उन्होंने अखिलेश को सत्ता वियोग से पीड़ित बताया और कहा कि फर्जी पीडीए की बात करने वाले नेताओं का रोना स्वाभाविक है क्योंकि प्रदेश सरकार अपराधियों पर लगातार शिकंजा कस रही है।

डिप्टी सीएम ने साफ शब्दों में कहा कि भ्रष्टाचारियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। अफसरों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जनता और कार्यकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और हर स्तर पर पारदर्शिता लाई जाए। उन्होंने भरोसा जताया कि सरकार की प्राथमिकता जनता के हितों की रक्षा और विकास कार्यों को समय पर पूरा करना।

# सफलता का मूलमंत्र है धैर्य, लगन और अनुशासन : प्रो. प्रमोद कुमार यादव

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो.राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में नवप्रवेशित छात्रों के लिए दीक्षारंभ 2025 कार्यक्रम का आयोजन आर्यभट्ट सभागार में किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान विद्यार्थियों के संपूर्ण शैक्षणिक और व्यक्तित्व विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि धैर्य, लगन, उत्सुकता और अनुशासन से अर्जित शिक्षा ही जीवन में सफलता की कुंजी है। प्रो. यादव ने विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के कल्याण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार के माध्यम से उपलब्ध विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने सपनों को साकार करें।

संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. देवराज सिंह ने विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के सूत्र बताए तथा भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्ध करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

गणित विभागाध्यक्ष प्रो. मिथिलेश सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया, वहीं रसायन विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने विभाग की विशेषताओं को साझा करते हुए छात्रों के सर्वांगीण विकास का आश्वासन दिया। भू एवं ग्रहीय विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज अवस्थी ने भूगर्भ विज्ञान में उपलब्ध करियर संभावनाओं से परिचित कराया। नैनो साइंस केंद्र के विभागाध्यक्ष डॉ. सुजीत कुमार चौरसिया ने संस्थान में किए जा रहे नवीन अनुसंधानों और नवाचारों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी तथा उन्हें उच्च शिक्षा और शोध की ओर प्रेरित किया। रिन्यूएबल एनर्जी के विभागाध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र कुमार चौधरी ने छात्रों को संस्थान की शोध गतिविधियों से अवगत कराया।

स्नातक पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. श्याम कन्हैया ने विद्यार्थियों को स्नातक स्तर की शैक्षणिक व्यवस्थाओं से परिचित कराया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट से के उप समन्वयक डॉ. नितेश जायसवाल ने बताया कि पढ़ाई के साथ साथ विद्यार्थियों की ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट के लिए विश्वविद्यालय निरंतर प्रयास करता है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय कई सारे व्याख्यान और प्रशिक्षण आयोजित करता रहता है।

वहीं, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.शशिकांत यादव ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता समझाते हुए अकादमिक गतिविधियों के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास पर भी बल दिया। दीक्षारंभ के बाद विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय का भ्रमण किया जहां पुस्तकालय अध्यक्ष प्रो राजकुमार ने विद्यार्थियों को पुस्तकालय के अधिकतम उपयोग के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नितेश जायसवाल ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रो. गिरिधर मिश्र, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. मिथिलेश यादव, डॉ. दिनेश वर्मा, डॉ. आलोक वर्मा, डॉ. काजल डे, डॉ. रामांशु प्रभाकर, डॉ सौरभ सिंह, डॉ. दीपक मौर्या, डॉ. संदीप वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं सभी नवप्रवेशित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्कूल से लौट रहे शिक्षक पर बदमाशों ने किया जानलेवा हमला

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

### शिक्षक नेता ने घटना पर जताया आक्रोश

बरसठी मछलीशहर क्षेत्र के दाऊदपुर निवासी जूनियर विद्यालय के शिक्षक लालचंद पाल के ऊपर शुक्रवार को बदमाशों द्वारा किए गए जानलेवा हमले से जिले भर के शिक्षकों में आक्रोश फैल गया। उत्तर प्रदशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी की अति आवश्यक बैठक शुक्रवार की शाम जौनपुर स्थित कैंप कार्यालय में हुई।

गुरूवार को स्कूल से वापस घर जा रहे शिक्षक को बाइक सवार बदमाशों ने छिनैती की नियत से ओवरटेक कर रोक लिया। छिनैती में असफल होने पर बदमाशों ने उनकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से शिक्षक को काफी चोटें आयी है और उनके हाथ की अंगुली टूट गयी। घायलावस्था में उन्हें प्रयागराज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है घटना बड़ेरी चौकी अंतर्गत कोहड़ा गांव के पास की है। मछलीशहर थाना क्षेत्र के दाऊदपुर गांव निवासी लालचंद पाल बरसठी ब्लॉक के घनापुर गांव में पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक है।

वह गुरूवार को रोज की तरह स्कूल की छुट्टी होने के बाद बाइक से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह कोहड़ा गांव के असीं नदी पुलिया के पास पहुँचे सरपत के झुरमुट की आड़ में अपाचे बाइक सवार तीन लोग ओवरटेक कर रोक कर छिनैती का प्रयास किया लेकिन उसमें असफल होने पर शिक्षक की पिटाई करने लगे। शिक्षक बाइक छोड़ चिल्लाते हुए खेत मे कूद गये, आवाज सुनकर आसपास के लोगों को आता देख बदमाश फरार हो गये। शिक्षक ने यूपी 112 नम्बर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुँची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। रास्ते में जगह जगह लगे सीसीटीवी कैमरे से से फुटेज निकालकर जांच में लगी है।

इस सम्बंध में चौकी इंचार्ज बड़ेरी विनोद कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि शिक्षक पर डंडे से हमला हुआ है, लेकिन कोई छिनैती नही हुई है। जांच की जा रही है कि उनकी छिनैती की नियत थी या किसी से दुश्मनी तो नही है। सभी बिदुओं पर जाँच की जा रही है। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों ने अपने शिक्षक साथी के साथ हुए जानलेवा हमले और छिनैती के असफल प्रयास की घटना की कड़ी निंदा की। कहां की जिले में अब शिक्षक समाज पूरी तरह से असुरक्षित हो गया है। शिक्षक भाई और बहनों के साथ स्कूल आते और जाते कब कौन सी घटना हो जाए कोई सुनिश्चित नहीं है। अभी चंद दिन पहले ही अपने शिक्षक साथी संतोष यादव को गोली मारकर हुई लूट की घटना का पर्दाफाश हुआ इधर एक और वारदात हो गई। जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा कि बरसठी थाना पुलिस अगर इस मामले का जल्द खुलासा नहीं करती तो हम लोग चार दिन बाद पुलिस अधीक्षक से मिलकर मामले में ज्ञापन देंगे। बैठक में रवि चंद यादव, लालसाहब यादव, वीरेंद्र प्रताप सिंह, लक्ष्मीकांत सिंह, रामदुलार यादव, सुनील यादव, देशबंधु यादव, राकेश कुमार पांडे, लक्ष्मीकांत सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, डॉक्टर उषा सिंह, अंजू यादव, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, राममिलन, मुन्नालाल अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# गरूड़ पुराण मौत के रहस्यों के साथ ही जीवन के रहस्यों का खजाना



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

सुइथाकला गरूड़ पुराण मौत के रहस्यों के साथ ही जीवन के रहस्यों का खजाना है। उक्त बातें कथावाचक पं.राम केवल दूबे ने शुक्रवार को कोटिया गांव में कथा के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने मृत्यु के पहले और बाद की स्थिति से लोगों को अवगत कराया।

गौरतलब हो कि विगत पांच सितंबर को कोटिया (पिपरौल) गांव निवासी व पूर्व प्रधान बृजेश उपाध्याय ऊर्फ बब्लू के पचासी वर्षीय पिता राम सूरत उपाध्याय का निधन हो गया था।वे एक धर्मनिष्ठ और कर्तव्य परायण प्रवृत्ति के व्यक्ति थे।

दाह-संस्कार के बाद मुख्य यजमान के रूप में सुपुत्र कृष्ण चन्द्र द्वारा गांव स्थित आवास पर गरूड़ पुराण कथा का आयोजन किया गया।

जिसमें शुक्रवार को कथा के दौरान कथावाचक पं.रामकेवल दूबे ने गरूड़ पुराण को मौत के रहस्यों के साथ ही जीवन के रहस्यों का खजाना बताया। उन्होंने इसे हिन्दू धर्म के प्रसिद्ध धार्मिक ग्रंथों में से एक बताया और कहा कि यह धर्म के साथ ही ज्ञान विज्ञान, नीति और नियमों को भी सिखाता है।

अंत में उन्होंने इसका अध्ययन करने पर उपस्थित लोगों पर बल दिया।

इस दौरान प्रमोद कुमार मिश्र, देवेन्द्र पाण्डेय, जगदम्बा वर्मा,पारस नाथ यादव समेत अन्य शुभचिंतक और परिवार के लोग मौजूद रहे।

# जौनपुर समाजसेवी अतुल तिवारी को सोशल मीडिया पर धमकी, साइबर क्राइम में दर्ज हुई रिपोर्ट



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के निवासी आम आदमी पार्टी जौनपुर के निवर्तमान जिला मीडिया प्रभारी व अखिल भारतीय हिन्दू सेवा दल उत्तर प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री अतुल कुमार तिवारी (बुद्धिमान) को 11 सितंबर की रात सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर एक फेक अकाउंट से आपत्तिजनक टिप्पणी व धमकी दी गई। घटना के बाद संबंधित अकाउंट से माफी मांगी गई और खुद को केराकत निवासी अनिल यादव पुत्र विजय यादव बताया गया। बावजूद इसके, सुरक्षा और कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता को देखते हुए समाजसेवी अतुल तिवारी ने साइबर क्राइम पुलिस (पुलिस लाइन) में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

अतुल तिवारी ने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर रोक लगाने और साइबर अपराधियों को उनकी सही जगह तक पहुंचाने के लिए सख्त कार्रवाई

# सड़क पर बिखरी गिट्टियों को देख ट्रैफिक सिपाही ने थामा झाड़ू



जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर स्वच्छ भारत अभियान के तहत पूरे देश में सफाई को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन जौनपुर जिले में एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। मामला लाइनबाजार थाना क्षेत्र के जेसीज चौराहे का है, जहाँ ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक सिपाही राजेश सिंह ने अपनी जिम्मेदारी से बढ़कर कार्य करते हुए लोगों के बीच एक मिसाल कायम कर दी। जानकारी के अनुसार, जेसीज चौराहे पर सड़क पर गिट्टियां बिखरी हुई थीं, जो कभी भी किसी हादसे का कारण बन सकती थीं। ऐसे में यातायात सिपाही राजेश सिंह ने बिना देर किए खुद झाड़ू उठाई और सड़क पर फैली गिट्टियों को साफ करना शुरू कर दिया। राहगीरों ने देखा कि वर्दीधारी सिपाही कई मिनटों तक पूरी ईमानदारी के साथ सड़क की सफाई करते रहे। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने उनका वीडियो बना लिया जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने उनकी जमकर प्रशंसा की और कहा कि अगर हर व्यक्ति स्वच्छता को लेकर इसी तरह आगे बढ़े तो सड़कों पर गंदगी और अव्यवस्था नाम की चीज ही न रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजेश सिंह का यह कदम न केवल स्वच्छता का संदेश देता है बल्कि समाज को यह भी सिखाता है कि सफाई केवल सफाईकर्मियों की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।

# सार्वजनिक चकमार्ग पर अतिक्रमण करने वाले अभियुक्त की हुई गिरफ्तारी


जन एक्सप्रेस। जौनपुर

चंदवक थाना क्षेत्र मे पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक चक मार्ग पर अतिक्रमण करने की जुर्म में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार व्यक्ति पर दिनांक-15.08.25 को वादी द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटवाने के बाद पुनः अभियुक्तगण द्वारा अवैध रुप से कब्जा करना तथा बास बल्ली इत्यादि रखकर सार्वजनिक चकमार्ग बाधित कर देने के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्र पर मु0अ0सं0 259/ 2025 धारा 329 (3)/ 326(ङ) बी.एन.एस. बनाम 1. देवनाथ पुत्र दीपचन्द 2. अच्छेलाल पुत्र दीपचन्द 3. उमाशंकर पुत्र प्रेम 4. बासदेव पुत्र सरेम 5. बबलू पुत्र प्रेम 6. छब्बी पत्नी सरेम 7. शीला पत्नी विनोद उर्फ भुँवर 8. संजू पत्नी दिनेश 9. विद्या पत्नी प्रेम 10. सुसुम पत्नी अच्छेलाल 11. आँचल पुत्री दूधनाथ 12. मनीष पुत्री दूधनाथ 13. किस पुत्री बबलू 14. सरिता पत्नी उमाशंकर नि0 गण ग्राम बोदरी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर पंजीकृत किया गया।

थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार करने वाली टीम में मेरे साथ उ0 नि0 रामगोपाल सिंह, उ0 नि0 राजेश्वर पाण्डेय, एवं पुलिस टीम ने अभियुक्त की गिरफ्तारी में सहयोग किया

मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त अच्छेलाल राजभर पुत्र स्व0 दीपचन्द राजभर निवासी ग्राम बोदरी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर मु0अ0सं0-259/ 2025 धारा-329 (3)/ 326(ङ) बी.एन.एस. पंजीकृत करके अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# ग्राम खरगूपुर बनीडीह में रंगदारी और जान से मारने की धमकी का मामला उजागर







जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर थाना रामपुर क्षेत्र के ग्राम खरगूपुर बनीडीह में रंगदारी और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। ग्राम निवासी राजा मिश्र पुत्र स्व. श्याम नारायण मिश्र ने उच्चाधिकारियों को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि उनके भतीजे मनोज मिश्रा से ग्राम बनीडीह निवासी सुनील मिश्रा पुत्र रमेश मिश्रा द्वारा रंगदारी मांगी जा रही है और हत्या की धमकी दी जा रही है।

### आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

इस मामले में सुनील मिश्रा के खिलाफ अपराध संख्या 94/25 थाना रामपुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया है, जिसमें धारा 352, 351(2), 61(2)ए, 67 शामिल हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सुनील मिश्रा के संरक्षक जीतेंद्र पुत्र रामनारायण निवासी बनीडीह और राजबहादुर पुत्र शेषनारायण निवासी खरगूपुर भी साजिश में शामिल हैं और मनोज मिश्रा की हत्या करवाने की योजना बना रहे हैं।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद की बड़ी पहल, भेजी गई जरूरी चीजें

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री रवाना की, जिसमें सूखा राशन, तिरपाल, दवाइयां और पानी शामिल था। उन्होंने समय पर वितरण के निर्देश दिए। गंगा और काली नदी की बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए राहत शिविर और स्वयंसेवकों की मदद जारी है।

मंत्री ने कन्नौज कलेक्ट्रेट परिसर से बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री से भरे एक वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वाहन में बाढ़ पीड़ितों के लिए सूखा राशन, तिरपाल, दवाइयां, पानी की बोतलें और अन्य आवश्यक वस्तुएं भरी हुई थीं।



## सरकार कर रही है हरसंभव मदद

राहत सामग्री को रवाना करते हुए मंत्री असीम अरुण ने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ से प्रभावित हर नागरिक की मदद के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राहत सामग्री समय पर, पारदर्शी ढंग से और बिना किसी भेदभाव के उन लोगों तक पहुँचे जो वास्तव में इसके हकदार हैं।

## स्थानीय स्वयंसेवकों की भी मदद

मंत्री असीम अरुण ने बताया कि राहत कार्यों में स्थानीय स्वयंसेवकों और सामाजिक संगठनों की भी सहायता ली जा रही है। यह सामूहिक प्रयास सुनिश्चित करेगा कि किसी भी पीड़ित को आवश्यक सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े।

## जिलाधिकारी ने दी राहत कार्यों की जानकारी

इस मौके पर कन्नौज जिलाधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने मंत्री को बाढ़ प्रभावित इलाकों में चल रहे राहत और बचाव कार्यों की प्रगति की जानकारी दी।

प्रशासन लगातार हालात पर नजर रखे हुए है और ज़रूरत के अनुसार अतिरिक्त राहत सामग्री की व्यवस्था की जा रही है।

बाढ़ जैसी आपदा के समय में सरकार का यह सक्रिय रवैया दर्शाता है कि वह जनता के साथ खड़ी है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण की पहल से बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत मिलेगी और वे इस संकट से जल्द उबर सकेंगे। प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से राहत कार्य सुचारु रूप से जारी है।

# सपा ने सांसद अखिलेश यादव की ओर से बाढ़ पीड़ितों को बाँटी राहत सामग्री

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जनपद के कन्नौज सदर विधानसभा में ग्राम कासिमपुर, बक्सीपुर्वा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद कन्नौज के निर्देश पर जिलाध्यक्ष कलीम खान की अगुवाई में राहत सामग्री वितरित की गई। जिलाध्यक्ष कलीम खान एवं वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी ÷बऊअन, पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे ने सभी ग्रामीणों से 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए अनुरोध किया। सभी ग्रामीणों को भरोसा दिलाया गया है कि समाजवादी पार्टी इस दुःख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है। बाढ़ से बचाव के लिए गांव में बांध बनाने का कार्य समाजवादी सरकार में किया जाएगा। ग्रामीणों को विकास की सभी योजनाओं से जोड़कर उन्हें खुशहाल बनाया जायेगा।

समाजवादी युवजन के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन एवं विधानसभा अध्यक्ष कन्नौज पी पी सिंह बघेल, सपा नेता यश कुमार दोहरे, ने बताया आज लगभग 165 से अधिक परिवारों को समाजवादी राहत सामग्री बाँटी गई है और उनको यह भरोसा दिलाया गया है उनके हर सुख दुख में समाजवादी पार्टी उनके साथ है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ग्रामीणों की मदद के लिए आगे नहीं आ रहा हैं जिससे सभी लोग परेशान हैं और उनमें भारी गुस्सा है।

इस अवसर पर राजेंद्र सिंह यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख, राजेश पाल जिला पंचायत सदस्य, राजेश यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अंशू पाल जिलाध्यक्ष सलोवा, नूरुल हसन,नेम सिंह यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, राकेश कठेरिया, चंद्रभान दोहरे, कमलेश कटियार, नितिन यादव, आशीष यादव, शिब्बू तिवारी, विवेक पाल, गुफरान अहमद, मोहम्मद दानिश, मुनी कुशवाहा, कल्लू पाल, मुजम्मिल खान, सद्दाम खान, मुजफ्फरपुर अली, जुनैद खान, अखिलेश राजपूत, अरविन्द कनौजिया, राम निवास राजपूत, अनिरुद्ध यादव, प्रथवेन्द्र दिवाकर आदि लोग रहे।

# कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह को कोर्टरूम में दिल का दौरा पड़ा

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

कोर्ट रूम में एक इंस्पेक्टर को हार्ट अटैक आ गया। केस की पैरवी के दौरान उन्हें अचानक चक्कर आया और वह वहीं पर गिर पड़े। साथी पुलिस कर्मियों ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां से हालत गंभीर होने पर कानपुर के कार्डियोलॉजी विभाग में रेफर कर दिया गया है। सदर कोतवाली के सेकेंड इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह आज कोर्ट में पैरवी के लिए गए थे। सीजेएम श्रद्धा भारतीय की कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही थी। इसी दौरान अचानक शैलेन्द्र सिंह को चक्कर आया और वह जमीन पर गिर पड़े। उनके गिरते ही कोर्ट रूम में अफरा-तफरी मच गई। तुरंत एंबुलेंस बुलाकर साथी पुलिस कर्मियों ने जिला अस्पताल भिजवाया।



जिला अस्पताल में प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें कानपुर के कार्डियोलॉजी विभाग में रेफर कर दिया। अस्पताल के सीएमएस के अनुसार, इंस्पेक्टर की यह स्थिति अत्यधिक थकान और तनाव के कारण उत्पन्न हुई है। फिलहाल उनका इलाज जारी है।

## मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले

इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह (54) सदर कोतवाली में अतिरिक्त निरीक्षक के पद पर तैनात हैं। वह किसी मुकदमे की पैरवी के लिए शुक्रवार को सीजेएम कोर्ट गए हुए थे। यहां सुनवाई के दौरान उन्हें घबराहट महसूस हुई और अचानक से वह जमीन पर गिर गए। तत्काल सीजेएम श्रद्धा भारतीय ने एम्बुलेंस बुलवाकर उन्हें जिला अस्पताल भिजवाया।

सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने बताया कि शैलेन्द्र सिंह नाम के एक इंस्पेक्टर को अस्पताल लाया गया। वो कोर्ट रूम में घबराहट की वजह से अचेत हो गए थे। हमारे फिजीशियन ने उन्हें देखा और ईसीजी किया। उनमें स्ट्रेस के फीचर्स मिले। जिस कारण प्राइमरी मैनेजमेंट करके उन्हें कार्डियोलॉजी रेफर कर दिया गया है।

# अंकित पांडे के हत्या आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्याणपुर क्षेत्र के गोवा गार्डन के पास 5 सितंबर को अंकित पांडे का शव पुराना शिवली रोड की राहुल बेकरी वाली गली में झाड़ियों में पड़ा मिला था। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर हत्या की आशंका जताई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच शुरू कर दी थी। आठ दिन की जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने इस हत्या की गुत्थी सुलझा दी है।

दरोगा अमित मलिक ने बताया कि इस मामले में करीब 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जांच में आरोपी रामजी दुबे उर्फ पंडित निवासी शिवराजपुर का नाम सामने आया। मुखबिर की खास सूचना पर शुक्रवार को बारसिरोही नहर पुलिया के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में रामजी दुबे ने बताया कि वह अंकित पांडे को पहले से नहीं जानता था। उसने बताया कि वह अक्सर लोगों को नशे की गोलियां खिलाकर लूटपाट करता था और उस पर आधा दर्जन मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

आरोपी ने बताया कि 4 सितंबर को उसकी मुलाकात अंकित से शिवली रोड पर हुई थी।

अंकित पहले से शराब के नशे में था और उसके हाथ में महंगा मोबाइल था। लालच में उसने अंकित से मोबाइल छीनने की कोशिश की, जिसके दौरान हाथापाई हुई। उसने यह भी कहा कि उसने पीछे से धक्का देकर वहां से चला गया। हालांकि आरोपी ने हत्या की बात से इनकार किया है।

थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि आरोपी के विरुद्ध हत्या का साक्ष्य नहीं मिला है, लेकिन चोरी का मोबाइल बरामद किया गया है। इस कारण आरोपी को चोरी के मुकदमे में जेल भेजा जा रहा है। जांच अभी जारी है और आगे साक्ष्य मिलने पर हत्या के आरोप में भी कार्रवाई की जाएगी।

## सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का प्रशिक्षण 15 सितम्बर को

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता एवं निर्वाचक नामावली के शुद्धिकरण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद के सभी सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का प्रशिक्षण आगामी 15 सितम्बर को पूर्वाह्न 12.00 बजे से डीआरडीए के गांधी सभागार में सम्पन्न होगा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि इस प्रशिक्षण में निर्वाचन से संबंधित आवश्यक बिंदुओं की जानकारी विस्तार से दी जाएगी, ताकि निर्वाचक नामावली से जुड़े समस्त कार्य समयबद्ध एवं शुद्ध रूप से सम्पन्न हो सकें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# एक्सप्रेस खबरें...

## एसीपी कार्यालय के सामने बिल्डिंग में आधार कार्ड बनना शुरु

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बिल्हौर तहसील क्षेत्र की जनता की आधार कार्ड दिक्कतों को देखते हुए एसडीएम डॉ संजीव कुमार दीक्षित के सराहनी प्रयास से अब एसीपी कार्यालय के सामने वाली बिल्डिंग में आधार कार्ड बनना शुरू हो गया है वहां पर सरकारी शुल्क लेकर ही आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं क्षेत्रीय जनता को जानकारी होने पर वहां पर पहुंचना शुरू हो गया है ऑपरेटर ने बताया कि सुबह जल्दी आ जाएगा उसका जल्दी बन जाता है भीड़ होने पर 15 से 20 मिनट लग जाते हैं कभी कबार नेटवर्क में भी दिक्कत आती है जिस समय लगता है बाकी शाम तक सभी का बना कर ही बंद करते हैं इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए पहुंचे दूर दराज ग्रामीणों ने बताया कि पहले लाइन लगाना पड़ता था रू200 से रू300 तक सुविधा शुल्क देना पड़ता था तब जाकर कहीं आधार कार्ड बन पाता था यहां पर बनने पर कोई भी अतिरिक्त सुविधा शुल्क नहीं देना पड़ा है।

## क्षेत्राधिकारी ने नवरात्रि मेला की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। आगामी नवरात्रि पर्व और मेले की तैयारियों को लेकर हसनगंज के क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया ने अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह के साथ शुक्रवार शाम को कुसुंभी गांव में स्थित कुशहरी देवी माता मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने नवरात्रि के दौरान लगने वाले मेले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और मंदिर परिसर का भौतिक निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने मेला प्रबंधक आलोक सिंह और मेला मालिक ज्योतिरादित्य प्रताप सिंह से मुलाकात कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। निरीक्षण के दौरान पुलिस बल समेत कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित पुलिसकर्मी की मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। जसवंतनगर निवासी नेमचन्द्र उम्र 42 वर्ष, जो कल्याणपुर थाने में मालखाना महोर्र के पद पर थे, लंबे समय से ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित थे। उनका इलाज हाल ही में हैलट अस्पताल में चल रहा था। शुक्रवार को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। घटना की सूचना मिलने पर कल्याणपुर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। पत्नी ममता ने स्वरूप नगर थाने में प्रार्थना पत्र देकर पोस्टमार्टम कराने की बात कही। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कार्रवाई पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## महिला लेखपाल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। जनपद की पुरवा तहसील में कार्यरत एक महिला लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। प्राप्त विवरण के अनुसार लेखपाल ममता श्रीवास्तव के पास पुरवा तहसील के राजस्व गांव अकोहरी बनीगांव का चार्ज था अकोहरी निवासी एक व्यक्ति से वसीयत में बयान देने के नाम पर लेखपाल ममता ने पैंतीस हजार रुपए की मांग की थी जिस पर उस व्यक्ति ने एंटी करप्शन में शिकायत दर्ज कराई थी शुक्रवार को तहसील स्थित अपने कार्यालय में लेखपाल ममता ने उस व्यक्ति को पैसे लेकर बुलाया था जहां पहले से ही एंटी करप्शन टीम गोपनीय रूप से उपस्थित थी जैसे ही ममता लेखपाल ने पैसे लिए टीम ने उनको अपनी दी हुई नोटो के नंबर के साथ हिरासत में ले लिया उन नोटो पर फिनोलफ्थलेन पाउडर लगा था आरोपी लेखपाल को अपने साथ लेकर एंटी करप्शन टीम चली गई। स्थानीय जानकारों की माने तो उक्त ममता लेखपाल बड़े पैमाने पर लोगों से घूस लेती थी अकोहरी ग्राम सभा में पट्टा की जमीनों के आवंटन में सत्ताधारी लोगों के साथ मिलकर जमकर लूट करी थी। पूर्व में पुरवा में तैनात रहे एक उपजिलाधिकारी के संरक्षण में ममता लेखपाल ने जमकर वसूली की सरकारी जमीनों तालाबों पर अवैध कब्जे कराए है।

## आंगनबाड़ी केंद्र त्रिवेणीगंज में 9~10 पर 21 बच्चे मौजूद मिले

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बिल्हौर तहसील क्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्रों की सूरत बदलने लगी है जब से शिक्षा विभाग में कम बच्चों की संख्या वाले स्कूलों को पेयरिंग कर दिया गया है। तब से आंगनबाड़ी केदो में बच्चों की संख्या बढ़ने लगी है संख्या वहीं पर बढ रही है जहां पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिका प्रतिदिन घर-घर जाकर बच्चों को बुलाने जाती हैं और बाकी जगहों पर रजिस्टर में अंकित बच्चों की संख्या में 10त्न बच्चे ही बमुश्किल आते हैं। शुक्रवार सुबह 9~10 पर संवाददाता ने बिल्हौर देहात ग्राम सभा की कई आंगनबाड़ी केंद्रों की हकीकत जानी वहीं पर कुछ केंद्र बंद मिले त्रिवेणीगंज आंगनबाड़ी केंद्र बिल्हौर फर्स्ट केंद्र संचालिका श्रीमती अर्चना सैनी और सहायिका लक्ष्मी 9 बच्चों को पढ़ाते मिली। 15 मिनट तक वहां पर बैठकर इंतजार करने पर 12 बच्चे और आ गए कुल 21 बच्चे हो गए। उनके रजिस्टर में अंकित 22 बच्चे मिले अभी समय हुआ है सुबह सभी के पास होकर आए हैं अब उनकी मां छोड़ जाती हैं। वहां पर मौजूद एक बच्चे की मां ने बताया कि बच्चा हमारा प्राइमरी स्कूल से ज्यादा होशियार है जो वहां पर बच्चे कक्षा एक में लिख नहीं पाते हैं । हमारा बच्चा लिख लेता है। हम सब अभिभावकों को भी घर पर ध्यान देना पड़ेगा तभी बच्चे अच्छी तरह से लिख पढ़ सकते हैं।

## बिल्हौर स्टेशन का डीआरएम ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बिल्हौर रेलवे स्टेशन पर इज्जतनगर मंडल की मंडल रेल प्रबंधक बीना सिन्हा ने सोमवार को रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। स्टेशन पर फैली गंदगी को देखकर उन्होंने कर्मचारियों को साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। डीआरएम ने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। दोनों प्लेटफॉर्म पर शौचालयों की व्यवस्था नहीं मिली। उन्होंने अधिकारियों को दोनों प्लेटफॉर्म और शौचालय निर्माण के निर्देश दिए। बरसात के बाद स्टेशन का कायाकल्प किया जाएगा। जर्जर आवासीय भवनों की मरम्मत होगी। प्लेटफॉर्म संख्या एक और दो पर एक छोर से दूसरे छोर तक मजबूत बाउंड्री वॉल बनेगी। साथ आए कर्मचारियों ने दबी जुबान बताया कि नए मॉडल में रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग सुंदर प्लेटफार्म भी बिल्हौर के लिए जल्द मिलेगा। निरीक्षण में एईईओपी ओमकार, डीओएमजी जगदीप कुमार, सीनियर टीम से भरत भूषण, डीएसटीई धनंजय और अमरेंद्र सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद थे। रेलवे स्टेशन के अंदर रखरखाव को देखकर स्टेशन मास्टर सहित कर्मचारियों की तारीफ की जायजा लेने के बाद डीआरएम टीम के साथ कन्नौज की ओर रवाना हुईं। क्षेत्रीय यात्रियों ने डीआरएम के दौरे का स्वागत किया। उनका कहना है कि निर्देशों के पालन से स्टेशन की सुविधाएं बेहतर होंगी। यात्रियों को स्वच्छ वातावरण के साथ शौचालय और अन्य जरूरी सुविधाएं मिलेंगी।

# बिठूर में कानपुर चिल्ड्रन हॉस्पिटल ने आयोजित किया स्वास्थ्य जांच और दवाई वितरण अभियान



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिठूर क्षेत्र के इस्कॉन मंदिर गंगा कटरी के पास बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच अभियान का आयोजन किया गया। यह पहल कानपुर चिल्ड्रन हॉस्पिटल के संचालक राहुल कुमार और अस्पताल की टीम द्वारा बाढ़ के बाद उत्पन्न स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए की गई। टीम ने इलाके में स्टाल लगाकर आम जनता के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का संचालन किया।

इस अभियान के तहत बच्चों और बुजुर्गों सहित आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने बुखार, दस्त, त्वचा संबंधी समस्या, सांस लेने में कठिनाई जैसी आम बीमारियों पर ध्यान केंद्रित किया। साथ ही बाढ़ के कारण फैलने वाली जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए विशेष सलाह भी दी गई।

स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ मिश्रित दवाइयों का वितरण भी किया गया। दवाइयों में जलीय संक्रमण, बुखार, पाचन समस्याओं और वाइरल संक्रमण के इलाज के लिए आवश्यक दवाइयां शामिल थीं। अस्पताल संचालक ने बताया कि यह अभियान क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास है ताकि बाढ़ के बाद स्वास्थ्य समस्याएं नियंत्रण में रह सकें। इस अभियान में बिठूर क्षेत्र के सैकड़ों लोग लाभान्वित हुए और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी।

प्रशासन ने भी इस पहल की सराहना की।

# भाजपा सरकार से किसान, शिक्षक, छात्र, महिलाये परेशान है: इं. विनय यादव, अध्यक्ष विधानसभा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देश पर विधानसभा अध्यक्ष इं विनय यादव ने बिल्हौर के ब्लॉक ककवन के ग्राम उड्डा ,बासुक नेवादा, बिरूआ नेवादा में [illegible] चौपाल का आयोजन किया। अध्यक्ष ने कहा हम समाजवादी पार्टी की नीतियों को ज़न ज़न तक पहुचा कर पार्टी को मजबूत करूगा 2027 में हम सब के नेता [illegible] के महा नायक को मुख्यमंत्री मनाएंगे तब बाबा सहाब का सपना पूरा होगा [illegible] की सरकार होगी पूरे उत्तर प्रदेश का हर समाज पीडीए के साथ है बाबा साहब के बनाये संविधान को अगर बचना है हम गरीब पिछड़े दलित अल्पसंख्यक समाज को एक होना पड़ेगा गरीब किसान मजदूर के नेता मा अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनना होगा 2027 का चुनाव हम सबका आखिरी चुनाव है हम हर बूथ पर सभी समाज को जोड़ेंगे सबका सम्मान करेगें 11 साल में केंद्र की सरकार 9 साल उत्तर प्रदेश की सरकार ने कोई विधानसभा में कोई काम नहीं किया मंदिर मस्जिद की बात करते है



स्कूल और अस्पताल की बात करना चाहिए सरकार पाठशाला बंद कर रहीं मधु शाला खोल रहीं है गरीब को शिक्षित नहीं करना चाहती है वो नशा की तरफ ले जाना चाहती है हम सब लोग 2027 में मिल के भाजपा सरकार को सत्ता से दूर कर देगे [illegible] चौपाल में उपस्थित डॉ भैया लाल वर्मा, अनिरुद्ध कोरी प्रधान, दीवारी लाल गौतम, हरि वर्मा, हरि शंकर गौतम, मान सिंह गौतम, माता दिन वर्मा, हबल दार वर्मा, राम नारायण गौतम, सुंदर लाल वर्मा, अजय बाल्मीकि, अजय सविता, हरिओम, छोटी बिटिया गौतम, गुल्लू कश्यप, संतोष पाल, उमाशंकर राजपूत, सोनू सविता, जोगेंद्र सविता, सुनील यादव, अजय सविता, उमा सिंह, बलवीर दिवाकर, महेंद्र राजपूत, महेंद्र कश्यप, बबलू कश्यप,अमित यादव, धर्मपाल यादव, अनिल यादव, गोलू आदि समाजवादी लोग उपस्थित रहे।

# केशवपुरम में सूअर पालन को लेकर विवाद, थाने में तहरीर दी गई

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

रावतपुर थाना क्षेत्र के केशवपुरम आवास विकास एक में सूअर पालन को लेकर तनावपूर्ण स्थिति बन गई है। मोहल्ले के एम 359 से 365 करीब 8 से 10 निवासियों ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर सूअर पालन कर रहा है, जिससे क्षेत्र में रहने वाले लोगों का जीवन दूभर हो गया है। तहरीर में बताया गया है कि मोहल्ले में सुअरों के कारण गंदगी फैल रही है और आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब निवासियों ने सूअर पालक से सुअरों को हटाकर अन्य जगह ले जाने की बात कही, तो वह व्यक्ति विवाद करने पर उतारू हो गया। विरोध करने पर उसने गाली गलौज भी की। वही स्थानीय महिला कंचन शुक्ला, रानी व अंजली पाठक ने बताया कि उनके मोहल्ले में सूअर पालन को लेकर समस्या बनी हुई है।



उन्होंने कई बार वार्ड 54 के क्षेत्रीय पार्षद से शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पार्षद ने आश्वासन दिया था कि समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा। बावजूद इसके आज तक समस्या जस की तस बनी हुई है। समस्या उत्पन्न करने वाले व्यक्ति से बात करने पर वह विवाद करने के लिए तत्पर रहते हैं। थाना प्रभारी रावतपुर ने बताया कि सूचना मिली है। पुलिस टीम को भेज कर जांच करवाया जा रहा है।इसके साथ ही नगर निगम को भी सूचना भेजी जा रही है।

# विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश 2047 नवाबगंज में छात्रों, किसानों से संवाद कर जानी गई विकास की राय

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। नवाबगंज स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, जीजीआईसी और पक्षी विहार के पर्यटन हॉल में शुक्रवार को %विकसित भारत - विकसित उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रमुख सचिव और नोडल अधिकारी अमित घोष सहित सेवानिवृत्त आईएएस एसपी आर्या व भानु प्रताप सिंह, निदेशक जीआईडीएस हर्ष शर्मा, सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी यूपी सीड कारपोरेशन ऋषि राज सिंह, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता यूपीपीसीएल विवेक श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं, किसानों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद किया। अधिकारियों ने 2047 तक भारत और उत्तर प्रदेश को विकसित बनाने के लिए उनकी राय जानी।



कार्यक्रम में प्रमुख सचिव अमित घोष ने बताया कि विजन 2047 का मुख्य उद्देश्य हर नागरिक को आवास, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास के लिए उद्योग, कृषि और सेवा क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ाना आवश्यक है। पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की जीडीपी बढ़कर 30 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जबकि कृषि विकास दर 14 प्रतिशत से अधिक हुई है। अमित घोष ने 2030 तक कृषि में प्रदेश को उत्पादन के साथ-साथ उत्पादकता और निर्यात में भी अग्रणी बनाने का संकल्प दोहराया। इसके साथ ही, उन्होंने 2047 तक उत्तर प्रदेश को एआई और आईटी निर्यात शक्ति के रूप में स्थापित कर युवाओं को वैश्विक रोजगार के अवसर प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि नगर विकास के तहत पांच अंतरराष्ट्रीय स्तर के शहर विकसित किए जाएंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश को मेडिकल टूरिज्म और बायोटेक अनुसंधान के जरिए एक वैश्विक स्वास्थ्य केंद्र बनाने का लक्ष्य है। शिक्षा में प्रदेश को विश्व स्तरीय अनुसंधान और नवाचार का केंद्र बनाया जाएगा। पर्यटन के तहत ईको टूरिज्म और विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।नवाबगंज स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं से और पक्षी विहार के पर्यटन हॉल में किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों पर चर्चा की गई। इस मौके पर जिलाधिकारी गौरांग राठी, इस दौरान बीडीओ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोड़ा, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ अजय कुमार यादव, तहसीलदार अविनाश चौधरी, जीजीआईसी प्रधानाचार्या माधुरी लता, मनोज पांडेय सहित कई अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# अपनों को भूलने का कलंक और समिति की मिसाल



हमारे समाज में रिश्ते और संस्कार ही उसकी असली पूँजी माने जाते हैं। लेकिन बदलते समय और भौतिकतावाद की दौड़ में इंसान अक्सर अपनी जिम्मेदारियों को भुला बैठता है। इसका एक मार्मिक उदाहरण पीलीभीत के मुक्तिधाम परिसर में देखने को मिला, जहां लंबे समय से 51 दिवंगतों के अस्थि कलश रखे रहे, जिन्हें लेने तक उनके परिजन नहीं आए। यह केवल संवेदनहीनता नहीं, बल्कि उन मूल्यों का ह्रास है जिन पर हमारी संस्कृति गर्व करती आई है। श्राद्ध पक्ष के अवसर पर मुक्तिधाम सेवा समिति ने इन अस्थियों का विधिवत तर्पण और गंगा तट पर विसर्जन कराया। यह कार्य केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं था, बल्कि मानवीय करुणा और जिम्मेदारी का प्रतीक था। समिति ने परिजनों को कई बार याद भी दिलाया, लेकिन जब कोई आगे नहीं आया, तो उन्होंने सामूहिक रूप से यह जिम्मेदारी निभाई। यह पहल न केवल दिवंगत आत्माओं के प्रति सम्मान का उदाहरण है, बल्कि समाज को भी आईना दिखाने का काम करती है। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जो लोग अपनों की अंतिम स्मृति तक भूल जाते हैं, वे जीवन में रिश्तों की अहमियत कितनी समझते होंगे? हमारे शास्त्र और परंपराएं पितृपक्ष को पूर्वजों की स्मृति और कृतज्ञता का पर्व मानते हैं। तर्पण और पिंडदान केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि अपने वंश, परंपरा और संस्कारों के प्रति आभार प्रकट करने का माध्यम हैं। ऐसे में इस पवित्र अवसर पर भी परिवारजन की उदासीनता समाज के लिए चिंता का विषय है। मुक्तिधाम सेवा समिति जैसे संगठन आज उन मूल्यों को जीवित रखे हुए हैं, जिनकी नींव पर हमारा सामाजिक ढाँचा खड़ा है। उनका यह कार्य हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि कहीं हम आधुनिकता के नाम पर संवेदनाओं से तो खाली नहीं होते जा रहे। यदि रिश्ते केवल जीवन तक ही सीमित रह जाएं और मृत्यु के बाद स्मृति भी न रहे, तो यह हमारे लिए आत्ममंथन का विषय है। आज आवश्यकता इस बात की है कि परिवार, समाज और संस्थाएं मिलकर यह संकल्प लें कि किसी भी दिवंगत आत्मा को अकेला न छोड़ा जाए। पितृपक्ष केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि जीवन के उस सत्य को स्वीकार करने का समय है कि मृत्यु के बाद भी रिश्ते और कर्तव्य शेष रहते हैं। मुक्तिधाम सेवा समिति ने समाज को यही सिखाया है कि संवेदना और सेवा ही सच्चे धर्म हैं। यह घटना हमें चेतावनी देती है कि अगर हमने रिश्तों की जड़ों को नहीं सींचा, तो आधुनिकता की चकाचौंध में हमारी परंपराएं और संस्कार धूमिल हो जाएंगे।



मुकेश कुमार

# अगस्त में फिर बढ़ी खुदरा महंगाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 2.07 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 1.61 प्रतिशत थी। इसका मुख्य कारण सब्जियों, मांस और मछली की कीमतों में वृद्धि है। शुक्रवार की ओर से जारी सरकारी आंकड़ों में यह बात कही गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अगस्त 2024 में 3.65 प्रतिशत थी। लगातार नौ महीने तक घटने के बाद खुदरा महंगाई में एक बार फिर से इजाफा दिखा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2025 के दौरान वार्षिक मुद्रास्फीति अगस्त 2024 की तुलना में (-) 0.69 प्रतिशत थी। एनएसओ ने कहा, अगस्त 2025 के महीने के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से सब्जियों, मांस और मछली, तेल और वसा, व्यक्तिगत देखभाल और अंडे की मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण है। सरकार ने रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत पर बनी रहे, और दोनों तरफ 2 प्रतिशत का मार्जिन हो।

### नवंबर 2024 के बाद महंगाई दर में जारी थी गिरावट

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में नौ महीनों तक लगातार गिरावट के बाद मुद्रास्फीति में यह वृद्धि देखी गई है। नवंबर 2024 से इसमें गिरावट जारी थी। अगस्त 2024 में मुद्रास्फीति 3.65 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2025 में वार्षिक खाद्य मुद्रास्फीति (-) 0.69 प्रतिशत थी। एनएसओ ने कहा, अगस्त 2025 के महीने के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से सब्जियों, मांस और मछली, तेल और वसा, व्यक्तिगत देखभाल और अंडे की मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण है।

### ग्रामीण भारत में मुद्रास्फीति बढ़कर 1.69 हुई

ग्रामीण भारत में मुद्रास्फीति अगस्त में बढ़कर 1.69 प्रतिशत हो गई, जो जुलाई में 1.18 प्रतिशत थी। देश के शहरी इलाकों में यह क्रमिक आधार पर 2.1 प्रतिशत की तुलना में 2.47 प्रतिशत रही। राज्यों में सबसे अधिक मुद्रास्फीति केरल में 9.04 प्रतिशत तथा सबसे कम असम में (-0.66 प्रतिशत) रही। रिजर्व बैंक अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए, इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि अगस्त 2025 में साल-दर-साल सीपीआई मुद्रास्फीति में क्रमिक वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य और पेय पदार्थ खंड द्वारा संचालित थी, जो पिछले दो महीनों में प्रत्येक में अपस्फीति देखने के बाद, वर्ष भर पहले के स्तर की तुलना में सपाट थी।

### बारिश और बाढ़ के कारण कीमतों पर पड़ा असर

उन्होंने कहा कि कोर मुद्रास्फीति अगस्त 2025 में मामूली रूप से बढ़कर 4.3 प्रतिशत हो गई। यह पिछले महीने 4.2 प्रतिशत थी। नायर ने कहा, 卐आगे की ओर देखें तो खरीफ की बुवाई में अच्छे रुझान के बावजूद, अगस्त 2025 के अंत और सितंबर 2025 की शुरुआत में देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ से खरीफ फसल की पैदावार और इसके परिणामस्वरूप उत्पादन और कीमतें प्रभावित हो सकती हैं। सीपीआई आंकड़ों से पता चला कि अगस्त में आवास मुद्रास्फीति 3.17 प्रतिशत के मुकाबले 3.09 प्रतिशत रही। एनएसओ सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करते हुए चयनित 1,181 गांवों और 1,114 शहरी बाजारों से मूल्य डेटा एकत्र करता है।

## एनआईए अदालत ने पाकिस्तानी अधिकारी को किया तलब

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के खिलाफ आतंकी साजिश के मामले में चेन्नई की एक विशेष एनआईए अदालत ने अमीर जुबैर सिद्दीकी नामक पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी को समन जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें 15 अक्तूबर 2025 को सुबह 10:30 बजे पेश होने को कहा है। अमीर पहले कोलंबो स्थित पाकिस्तान हाई कमीशन में वीजा काउंसलर के पद पर कार्यरत थे। एनआईए के अनुसार, अमीर जुबैर सिद्दीकी भारत के खिलाफ आतंकी साजिश में शामिल थे। उन पर चेन्नई स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास और बंगलूरू स्थित इस्राइली वाणिज्य दूतावास में विस्फोट करने की साजिश रचने का आरोप है। बता दें कि ये पूरा मामला तब शुरू हुआ जब एक मई 2014 को 2.5 लाख रुपये की नकली भारतीय करेंसी आरोपी मोहम्मद सलीम से बरामद हुई। मामला 21 जून 2014 को एनआईए को सौंपा गया। मुख्य आरोपी साकिर हुसैन ने अदालत में अपना जुर्म कबूल कर लिया और उसे पांच साल की सजा हुई। 2018 में एनआईए ने अमीर जुबैर सिद्दीकी के खिलाफ पूरक चार्जशीट दाखिल की।

### दक्षिण भारत में हमले की योजना

मामले में एनआईए के अनुसार पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी अमीर जुबैर सिद्दीकी ने दक्षिण भारत के भीड़भाड़ वाले इलाकों में हमले की योजना बनाई थी। यह मामला सबसे पहले 28 अप्रैल 2014 को तमिलनाडु पुलिस की क्यू ब्रांच ने दर्ज किया था। इस दौरान श्रीलंकाई नागरिक मोहम्मद साकिर हुसैन को चेन्नई में गिरफ्तार किया गया, जो अमीर के निर्देश पर भारत आया था।

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे-राहुल गांधी जाएंगे एमपी नेताओं की लगेगी पाठशाला



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पूरे देश में संगठन को मजबूत बनाने में जुटी कांग्रेस पार्टी अब मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेताओं की पाठशाला लगाने जा रही है। गुजरात के बाद पार्टी मध्य प्रदेश में संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्षों को पार्टी की रीति-नीति और संगठन सृजन के गुर सिखाए जाएंगे। इसमें इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे,लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इस शिविर के लिए वरिष्ठ नेताओं से समय मांगा है। नेताओं की मंजूरी मिलने के बाद ही तिथि और स्थान तय हो जाएगा। लेकिन यह तय है कि यह प्रशिक्षण शिविर दीपावली के बाद यानी अक्टूबर माह के आखिरी सप्ताह या फिर नवंबर माह में होगा। दरअसल, कांग्रेस अपने जिलाध्यक्षों को पावरफुल बनाने के मकसद से इस तरह के ट्रेनिंग शिविर आयोजित कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी कई बार मंच से यह बात कह चुके हैं। पार्टी का प्रयास है कि जिले के निर्णय के मामले में जिलाध्यक्ष का निर्णय ही अंतिम हो। उन पर ऊपर से निर्णय न थोपे जाएं। चुनाव में टिकटों का निर्धारण भी इनकी अनुशंसा पर हो। प्रदेश कांग्रेस नेताओं का कहना है कि, कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध तरीके से इस तरह के कार्यक्रम चल रही है। पहले चरण में विधायकों की ट्रेनिंग हुई थी। अब इसके बाद जिला अध्यक्षों को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं को तैयार किया जाएगा। ट्रेनिंग में महत्वपूर्ण हिस्सा इस बात का होगा कि कैसे जनता तक मजबूत पहुंच हो। बूथ तक कैसे पार्टी का पूरा नेटवर्क मजबूती के साथ चुनाव तक जनता के मुद्दों को आवाज देता हुआ खड़ा रहे। दस दिनों के इस शिविर में प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के साथ बूथ की ताकत और कार्यकर्ताओं से व्यवहार हर विषय के बारे में बताया जाएगा। वहीं कांग्रेस पार्टी की गाइडलाइन पर काम करने के साथ आगे का एजेंडा भी बताया जाएगा। इसके अलावा मध्य प्रदेश के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए अलग से एजेंडा तैयार होगा। इस संगठन सृजन अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर पार्टी का संगठन तैयार करना है। वहीं सभी नेताओं को पार्टी की रीति नीति से भी अवगत करवाया जाएगा। सोशल मीडिया के इस्तेमाल की ट्रेनिंग के अलावा कार्यकर्ताओं को जोड़े रखने, उनसे समन्वय की भी ट्रेनिंग दी जाएगी।

### गुजरात जाएंगे राहुल, प्रदेश से नेता भी जाएंगे

संगठन सृजन के तहत कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर अभी गुजरात के जूनागढ़ में शुरू हुआ। यह दस दिनी शिविर बुधवार से शुरू होकर 20 सितंबर तक चलेगा। इसमें लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे। इस शिविर की तैयारियों को देखने के लिए मप्र कांग्रेस के प्रशिक्षण विभाग के पदाधिकारी जाएंगे। वे यहां व्यवस्था व प्रशिक्षण के विषय समझेंगे। गुजरात के बाद मप्र की बारी है।

## ट्रंप के टैरिफ से भारत को नुकसान, लोगों की नौकरियां जा रही हैं: शशि थरूर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



अमेरिका की ओर से लगाए गए शुल्कों का भारत पर असर पड़ा है और लोगों की नौकरियां जा रही हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को यह बात कही। थरूर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वे स्वभाव से अस्थिर हैं और कूटनीतिक व्यवहार के पारंपरिक मानकों का सम्मान नहीं कर रहे हैं। अमेरिका ने भारत से आयातित रूसी तेल पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसमें रूसी तेल खरीदने के लिए लगाया गया 25 प्रतिशत जुर्माना भी शामिल है। थरूर ने कहा कि भारत को टैरिफ के प्रभाव को कम करने के लिए निर्यात बाजारों में विविधता लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सूरत में रत्न व आभूषण कारोबार, समुद्री खाद्य और विनिर्माण क्षेत्र में 1.35 लाख लोगों की नौकरियां चली गई हैं। थरूर ने भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष उद्योग संगठन क्रेडाई द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में भारत-अमेरिका संबंधों और टैरिफ लगाने से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा, श्री ट्रम्प बहुत ही चंचल व्यक्ति हैं और अमेरिकी प्रणाली राष्ट्रपति को बहुत अधिक छूट देती है। ट्रंप के बारे में अपनी राय जारी रखते हुए थरूर ने कहा, हालांकि उनसे पहले 44 या 45 राष्ट्रपति हुए हैं, लेकिन किसी ने भी व्हाइट हाउस से इस तरह का व्यवहार नहीं देखा। कांग्रेस नेता ने ट्रम्प को हर पैमाने पर एक असामान्य राष्ट्रपति बताया और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति निश्चित रूप से राजनयिक व्यवहार के पारंपरिक मानकों का सम्मान नहीं करते हैं। थरूर ने कहा, मेरा मतलब है, क्या आपने कभी किसी विश्व नेता को खुलेआम यह कहते सुना है कि वह नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार है? ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। क्या आपने किसी विश्व नेता को यह कहते सुना है कि, ओह, दुनिया के सभी देश आकर मेरी पीठ चाटना चाहते हैं। उन्होंने कहा, क्या आपने किसी ऐसे विश्व नेता के बारे में सुना है जिसने मूलतः यह कहा हो कि भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाएं मृतप्राय हैं। मुझे इसकी परवाह नहीं कि वे दोनों एक साथ बर्बाद हो जाएं। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह की भाषा किसी भी सरकार के प्रमुख से कभी नहीं सुनी गई। कांग्रेस नेता ने कहा, इसलिए ट्रंप असामान्य हैं और मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि उनके व्यवहार से हमारे प्रदर्शन का आकलन न करें। टैरिफ के प्रभाव पर थरूर ने कहा कि सच्चाई यह है कि टैरिफ का भारत पर बहुत ही नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

### अमेरिकी बाजार में प्रवेश करना बहुत कठिन लग रहा

कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत के पास कमर कसने और आगे बढ़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा, हमें अमेरिकी बाजार में प्रवेश करना बहुत कठिन लग रहा है। और मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हम वास्तव में बातचीत कर रहे हैं, यह अच्छी तरह जानते हुए कि हमें अमेरिका तक पहुंच की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रारंभिक 25 प्रतिशत टैरिफ में कमी की संभावनाएं हैं।

## कार चालक ने किया सिपाही पर हमला

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

रॉन्ग साइड से आ रही एक कार को रोकने पर कार चालक ने कांस्टेबिल पर हमला कर दिया। इस हमले में कार चालक ने कांस्टेबिल के सिर पर ईंट से वार कर दिया। वार से कांस्टेबिल को गहरी चोट लगी है। कास्टेबल को अस्पताल में भर्ती कराना गया है। जानकारी के अनुसार, इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक कार चालक रॉन्ग साइड से जा रहा था। वहां ड्यूटी दे रहे एक कांस्टेबिल ने कार को रोका तो कार चालक कांस्टेबिल से बहस करने लगा। बहस इतनी बढ गई कि कार चालक ने कांस्टेबिल को पीटना शुरू कर दिया। कार चालक ने जमीन पर पडी ईंट उठाकर कांस्टेबिल के सिर पर दे मारा। घायल कांस्टेबिल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। कांस्टेबिल के सिर पर गहरा घाव लगा है। पुलिस ने कार चालक गौरव चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है।

## भाजपा द्वारा शिक्षक चुनाव की कार्ययोजना बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



भाजपा जिला एवं महानगर द्वारा नेहरू नगर स्थित कार्यालय पर मेरठ मंडल शिक्षक चुनाव की तैयारियों को लेकर संगठनात्मक कार्ययोजना बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष चैन पाल सिंह की प्रमुख उपस्थिति में किया गया। बैठक में बतौर मुख्य वक्ता भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल तथा बतौर अतिथि विधानपरिषद सदस्य (शिक्षक) श्रीचंद शर्मा शामिल हुए। बतौर मुख्य वक्ता क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक चुनाव भाजपा संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि शिक्षक समाज विचारधारा को गहराई से समझता है। संगठन का उद्देश्य केवल जीत दर्ज करना नहीं बल्कि शिक्षा जगत को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना है। सभी कार्यकर्ता यदि जिम्मेदारी से बूथ स्तर तक मेहनत करें, तो भाजपा निश्चित रूप से इस चुनाव में रिकॉर्ड जीत दर्ज करेगी। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि संगठन ने हमेशा शिक्षक चुनाव में अपनी सक्रिय भूमिका से बड़ी जीत दर्ज की है। पिछली बार भी भाजपा ने बड़े मार्जिन से विजय हासिल की थी। संगठन की यही अपेक्षा है कि कार्यकर्ता अभी से शिक्षक मतदाताओं तक पहुँचकर वोट बनवाने की मुहिम को धरातल पर और अधिक मजबूत करें। प्रत्येक शिक्षक मतदाता तक पहुँचने और संगठन की विचारधारा से उन्हें जोड़ने का संकल्प ही आगामी जीत की कुंजी है। बतौर अतिथि विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ताओं की कार्यकुशलता और अनुभव है। यही समर्पण भाजपा को निरंतर विजय दिलाता आया है। शिक्षक वर्ग की अपेक्षाओं को समझते हुए हमें बूथ स्तर तक संगठन की पकड़ और सशक्त करनी होगी। कार्यकर्ताओं का जोश और अनुशासन ही इस चुनाव को और सफल बनाएगा। जिलाध्यक्ष चैन पाल सिंह ने कहा कि शिक्षक चुनाव केवल एक राजनीतिक चुनाव नहीं बल्कि विचारधारा और शिक्षण समाज की आस्था का चुनाव है। कार्यकर्ता यदि एकजुट होकर शिक्षक मतदाताओं के बीच पहुंचें, तो निश्चित रूप से भाजपा की पुनः ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित होगी।

## दिल्ली के बाद अब बॉम्बे हाईकोर्ट को मिली बम की धमकी, जांच में कुछ भी नहीं मिला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मौके पर बम निरोधक दस्ता पहुंचा। पूरे परिसर को खाली कराया गया। चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। हालांकि, कड़ी जांच में कुछ भी नहीं मिला। इससे पहले पुलिस ने बताया कि बॉम्बे हाईकोर्ट प्रशासन को शुक्रवार दोपहर बम की धमकी वाला एक ईमेल मिला, जिससे अफरा-तफरी मच गई और सुनवाई स्थगित करनी पड़ी। ईमेल मिलने के बाद हाईकोर्ट परिसर को खाली करा लिया गया और तलाशी अभियान शुरू किया गया। एक अधिकारी ने बताया, धमकी भरा ईमेल बॉम्बे हाईकोर्ट के आधिकारिक ईमेल पते पर आया था, जिसमें इमारत में बम विस्फोट की चेतावनी दी गई थी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मी हाईकोर्ट पहुंचे और एहतियात के तौर पर सभी न्यायाधीशों, वकीलों, कर्मचारियों और आगंतुकों को परिसर खाली करने को कहा गया। अधिकारी ने आगे कहा, मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार इमारत को खाली करा लिया गया। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की मदद से तलाशी अभियान जारी है।

## पीएम मोदी ने लॉन्च किया ज्ञान भारतम पोर्टल प्राचीन पांडुलिपियों को मिलेगा डिजिटल जीवन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पांडुलिपि धरोहर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ज्ञान भारतम पोर्टल की शुरुआत की। ज्ञान भारतम एक डिजिटल मंच है, जिसका उद्देश्य भारत की प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण, डिजिटलीकरण और उनके पारंपरिक ज्ञान का प्रचार-प्रसार करना है। इस सम्मेलन का विषय पांडुलिपि धरोहर के माध्यम से भारत की ज्ञान परंपरा की पुनर्प्राप्ति है, जो कि 11 से 13 सितंबर तक संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया है।

### क्या है ज्ञान भारतम पोर्टल?

बता दें कि ज्ञान भारतम एक डिजिटल गेटवे के रूप में काम करेगा, जो भारत के प्राचीन ज्ञान को दुनिया के सामने लाने में मदद करेगा। इसके तहत पूरे देश में फैली एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियों को चिन्हित कर उन्हें डिजिटाइज, संरक्षित और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाएगा।ये पांडुलिपियाँ विश्वविद्यालयों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहों में रखी गई हैं।

## यूपी एसटीएफ ने ऑनलाइन ठगी के गैंग का किया भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार, 25.60 लाख कैश बरामद

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स नोएडा यूनिट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद के आवास विकास परिषद क्षेत्र अंतर्गत गौर सिद्धार्थम सोसाइटी में छापेमारी कर ऑनलाइन ठगी के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस ऑपरेशन में एसटीएफ ने बिहार के रहने वाले एक गैंग के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान उनके कब्जे से 25 लाख 60 हजार रुपये नकद, नोट गिनने की मशीन और 100 से ज्यादा खाता के प्रपत्र बरामद किए गए हैं, जिनका इस्तेमाल ठगी के पैसे को ट्रांसफर करने के लिए किया जाता था। एसटीएफ को किसी मामले के विवेचना के कर्मी जानकारी होने के बाद यह कार्रवाई की है। जांच में पता चला कि यह गैंग संगठित तरीके से ऑनलाइन ठगी को अंजाम दे रहा था। गैंग के सदस्य फर्जी बैंक अकाउंट्स के जरिए ठगी के पैसे को इधर-उधर ट्रांसफर करते थे। हैरानी की बात यह है कि इन फर्जी अकाउंट्स को एच डी एफ सी बैंक और बंधन बैंक के दो मैनेजरों द्वारा कमीशन के आधार पर उपलब्ध कराया जाता था। दोनों बैंक मैनेजर इस मामले में वांटेड हैं और उनकी तलाश जारी है। एसटीएफ की इस कार्रवाई ने ऑनलाइन ठगी के नेटवर्क की गहरी जड़ों को उजागर किया है, जिसमें बैंक कर्मचारियों की संलिप्तता भी सामने आई है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विजयनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की गहन जांच की जा रही है। एसटीएफ ने बताया कि इस गैंग के तार बिहार के अलावा अन्य राज्यों से भी जुड़े हो सकते हैं, जिसकी जांच जारी है।

## अनिल अग्रवाल समेत 6 लोगों पर फर्जी दानपत्र का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

सिहानी गेट थाने में पूर्व राज्यसभा भाजपा सांसद अनिल अग्रवाल सहित 6 लोगों के खिलाफ फर्जी दानपत्र के जरिए जमीन हड़पने का मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की गई है। आरोप है कि इन लोगों ने राजस्थान के एक निवासी की जमीन को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एक ट्रस्ट के नाम करा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि अनिल अग्रवाल और उनके सहयोगियों ने मिलकर धोखाधड़ी से उनकी जमीन को ट्रस्ट के नाम कर लिया। इसके लिए फर्जी दानपत्र तैयार किया गया, जिसमें शिकायतकर्ता की सहमति का कोई आधार नहीं था। मामला सामने आने के बाद पीड़ित ने कोर्ट का रुख किया, जिसके बाद अदालत ने सिहानी गेट थाने को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दानपत्र से संबंधित दस्तावेजों में अनियमितताएं पाई गई हैं। अनिल अग्रवाल और अन्य पांच आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब दस्तावेजों की गहन जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश में है कि इस फर्जीवाड़े में और कौन-कौन शामिल हो सकता है। यह मामला गाजियाबाद में चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि इसमें एक पूर्व सांसद का नाम शामिल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के मामले जमीन से जुड़े विवादों और धोखाधड़ी की बढ़ती प्रवृत्ति को उजागर करते हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच निष्पक्ष होगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)